

21:05:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 137 epaper.rashtriyakhabar.com ज्योष्ठ, शुक्लपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

एकमेवाक्षरं यस्तु गुरुः शिष्यं प्रबोधयेत्।
पृथिव्यां नास्ति तद्द्रव्यं चाऽनृणी भवेत्॥

भावार्थ : जो गुरु अपने शिष्य को एक अक्षर ऊँ अर्थात् परमेश्वर का ठीक से ज्ञान करवा देता है, उस गुरु के ऋण से शिष्य मुक्त नहीं हो पाते। संसार में ऐसा कोई पदार्थ नहीं, जिसे गुरु को समर्पित करके शिष्य गुरु के ऋण से मुक्त हो सके।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 40.00 °c | 25.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.25 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05.05 बजे

## दो हजार रुपये की नोटबंदी एक अरब भारतीयों को धोखा : ममता

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दो हजार रूपयों की नोटबंदी एक अरब भारतीयों के लिए एक अरब डॉलर का धोखा है और तुगलकी विमुद्रीकरण का यह नया ड्रामा आम लोगों को फिर से मुश्किल में डाल देगा। सुश्री बनर्जी ने अपने ट्विटर हैंडिल पर कहा , ये नाटकीय उपाय इस सरकार के मूल रूप से जनविरोधी और पूंजीवादी प्रकृति को छिपाने के लिए हैं। एक कुलीनतंत्र और निरंकुश सरकार के ऐसे दुस्साहस को बड़े पैमाने पर लोग नहीं भूलेंगे। उन्होंने कहा , जागो मेरे प्यारे भाइयों और बहनों। नोटबंदी के कारण हमने जो पीड़ा झेली है, वह भूला नहीं जा सकता और जिन्होंने उस पीड़ा को भड़काया, उन्हें क्षमा नहीं किया जाना चाहिए।

## पतंजलि कंपनी को कानूनी नोटिस

**हरिद्वार :** बाबा रामदेव की पतंजलि कंपनी को अपने डेंटल केयर प्रोडक्ट में नॉन वेजिटेरियन पदार्थ का इस्तेमाल करने पर लीगल नोटिस भेजा गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि कंपनी अपने दिव्य दंत मंजन में 'समुद्र फेन' (कटलफिश) नाम का मांसाहारी पदार्थ यूज करती है। नोटिस में यह भी बताया गया है कि नॉन वेजिटेरियन पदार्थ के इस्तेमाल के बावजूद उस प्रोडक्ट पर ग्रीन यानी वेजिटेरियन लेबल दिया गया है। पतंजलि को ये लीगल नोटिस एडवोकेट शाशा जैन ने भेजा है। इस नोटिस में कंपनी से 15 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। ट्विटर पर शेयर किए पोस्ट में शाशा ने 'दिव्य दंत मंजन' और उसमें इस्तेमाल किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स की फोटो भी शेयर की है। श्री शाशा ने कहा, यह हमारे समुदाय और अन्य शाकाहारी समुदायों की भावनाओं को आहत करने वाला है।

## आशियाना हाउसिंग मामले में शहबाज शरीफ निर्दोष :एनएबी

लाहौर: पाकिस्तान की राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने शनिवार को आशियाना हाउसिंग मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को ह्यनिर्दोषह्व घोषित किया और साथ ही कहा कि इस योजना के ठेके में भ्रष्टाचार का कोई सबूत नहीं मिला। जवाबदेही ब्यूरो द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय खजाने को कोई नुकसान नहीं हुआ और न ही श्री शहबाज को परियोजना से कोई वित्तीय लाभ मिला। भ्रष्टाचार रोधी निकाय की रिपोर्ट में पाया गया, यह बिना किसी संदेह के साबित हो गया है कि खजाने को कोई नुकसान नहीं हुआ है। 'जियो न्यूज' ने एनएबी की रिपोर्ट के हवाले से कहा, कि शहबाज शरीफ के खिलाफ शक्तियों के दुरुपयोग का कोई सबूत नहीं मिला। रिपोर्ट में बताया गया कि श्री शहबाज ने कानून के मुताबिक आशियाना मामले को भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था के पास भेजा था। रिपोर्ट के मुताबिक, जवाबदेही अदालत को शहबाज शरीफ की याचिका पर कानून के अनुसार फैसला करना चाहिए।

## सीबीआई के सामने पेश हुए अभिषेक

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी शनिवार को राज्य सरकार की ओर से सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती घोटाले में पूछताछ के लिए यहां के निजामा पैलेस स्थित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के दफ्तर पहुंचे। सीबीआई ने इस मामले में पूछताछ के लिए श्री मुखर्जी को तबल किया था। इससे पहले श्री मुखर्जी ने शुक्रवार को उन्हें (श्री मुखर्जी) को गिरफ्तार करने की चुनौती दी थी। उल्लेखनीय है कि श्री बनर्जी 25 अप्रैल से' तृणमूल नबो ज्वार' के हिस्से के रूप में दो महीने तक चलने वाली 'जोनो संजोग यात्रा' हैं। सीबीआई द्वारा तबल किए जाने के कारण श्री बनर्जी को 'जोनो सोनजोग यात्रा' को बीच में रोकना पड़ा और शुक्रवार रात तक कोलकाता लौटना पड़ा।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**समारोह** › खडगे पुत्र प्रियांक खडगे भी शामिल हुए नये कैबिनेट में

# सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार ने पद की शपथ ली

- डीके शिव कुमार प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे
- नये कैबिनेट में जातिगत समीकरण पर ध्यान
- विपक्षी दलों के कई नेता भी हुए इसमें शामिल

राष्ट्रीय खबर



**बेंगलुरु:** श्री सिद्धारमैया शनिवार को यहां कर्नाटक के मुख्यमंत्री और श्री डीके शिवकुमार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने श्री कांतीरवा स्टेडियम में एक मेगा शपथ ग्रहण समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। पचहत्तर वर्षीय श्री सिद्धारमैया का 2013 के अपने पहले पांच साल के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री के रूप में यह दूसरा कार्यकाल है, जबकि 61 वर्षीय शिवकुमार ने पहले श्री सिद्धारमैया के अधीन मंत्री के रूप में काम किया था। श्री शिवकुमार 2024 के लोकसभा चुनाव तक कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष भी बने रहेंगे। श्री सिद्धारमैया और श्री शिवकुमार के साथ आठ विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इन मंत्रियों के नाम हैं, जी परमेश्वर (एससी), केएच मुनियप्पा (एससी), केजे जॉर्ज (अल्पसंख्यक-ईसाई), एमबी पाटिल (लिंगायत), सतीश जारकीहोली (एसटी-वाल्मीकि), प्रियांक खड़गे (एससी), रामलिंगा रेड्डी (रेड्डी), और बीजेड जमीर अहमद खान (अल्पसंख्यक-मुस्लिम)।

मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के बाद श्री सिद्धारमैया के सामने सबसे पहला चुनौतीपूर्ण काम सभी समुदायों, क्षेत्रों, गुटों और विधायकों की पुरानी और नई पीढ़ी के प्रतिनिधियों को लेकर मंत्रिमंडल का गठन करना है। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने शिरकत की। समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे भी शामिल हुए। इसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री

›› पेज 2 भी देखें

### भ्रष्टाचार मुक्त सरकार पांच गारंटियों को पूरा करेगी: राहुल

बेंगलुरु : कर्नाटक में कांग्रेस नेता सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के क्रमशः मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि राज्य में पार्टी एक स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देगी तथा पार्टी के घोषणापत्र में किए गए पांच वादों को पूरा करेगी। श्री गांधी ने कहा, हम आपको एक स्वच्छ, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देंगे। मैंने कहा था कि हम झूठे वादे नहीं करते। हम जो कहते हैं वह करते हैं। एक से दो घंटे में कर्नाटक सरकार की पहली कैबिनेट बैठक होगी और इन पांच वादों (5 गारंटी) को पूरा करने में कानून बन जाएगा। फाइव जी हैं : 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, गरीब परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपये प्रति माह, महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा, स्नातक पास छात्रों के लिए 3,000 रुपये और डिप्लोमा धारी छात्रों के लिए 1,500 रुपये दो साल तक बेरोजगार भत्ता और गरीबी रेखा (बीपीएल) के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को 10 किलो मुफ्त चावल देना है। जानकारों के मुताबिक, इन 5जी से सरकारी खजाने पर सालाना 60,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव जीता क्योंकि पार्टी गरीबों, दलितों और आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के साथ खड़ी थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पार्टी के पास सच्चाई थी और इसलिए चुनाव जीता, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास पैसा, पुलिस और सब कुछ था, लेकिन कर्नाटक के लोगों ने उन्हें हरा दिया। उन्होंने कहा, इस जीत का एक कारण यह था कि कांग्रेस गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के साथ खड़ी थी। सच्चाई हमारे साथ थी। आप सभी ने भाजपा की नफरत को हरा दिया है। आपने भाजपा के भ्रष्टाचार को हरा दिया है। भाजपा के पास बेशुमार दौलत थी और हमारे पास कुछ नहीं था। इसलिए हम दिल से कर्नाटक के लोगों का शुक्रिया अदा करते हैं।

भारी बारिश और भूस्खलन में फंसे

## 500 से अधिक पर्यटकों को भारतीय सेना ने बचाया



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी:** भारतीय सेना ने 19 मई को उत्तरी सिक्किम के चुंगथांग में मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और सड़कें बाधित होने के कारण फंसे 500 से अधिक पर्यटकों को बचाया। लगभग 500 पर्यटक लाचुंग और लाचेन घाटी की यात्रा कर रहे थे लेकिन क्षेत्र में भारी बारिश के बाद भूस्खलन और सड़क ब्लॉक का सामना करना पड़ा।

त्रिशक्ति कोर भारतीय सेना के जवानों ने कार्रवाई की और फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया। फंसे हुए पर्यटकों जिनमें 216 पुरुष, 113 महिलाएं और 54 बच्चे शामिल थे, को तीन अलग-अलग सेना शिविरों में ले जाया गया और उन्हें गर्म भोजन और गर्म कपड़े प्रदान किए गए। सैनिकों ने पर्यटकों को समायोजित करने और उन्हें रात के लिए आरामदायक बनाने के लिए अपने बैरकों को खाली कर दिया। बचाए गए पर्यटकों के स्वास्थ्य की जांच के लिए तीन मेडिकल टीमों का गठन किया गया था। सेना की मेडिकल टीम द्वारा प्रारंभिक चिकित्सा जांच में सभी पर्यटकों की हालत स्थिर पाई गई। हालांकि 20 मई को, एक महिला जो दिन के दौरान गुरुडोगमार झील गई थी ने गंभीर सिरदर्द और चक्कर आने की शिकायत की। पास के फील्ड अस्पताल की महिला चिकित्सा अधिकारी सहित मेडिकल टीम ने स्थान पर पहुंचकर एक्यूट माउंटेन सिकनेस (एएमएस) के लक्षणों का पता लगाया। उसे तत्काल चिकित्सा देखभाल प्रदान की गई और उसे मेडिकल अस्पताल में आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया। सुबह तक वह स्थिर थी। सैनिकों की त्वरित प्रतिक्रिया ने किसी भी अप्रिय दुर्घटना को टाल दिया और फंसे हुए पर्यटकों के लिए आराम सुनिश्चित किया। इस बीच, जल्द से जल्द वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क को खाली करने का प्रयास किया जा रहा है। पर्यटकों को उनकी आगे की यात्रा के लिए रास्ता साफ होने तक हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

अफसरों पर भी कब्जा छोड़ना नहीं चाहती है भाजपा

# दिल्ली के लिए नया अध्यादेश जारी हुआ



राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** अब यह स्पष्ट हो गया है कि सुप्रीम कोर्ट के साफ आदेश के बाद भी भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में पदस्थापित अफसरों के जरिए अपना हित साधना चाहती है। इसी वजह से दिल्ली के अफसरों के तबादले पर राज्य सरकार के अधिकार का फैसला आने के बाद ही केंद्र सरकार ने एक विशेष अध्यादेश जारी किया, जिसमें उप राज्यपाल को अंतिम मध्यस्थ बनाया गया है। इससे साफ है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार जो कुछ करना चाहती थी, उसे रोका गया है। वैसे कानून के जानकार इसे नैतिक तौर पर गलत मानते हैं। केंद्र ने एक अध्यादेश के माध्यम से पोस्टिंग और स्थानांतरण पर निर्णय लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण बनाया है। इसके सदस्यों में मुख्यमंत्री, जो प्राधिकरण के अध्यक्ष होंगे, मुख्य सचिव और प्रमुख गृह सचिव शामिल होंगे। यानी यहां पर भी केंद्र सरकार अपना नियंत्रण कायम रखना चाहती है। इससे यह भी साफ हो गया है कि दिल्ली सरकार के काम काज को रोकने में वहां तैनात अधिकारियों की भी भूमिका रही है, जो अब धीरे धीरे साफ होता जा रहा है। अध्यादेश के मुताबिक प्राधिकरण द्वारा तय किए जाने वाले सभी मामले उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत से तय किए जाएंगे। मतभेद की स्थिति में उपराज्यपाल का निर्णय अंतिम होता है। अध्यादेश को संसद के दोनों सदनों में पारित कराना होगा। राज्यसभा में भाजपा के पास संख्याबल कम है, जहां विपक्षी पार्टियां इस मुद्दे पर एकजुट हो सकती है। इससे पहले आज सेवा सचिव आशीष मोरे के तबादले से संबंधित फाइल को मंजूरी देने में देरी को लेकर दिल्ली के

›› पेज 2 भी देखें

## तुर्की की राजधानी में भीषण तूफान का प्रकोप नजर आया



https://twitter.com/GuruOfNothing69/status/1658932091197833217

**अंकारा :** तुर्की की राजधानी अंकारा में जबर्दस्त तूफान से पूरा जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। तूफान के समाप्त होने के बाद वहां की सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो गया। इसमें एक सोफा को काफी ऊंचाई से नीचे गिरते हुए देखा गया है। तूफान से उबरने के बाद स्थानीय लोगों ने इस वीडियो के मजे लिये। हवा में काफी ऊंचाई पर उड़ते हुए सोफा का यह वीडियो ट्विटर पर शेयर किया गया था। बाद में अनेक लोगों ने इसे अपने परिचितों तक भेजा। जिस कारण यह सूचना तेजी से पूरी दुनिया में फैलती चली गयी। वैसे पता चला है कि गत 17 मई को अंकारा, में आए एक बहुत बड़े तूफान के कारण हवा में उड़ने वाले फर्नीचर की एक क्लिप ऑनलाइन वायरल हो गई है। सोफा को जिस तरीके से उड़ते हुए दिखाया गया है, उससे साफ हो जाता है कि इस तूफान की ताकत कितनी थी।

अल कायदा के आतंकवादियों ने पश्चिम अफ्रीका में कैद कर लिया था

## सात साल पहले बंदी बनाया गया ऑस्ट्रेलियाई डाक्टर रिहा



राष्ट्रीय खबर

**नैरोबी:** पश्चिम अफ्रीका में सात साल से अधिक समय से अल-कायदा के आतंकवादियों द्वारा बंदी बनाए गए एक 88 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई डॉक्टर को रिहा कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री ने कहा कि डॉ केनेथ इलियट सुरक्षित और स्वस्थ हैं और अपने परिवार के साथ फिर से मिल गए हैं। उन्हें और उनकी पत्नी को 2016 में माली और बुर्किना फासो की सीमा के पास से जब्त कर लिया गया था, जहां उन्होंने 40 से अधिक वर्षों तक एक क्लिनिक संचालित किया था। इस्लामिक मघरेब में अल-कायदा ने उस समय कहा था कि उसने जोड़े का अपहरण कर लिया था। समूह ने सार्वजनिक दबाव के बाद तीन सप्ताह के बाद अपनी पत्नी जैकलीन को रिहा कर दिया और युद्ध में महिलाओं को शामिल नहीं करने के लिए अपने नेताओं से मार्गदर्शन के रूप में वर्णित किया। उनके परिवार ने एक बयान में कहा, 88 साल की उम्र में और घर से कई साल दूर रहने के बाद डॉ. इलियट को अब आराम करने और ताकत के पुनर्निर्माण के लिए समय और गोपनीयता की जरूरत है। हम आपकी समझ और सहानुभूति के लिए धन्यवाद देते हैं। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने स्वीकार किया कि डॉक्टर इलियट और उनके परिवार ने सबसे कठिन परिस्थितियों के माध्यम से लचीलापन दिखाया था। उन्होंने एक बयान में कहा, हम ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने डॉक्टर इलियट

›› पेज 2 भी देखें

## मैक्रों और जेलेंस्की से मिले नरेंद्र मोदी



**हिरोशिमा (जापान) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेन्स्की से द्विपक्षीय मुलाकात की और रूस यूक्रेन के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत एवं कूटनीतिक प्रयासों को भारत का समर्थन एवं यूक्रेन के लोगों को मानवीय सहायता देने की बात दोहरायी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने यहां श्री जेलेन्स्की के मुलाकात के बाद ट्वीट किया, हिरोशिमा में राष्ट्रपति जेलेन्स्की से मुलाकात की। हमने आगे का रास्ता खोजने के लिए बातचीत और कूटनीति के लिए भारत के स्पष्ट समर्थन से अवगत कराया। हम यूक्रेन के लोगों को मानवीय सहायता देना जारी रखेंगे। श्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्राँ के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। नेताओं ने क्षेत्रीय विकास और वैश्विक चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने व्यापार और आर्थिक क्षेत्रों में सहयोग, नागरिक उड्डयन, नवीकरणीय, संस्कृति, रक्षा क्षेत्र में सह-उत्पादन और विनिर्माण, साथ ही असैन्य परमाणु सहयोग के अलावा नए क्षेत्रों में भी साझीदारी का विस्तार करने पर सहमति जतायी। श्री मोदी ने उन्हें 14 जुलाई को बैस्टिल दिवस के लिए सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए राष्ट्रपति श्री मैक्रों को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने भारत की जी-20 अध्यक्षता के लिए फ्रांस के समर्थन के लिए भी राष्ट्रपति श्री मैक्रों का आभार जताया।

**कार्यकुशल** › इंजीनियरिंग की दिशा और दशा बदल देगी नई तकनीक

# थ्री डी प्रिंटिंग का लाभ हर काम में होगा

- मेडिकल और भवन निर्माण में सफल साबित
- अब आइसक्रीम भी तैयार किया जा चुका है
- यह असंभव पदार्थों का भी निर्माण करेगी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** विज्ञान की दृष्टि से थ्री डी प्रिंटिंग एक नई तकनीक है। इसमें निरंतर सुधार भी हो रहा है। लेकिन इसने साबित कर दिया है कि वह पारंपरिक इंजीनियरिंग तकनीक से अधिक कार्यकुशल है। इतना ही नहीं वह नये पदार्थों को तैयार करने में भी सक्षम हो रहा है। इसके अलावा जो संरचनाएं कई सौ वर्षों की प्राकृतिक प्रक्रिया में समुद्र के अंदर बनती थी, यह थ्री डी तकनीक उन्हें भी सफलतापूर्वक बहुत कम समय में पूरा कर सकता है। इसी वजह से यह स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरणीय स्थिरता के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स और बायोमेडिकल उपकरणों के लिए तत्काल आवश्यक नई तकनीकों के विकास को बाधित करता है। नोट्रेडेम विश्वविद्यालय में एयरोस्पेस और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर यानलियांग झांग ने कहा, आमतौर पर एक नई सामग्री की खोज में 10 से 20 साल लगते हैं। इसलिए हमलोगों ने सोचा कि अगर हम उस समय को एक वर्ष से भी कम समय तक कम कर सकते हैं - या कुछ महीने भी - यह नई सामग्री की खोज और निर्माण के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव होगा।

अब झांग ने ठीक वैसा ही किया है, एक नई 3डी प्रिंटिंग विधि का निर्माण किया है जो सामग्री को ऐसे तरीके से तैयार करती है जो पारंपरिक निर्माण से

›› पेज 2 भी देखें

गुजरात के जंगलों में पांच हजार साल की सभ्यता पाई गई

# घने जंगलों में इलाके के पहरेदार हैं जंगली भालू

- वन विभाग की टीम ट्रैकिंग के लिए गयी थी
- ज्यादा अंदर नहीं जा पाये क्योंकि भालू था
- गूफा के अंदर के चित्र अब भी बरकरार हैं

राष्ट्रीय खबर



**अहमदाबाद:** गुजरात के देवगढ़ बैरिया वन क्षेत्र का अत्यधिक ऐतिहासिक महत्व बढ़ गया है। पूर्व में इस वन एवं आस-पास के क्षेत्रों में मध्य पाषाण काल के अनेक पुरातत्व अवशेष प्राप्त हुए हैं। उसी देवगढ़ बैरिया में 5000 साल पुरानी सभ्यता को फिर से खोजा गया। देवगढ़ बैरिया जंगल भालू के लिए प्रसिद्ध है। दरअसल वहां अधिक भालू होने की वजह से ही लोगों का वहां कम आना जाना होता है। शायद इसी वजह से इस इलाके में छिपी यह प्राचीन सभ्यता लोगों की नजरों से अब तक ओझल रह गयी। अब चित्रों से पता चला है कि यह जंगल और आसपास का इलाका ऐतिहासिक संस्कृति और सभ्यता

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## दर्जनों नेताओं ने थामा झामुमो का दामन

रांची: सिमडेगा जिला से विभिन्न दलों के दर्जनों नेताओं ने शनिवार को रांची के हरमू कार्यालय में झामुमो का दामन थामा। पार्टी के केंद्रीय महासचिव बिनोद पांडेय ने नेताओं को झामुमो की सदस्यता दिलाई।सुनील सुरीन, पूर्व पंचायत समिति सदस्य, पंचायत बंगरू सिमडेगा सह प्रवक्ता, झारखण्ड पार्टी (एनोस गुट), रैमन बा, पूर्व प्रमुख, पाकरटांड सह वर्त्तमान पंचायत समिति सदस्य आसनबेड़ा सह कॉंग्रेस जिला महासचिव, सिमडेगा सह अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो उपाध्यक्ष।श्रीमती तारामणि सोरेंग, सिमडेगा जिला सचिव, कॉंग्रेस, सह प्रमुख बांसजोर प्रखण्ड। सुश्री रोशनी कुल्लू, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह वर्त्तमान मुखिया तरगा पंचायत, बांसजोर, जिला सिमडेगा।

शपथग्रहण

### नीतीश-ममता सहित विपक्ष के कई नेता दिखे साथ

# सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन

राष्ट्रीय खबर



रांची: सीएम हेमंत सोरेन कर्नाटक के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रांची से चार्टर्ड प्लेन से बेंगलुरु पहुंचे। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के बाद से ही पूरे विपक्ष में नया जोश दिख रहा है। इसी एकता को एक मंच पर दिखाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए हेमंत सोरेन को आमंत्रित किया गया था। हेमंत सोरेन के अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी भी इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कांग्रेस नेता दीपिका पांडे सिंह भी बेंगलुरु पहुंचे हैं।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी को सिद्धारमैया और डीके शिव कुमार खुद शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित करने गए थे। वे भी इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए हैं। सूत्रों के अनुसार आज हो रहे शपथ ग्रहण में कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामलिंगा रेड्डी, सतीश जराकीहोली, डॉ। जी परमेश्वर, केएच मुनियप्पा, एमबी पाटिल, केजे जॉर्ज और जमीर अहमद भी मंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कंटीरवा स्टेडियम में किया गया है।कर्नाटक की जीत केवल कांग्रेस के लिए अहम नहीं है। इस जीत से बीजेपी के खिलाफ राजनीति करने वाले सभी दलों में उत्साह है। विपक्षी पार्टियां कांग्रेस की इस जीत को लोकसभा चुनाव से भी जोड़कर देख रही है। हेमंत सोरेन ने कहा कि देश को तोड़ने वाली पार्टी की हार हुई है। आरजेडी नेता सह बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि बीजेपी की हार की शुरूआत हो गई है। जनता उनके झूठे वादों से त्रस्त है। उसी का नतीजा कर्नाटक में कांग्रेस की जीत है। वहीं विपक्षी एकजुटता कवायद करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी इसे बीजेपी के खिलाफ बड़ी जीत बताया है। कहा कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी की हार तय है।

## 2 हजार रुपए की नोटबंदी सीधे तौर पर कर्नाटक चुनाव का असर

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा 2 हजार रुपए के नोटबंदी की घोषणा 8 नवम्बर 2016 के भूत का खौफ दुबारा लौट कर आया है,वह भी कर्नाटक चुनाव के ठीक बाद।2016 से अब तक प्रधानमंत्री को क्लीनिंग की याद नहीं आई थी जबकि देश में आम चुनाव से लेकर कई चुनाव सम्पन्न हो गये हैं।2 हजार रुपए की नोटबंदी सीधे तौर पर कर्नाटक चुनाव का असर है।प्रदेश कांग्रेस महासचिव ने कहा 8 नवम्बर 2016 को 5 सौ और एक हजार के नोट को प्रतिबंधित कर दिया गया था उसका हश्र देश ने देखा,किस प्रकार जीडीपी ग्रोथ रेट 8.2 प्रतिशत से घटकर 4.1 प्रतिशत आधी हो गई थी,35 लाख नौकरियां तुरंत खत्म हो गये थे,करोड़ों कारखाने व लघु मध्यम उद्योग बंद हो गये, जानें गईं थीं सो अलग।काले धन पर प्रहार की बात कही गई थी जबकि 99 प्रतिशत पैसे बैंक में वापस आया था.गये थे,मात्र 16 हजार करोड़ रुपए आरबीआई के पास वापस नहीं आये थे जबकि 21 हजार करोड़ रुपए नई नोट छापने में लग गए थे,टेरर फंडिंग रोकने का दावा किया गया था जो कि धड़ल्ले से जारी है,नकली नोट बंद तो नहीं हुए बल्कि 300 करोड़ नकली नोट पकड़े गए हैं। नोटबंदी में चौथा फायदा बताया गया कि कैश का चलन खम होगा। अर्थव्यवस्था में नवम्बर 2016 में 17 करोड़ 74 लाख करोड़ कैश था जबकि आज के दिन 37 लाख करोड़ रुपए कैश में हैं जो कि डबल से भी अधिक है।आलोक दूबे ने कहा दो हजार का नोट प्रचलन में लाना ही गलत और अविवेकपूर्ण फैसला था जिस फैसले को आज वापस लिया गया।

### राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारियां शुरू

# राष्ट्रपति के आगमन पर दो किलोमीटर रेड जोन घोषित, सुरक्षा में तैनात रहेगी 2 हजार फोर्स

राष्ट्रीय खबर



रांची: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तीन दिवसीय (24-26मई) झारखंड दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त रहेगी। 24 मई को देवघर के बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना का क्रार्यक्रम प्रस्तावित है। देवघर दौरे के दौरान देवघर एयरपोर्ट, पांडेय मोड़। कुंडा मोड़, टावर चौक, बाबा बैघनाथ मंदिर और सर्किट हाउस देवघर के 2 किलोमीटर परिधि क्षेत्र को अस्थायी रुप से दो दिन (23 और 24) के लिये रेड जोन घोषित किया गया है। कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के रेड जोन में ड्रोन और यूएभीएस नही चलायेगा। ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। देवघर में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर 2000 हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है।मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति सबसे पहले दिल्ली से विशेष विमान से देवघर पहुंचेंगी। इसके बाद झारखंड उच्च न्यायालय के धुर्वा में बनकर तैयार नए भवन का उद्धाटन करेंगी। 25 मई को राष्ट्रपति खूंटी में आयोजित होनेवाले महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगी। इसके अलावे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफारमेशन टेक्नोलॉजी (ट्रिपल आईटी) के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी।राष्ट्रपति की सुरक्षा में 5400 जवानों की ड्यूटी लगाई गई हैं। रांची में 2500, देवघर में 2000 और खुंटी में 900 अतिरिक्त जवानों की तैनाती रहेगी। इसमें रैपिड एक्शन पुलिस भी शामिल रहेगे। इसके अलावे डीआईजी, एसपी, डीएसपी रैक के अधिकारी भी तैनात रहेगे। त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे के बीच राष्ट्रपति कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति गुजरने वाले रास्ते में पड़ने वाले छतों पर भी पुलिसकर्मी तैनात होंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर 24 मई को झारखंड आयेंगी। वे 24 से 26 मई तक झारखंड में रहेंगी। उनके कार्यक्रम की सूचना मिलने के बाद सरकार और प्रशासन ने तीन जिलों देवघर, खूंटी और रांची में तैयारियां शुरू कर दी है। ईस्टर्न एयर कमांड के सीनियर मेंटनेंस स्टाफ देवेंद्र श्रीवास्तव आज बाबा मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में अहले सुबह पूजा करने के बाद मंदिर की भौगोलिक स्थिति व अलग-अलग जगहों को देखकर रिपोर्ट तैयार की।राष्ट्रपति 24 मई को एयरफोर्स के विमान से सुबह सात बजे नयी दिल्ली से रवाना होंगी और सुबह 8:55 बजे देवघर पहुंचेंगी।

# राज्य के वर्तमान की तस्वीर,खतरनाक भविष्य का संकेत: सुदेश महतो

राष्ट्रीय खबर



रांची: झारखंड के वर्तमान की जो तस्वीर है, वह भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है। राज्य में चौतरफा अराजकता का माहौल है। जनादेश छला गया है। अब चुप बैठने का समय नहीं है। धोखेबाज और निकम्मी हुकूमत की आंखों में आंखे डालकर हिसाब लेने का समय आ चुका है। झारखंड की बड़ी आबादी के हितों के लिए हमने वही सवाल उठाए हैं, जिन्हें पूरे करने के वादे पर वर्तमान हुकूमत राज कर रही है। उक्त बातें झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू,रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कही।बिजली की चरमराई हालत पर उन्होंने कहा कि लचर सिस्टम और कमजोर नेतृत्व के कारण राज्य में यह स्थिति उत्पन्न हुई है। सरकार की अस्पष्ट कार्य योजना और तैयारियों के अभाव के कारण आम जनमानस को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। पढ़ाई-लिखाई, खेती-सिंचाई, व्यापार, इलाज सभी पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सरकारी सिस्टम के तौर-तरीके तथा सरकार की नीतियों को गौर करें तो यह साफ-साफ दिखता है कि साढ़े तीन सालों में इन्होंने बिजली व्यवस्था सुधारने तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर कुछ भी नहीं किया। सभी सेक्टर में इनकी स्थिति लगभग यही है। सच तो ये है कि सरकार ने विकास के किसी भी मानक में कोई उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज नहीं की।आजसू परिवार में गिरिजा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक सह युवा नेता स्नेह नमन तथा टाटा वर्कर्स यूनियन, नोवामुंडी डिवीजन के महासचिव जी तुलास्यान रेड्डी का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि आज शैक्षणिक और श्रमिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के समागम से पार्टी को बल मिलेगा। आजसू पार्टी आम-आवाम के हितों की रक्षा के लिए हमेशा से संघर्षरत रही है। कहा कि राज्य में विस्थापन की समस्या बड़ी है। दशकों से विस्थापित लोग हक-हुकूक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए गिरिजा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक स्नेह नमन स्नेह नमन ने कहा आजसू पार्टी युवाओं की आवाज है। आज राज्य में युवाओं की स्थिति बदतर है। अगर युवा अपनी आवाज उठाते हैं, तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं, आंसू गैस के गोले दागे जाते हैं।

## प्रवक्ता आभा सिन्हा ने दो हजार रुपये का नोट बंद किए जाने के निर्णय की आलोचना की



राष्ट्रीय खबर

रांची: इसे दूसरी नोटबंदी करार दिया है और कहा है कि मोदी सरकार एक बार फिर देश की जनता की जान के साथ खिलवाड़ करने को आमदा है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।प्रदेश प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने नोटबंदी से अर्थव्यवस्था को एक गहरा जख्म दिया था। जिससे पूरा असंगठित क्षेत्र तबाह हो गया। छोटे व्यापार ठप्प हो गए और करोड़ों लोगों ने रोजगार खो दिए थे और फिर से वही निर्णय लेना देश की जनता की उम्मीदों के साथ खिलवाड़ है, जिसका जवाब 2024 के चुनाव में देगी।उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने अब 2000 रुपये के नोट वाली ह्लदूसरी नोटबंदीह्व कर रही है। क्या ये गलत निर्णय के ऊपर पदेर्दारी नहीं है? उन्होंने कहा कि इस मुद्दे की एक निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तब सच्चाई सामने आएगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2000 रुपये के नोटों को सिस्टम से वापस लेने का निर्णय लिया है। अब केंद्रीय बैंक दो हजार के नये नोट नहीं छापेगा और दो हजार के पुराने नोटों को 30 सितंबर तक बदलने का समय दिया गया है।

# 2000 के नोट बंद करने के फैसले पर झामुमो और भाजपा आमने-सामने, आजसू ने बताया सही

राष्ट्रीय खबर



रांची: आरबीआई द्वारा 2000 के नोट को प्रचलन से बाहर करने की घोषणा के बाद झारखंड में भी राजनीति गरमा गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आरबीआई और केंद्र सरकार के इस फैसले को तुगलकी और परेशान करने वाला फैसला करार दिया है। वहीं भाजपा ने इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी सरकार का एक और प्रयास बताया है। भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू ने भी इसे सही फैसला करार दिया है।2000 रुपए के नोट के प्रचलन रोकने और 23 मई से 30 सितंबर तक नोट को बैंक में जमा या एक्सचेंज करने के फैसले को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आम लोगों की परेशानी बढ़ाने वाला करार दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि 2016 में हुई नोटबंदी भी भाजपा का हिडन एजेंडा था, तब उत्तर प्रदेश चुनाव को प्रभावित करना था। झामुमो नेता ने कहा कि देश भर के हर जिले में काला धन से पार्टी ऑफिस बनाने वाली भाजपा के हर कारनामे का 2024 के बाद खुलासा होगा। झामुमो नेता ने कहा कि भाजपा ने अपने काले धन को ठिकाने लगाने के बाद अब आम जन को परेशान करने के लिए यह फैसला लिया है।2000 रुपए के नोट को प्रचलन से बाहर करने के रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के फैसले को सही बताते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि इस मुद्दे पर विपक्ष को तिलमिलाना नहीं चाहिए, क्योंकि यह भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर चोट है। आम जनता को इससे कोई परेशानी नहीं होने वाली है। प्रदीप सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2016 में जब नोटबंदी के बाद 2000 रुपए के नए नोट प्रचलन में लाए गए थे, उसके बाद से लगातार बाजार से ये नोट कम होते जा रहे थे। जो इस ओर इशारा कर रहे थे कि कहीं ना कहीं 2000 रुपए के नोट को भ्रष्टाचारियों द्वारा जमा किया जा रहा है। ऐसे में काला धन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए यह फैसला लिया गया है, जो सही है।वहीं इस मुद्दे पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि यह केंद्र सरकार की पॉलिसी का एक हिस्सा है, जिसके तहत 2000 रुपए के नोट को प्रचलन से बाहर किया गया है, क्योंकि जिस तरह से 2000 रुपए के नोट बाजार से गायब हो रहे थे, वैसे में आरबीआई को मुद्रा की जमाबंदी को लेकर कुछ शंका थी, जिसकी वजह से 2000 रुपए के नोट को चलन से बाहर किया गया है। सुदेश महतो ने कहा कि 2000 रुपए के नोट को बदलने या बैंक में जमा करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया है। किसी को कोई परेशानी नहीं होगी।

## पेज एक का शेष

### सिद्धारमैया और डीके .. .. ..

अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू भी शामिल हुए। उनके अलावा, नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के डी. राजा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी, राष्ट्रवादी कांग्रेस प्रमुख शरद पवार और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव भी शामिल हुए। अभिनेता एवं मक्कल नीती मैयम के प्रमुख कमल हासन तथा कन्नड़ अभिनेता शिवराज कुमार, जिन्होंने कांग्रेस के लिए प्रचार किया था, ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### दिल्ली के लिए नया .. ..

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सेवा मामलों में चुनी हुई सरकार को कार्यकारी अधिकार देने वाले उच्चतम न्यायालय के फैसले को अध्यादेश के जरिए उलटने की साजिश रच रहा है।

सत्तारूढ़-आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि अध्यादेश सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की पूरी अवहेलना है। एक और मंत्री आतिशी ने कहा, मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के सर्वसम्मत फैसले के खिलाफ गई है। अदालत ने निर्देश दिया था कि चुनी हुई सरकार को लोकतंत्र के सिद्धांतों के अनुसार स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की शक्ति दी जाए। उन्होंने कहा, लेकिन केंद्र का अध्यादेश (नरेंद्र) मोदी सरकार की हार का प्रतिबिंब है। इस अध्यादेश को लाने का केंद्र का एकमात्र मकसद केजरीवाल सरकार से शक्तियां छीनना है। दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि नए अध्यादेश को बारीकी से जांचने की जरूरत है। यदि एक लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को अपने अधिकारियों को नियंत्रित करने और उन्हें जवाबदेह ठहराने की अनुमति नहीं है, तो विधायिका और जनता के प्रति उसकी जिम्मेदारी कम हो जाती है। यदि कोई अधिकारी सरकार को जवाब नहीं दे रहा है, तो सामूहिक जिम्मेदारी कम हो जाती है।

### सात साल पहले बंदी .. ..

की रिहाई सुनिश्चित करने और उनके परिवार को सहायता प्रदान करने के लिए कई वर्षों तक काम किया है। मूल रूप से पर्थ के रहने वाले डॉक्टर इलियट और उनकी पत्नी ने बुर्किना फासो के डिजब शहर में 120 बिस्तरों वाला क्लिनिक चलाया, जहां वे एकमात्र सर्जन थे। उनके पकड़े जाने के बाद, स्थानीय लोगों ने उनकी रिहाई के लिए अभियान चलाने के लिए एक फेसबुक पेज शुरू किया। जिसमें स्थानीय लोगों ने भी उनकी रिहाई की मांग की थी।

### थ्री डी प्रिंटिंग का .. ..

मेल नहीं खा सकता है। नई प्रक्रिया एक प्रिंटिंग नोजल में कई एयरोसोलिज्ड नैनोमटेरियल स्याही को मिश्रित करती है, प्रिंटिंग प्रक्रिया के दौरान फ्लाई पर स्याही मिश्रण अनुपात बदलती है। यह विधि - हाई-थ्रूपुट कॉम्बिनेटरियल प्रिंटिंग कहलाती है। मुद्रित सामग्री के थ्री डी आर्किटेक्चर और स्थानीय रचनाओं दोनों को नियंत्रित करती है और सूक्ष्म स्थानिक रिजॉल्यूशन पर ग्रेडिएंट रचनाओं और गुणों वाली सामग्री का उत्पादन करती है। उनका शोध सिर्फ नेचर में प्रकाशित हुआ था।

हम जानते हैं कि इससे पहले ही शोधकताओं ने मेडिकल और इंजीनियरिंग की विधा में इसका सफल और किफायती परीक्षण किया है। अनेक जटिल रोगों के उपचार में यह तकनीक कारगर है। दूसरी तरफ अब भवन निर्माण में भी थ्री डी तकनीक समय और लागत दोनों की बचत करता है। इसके अलावा खाना बनाने में भी यह तकनीक कुछ हद तक कारगर साबित हुई है। शोध दल ने इसकी मदद से आइसक्रीम तक तैयार किया है, जो बिल्कुल असली लगता है। यहां तक कि एक हाई-एंड कॉफी मेकर के रूप में खूबसूरती से डिजाइन किया गया। जिस नई तकनीक की अधिक चर्चा हो रही है वह एरोसोल-आधारित एचटीसीपी अत्यंत बहुमुखी है और धातुओं, अर्धचालकों और डाइलेक्ट्रिक्स के साथ-साथ पॉलिमर और बायोमैटेरियल्स की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए लागू है। झांग ने कहा कि कॉम्बिनेशन मटेरियल प्रिंटिंग और हाई-थ्रूपुट लक्षण वर्णन के संयोजन से सामग्री की खोज में काफी तेजी आ सकती है। उनकी टीम ने पहले से ही बेहतर थर्मोइलेक्ट्रिक गुणों वाले सेमीकंडक्टर सामग्री की पहचान करने के लिए इस दृष्टिकोण का उपयोग किया है, ऊर्जा संचयन और शीतलन अनुप्रयोगों के लिए एक आशाजनक खोज। खोज में तेजी लाने के एचटीपीसी तकनीक कार्यात्मक रूप से वगीर्कृत सामग्री का उत्पादन करता है जो धीरे-धीरे कठोर से नरम में परिवर्तित हो जाती है। यह उन्हें बायोमेडिकल अनुप्रयोगों में विशेष रूप से उपयोगी बनाता है। अनुसंधान के अगले चरण में, झांग और उनके उन्नत विनिर्माण और ऊर्जा लैब के छात्रों ने एचटीसीपी की डेटा-समृद्ध प्रकृति के लिए मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-निर्देशित रणनीतियों को लागू करने की योजना बनाई है ताकि व्यापक श्रेणी की खोज और विकास में तेजी लाई जा सके।

### घने जंगलों में इलाके .. ..

में गुजरात वन विभाग की एक टीम देवगढ़ बैरिया के घने जंगलों में ट्रैकिंग के लिए गई थी। समूह में से एक जंगल में एक गुफा में एक चट्टान पर ठोकर खाकर गिर पड़ा। वनकर्मी ने जमीन, हाथ, पैर हिलाकर पत्थर को ध्यान से देखा तो उस पर नक्काशी नजर आयी। बाद में यह पता चला कि यह नक्काशी करीब 5,000 साल पुरानी सभ्यता के गुफा चित्रों का हिस्सा है। मामले की आगे की जांच के लिए वनकर्मी धीरे-धीरे गुफा में घुसे। उन्होंने गुफा के फर्श पर ऐसी कई तस्वीरें देखीं। लेकिन जैसे ही वे धीरे-धीरे गुफा में दाखिल हुए, वनकर्मी घबरा गए। वे उन अमूल्य पुरातात्विक गुफा चित्रों की रखवाली करते हुए एक भालू को देखा। वन अधिकारियों ने पुष्टि की कि भालू गुफा के अंदर एक कक्ष में था। उस गुफा से लौटते समय वनकर्मी चित्रों वाले अनेक पत्थर लेकर लौटे। चट्टान के टुकड़ों की जांच से पता चलता है कि यह क्षेत्र मेसोलिथिक काल के दौरान बसा हुआ था। एक सभ्यता का निर्माण हुआ। और उस सभ्यता के लोगों ने इन गुफा चित्रों को चित्रित किया। पुरातत्वविदों का कहना है कि कई पेंटिंग जो कभी वहां रहने वाले लोगों ने गुफा की दीवारों और चट्टानों पर चित्रित की थीं, अभी भी बरकरार हैं। उन्होंने कहा कि गुफा में ग्रेनाइट चट्टानों पर चित्रों को इस तरह से चित्रित किया गया था कि उन्हें बारिश, हवा और तेज धूप से नुकसान न हो। वन अधिकारियों ने बताया कि जंगल में और भी कई पहाड़ियों पर ऐसे चित्र हैं, जो आंशिक रूप से नष्ट हुए हैं। ये चित्र मुख्य रूप से देवगढ़ बैरिया और सगाताला के बीच वावरिया डूंगा पहाड़ियों पर हैं। इनमें से कई गुफा चित्रों को सहायक वन संरक्षक प्रशांत तोमर ने कैमरे में कैद किया है। उनके शब्दों में, कहीं न कहीं ये चित्र अक्षुण्ण बने हुए हैं। गुफा एक संरक्षित वन क्षेत्र में स्थित है। गुजरात के एमएस विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर और गुफा चित्रकला विशेषज्ञ वीएच सोनवणे ने कहा, रॉक पेंटिंग को देखते हुए पहाड़ी, ऐसा लगता है जैसे वे एक अलग युग के हैं। एक बैल और कुछ मानव आकृतियाँ संभवतः मेसोलिथिक काल की हैं। सोनवने ने 1971 में पंचमहल जिले के तारसंग में गुजरात की पहली गुफा चित्रों की खोज की। सोनवणे ने कहा कि तरसंग में खोजे गए गुफा चित्र भी मध्य पाषाण युग के हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि देवगढ़ बरियार और तरसंग में पाए गए ये गुफा चित्र दुर्लभ हैं। तारसंग के अलावा गुजरात में छोटा उदेपुर, बनासकांठा में अमीरगढ़, साबरकांठा में इदर, सुरेंद्रनगर में थानगढ़ और भावनगर जिले के चामर्डी में ऐसे गुफा चित्र पाए गए हैं। सोनवां के अनुसार देवगढ़ बैरिया में मिले गुफा चित्रों में ग्रेनाइट की चट्टान पर लाल हेमेटाइट चट्टान से चित्रकारी की गई है। इस प्रकार की चट्टान पथरीली मिट्टी में पायी जाती है। सोनवणे ने कहा, सरकार को इन गुफा चित्रों की रक्षा करनी चाहिए। ये महान खोजें हैं। यह चित्र इस बात की ओर भी संकेत करता है कि मध्यपाषाण काल में यहाँ लोग निवास करते थे। आगे के शोध से और नई जानकारी सामने आ सकती है। वडोदरा के वन संरक्षण अधिकारी अंशुमान शर्मा ने ट्विटर पर गुफा चित्रों की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि जंगल में ऐसे कई और पत्थर हैं लेकिन उन पर पहले कभी ध्यान नहीं दिया गया।

शहर >> अपडेट

## प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण प्रारंभ

**रांची:** जन अभियान योजना के अंतर्गत प्रखंड स्तर पर पंचायती राज पर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। नौ थीम गरीबी मुक्त, उन्नत आजीविका गांव, महिला और बाल हितैसी गांव, गांव में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सुशासन वाला गांव सुरिक्षत गांव, इत्यादि पर कार्यशाला की जायेगी। पंचायती राज विभाग ने इस संबंध में सभी जिला के उपविकास आयुक्तों को पत्र लिखा है और प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण के लिए दिशा-निर्देश भी दिए है। राज्य के जिन जिलों में ट्रेनिंग दिया जाना है उसकी सूची भी भेजी गयी है। प्रति प्रखंड प्रशिक्षण के लिए 33,100 रुपये दिए जायेंगे। पंचायत सचिव, मुखिया, सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित प्रखंड स्तर में मनरेगा व पीएम आवास इत्यादि से जुड़े सारे कर्मियों व अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जायेगी।

चिकित्सा > झारखंड में पशुओं का इलाज अब केरल की तर्ज पर होगा

# झारखंड के पशु चिकित्सक केरल जाकर लेंगे प्रशिक्षण: कृषि मंत्री

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** केरल की उन्नत पशुपालन और पशु कल्याण मॉडल को झारखंड में भी लागू किया जाएगा। यह बातें झारखंड के कृषि एवं पशुपालन मंत्री बादल पत्रलेख ने कही। साथ ही कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने कहा कि राज्य के सकल घेरलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में कृषि क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसी सोच को दिशा देने के लिए केरल भ्रमण पर हैं। बताते चलें कि कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के नेतृत्व में विभागीय पदाधिकारियों ने केरल के कॉलेज ऑफ वेटनरी एंड एनिमल साइंस का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान



शनिवार को कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और पदाधिकारी केरल के मन्नूथी स्थित कॉलेज ऑफ वेटनरी एंड एनिमल साइंस पहुंचे। उन्होंने वेटनरी हॉस्पिटल के अंतर्गत पशुओं की चिकित्सा संबंधित ब्लड ट्रांसफ्यूजन, डायलेसिस केंद्र, ऑपरेशन थियेटर और बायोकेमिकल लेबोरेटरीज, गोट फार्म आदि केंद्रों का भी भ्रमण किया। केरल के मन्नूथी स्थित कॉलेज ऑफ वेटनरी एंड एनिमल साइंस के प्राध्यापक ने मंत्री बादल पत्रलेख को जानकारी दी कि क्लिनिक कॉम्प्लेक्स में प्रतिदिन 100 से ज्यादा विभिन्न श्रेणियों के पशुओं की चिकित्सा की जाती है। मंत्री बादल पत्रलेख ने मिल्क पार्लर का भ्रमण के साथ-साथ बकरियों की नस्ल मालबारी, जमुनापारी का कैसे संरक्षण किया जा रहा है, इसकी भी जानकारी ली। केरल भ्रमण के दौरान कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि झारखंड के वेटनरी डॉक्टरों का एक समूह जल्द ही केरल पहुंच कर पशुपालन की आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण लेगा। इस संबंध में कृषि मंत्री ने कॉलेज के डीन से ट्रेनिंग दिलाने का अनुरोध किया है। मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि इसी वर्ष पशु चिकित्सकों का एक बैच केरल भेजा जाएगा, ताकि झारखंड के वेटनरी डॉक्टर पशुओं के इलाज की उन्नत तकनीक को समझ सकें।केरल भ्रमण के दौरान कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने भी केरल के पशु कल्याण और चिकित्सा पद्धति की काफी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यहां की मॉडल बेहतरीन है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि झारखंड में भी केरल की एनिमल ट्रीटमेंट मॉडल को लागू किया जाए। सचिव ने कहा कि केरल में पशुओं के इलाज के लिए सभी तरह के संसाधन और सुविधा उपलब्ध हैं। केरल में पशुओं की बीमारियों के लिए हर तरह की जांच की सुविधा है।

## न्यूज फटाफट

### जेटेट की परीक्षा शीघ्र कराने की मांग को लेकर हाइकोर्ट में याचिका दायर

**रांची:** झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यथी संघ की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी। याचिका में राज्य सरकार से जेटेट परीक्षा शीघ्र करा लेने का आदेश देने का आग्रह किया गया है। प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि बीते 7 वर्षों से झारखंड में जेटेट की परीक्षा आयोजित नहीं हो रही है। प्राथी ने प्रार्थना की है कि सीटेट को भी जेटेट की तरह झारखंड में मान्यता दी जाए। क्योंकि राज्य सरकार जेटेट की परीक्षा कराने में पिछले 7 साल में असफल रही है। ऐसे में सीटेट पास अभ्यार्थियों की उम्र सीमा भी धीरे-धीरे खत्म हो रही है। प्राथी की ओर से यह भी कोर्ट को बताया गया है कि वर्ष 2016 के बाद से राज्य में जेटेट की परीक्षा नहीं ली गई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि राज्य सरकार वर्ष 2016 के बाद से बिना जेटेट की परीक्षा लिए शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। जिससे करीब चार लाख अभ्यर्थी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जाएंगे। मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कुशल कुमार पैरवीकार है।

### चक्रधरपुर रेल मंडल में चल रहे विकास कार्यों से कई ट्रेनों का परिचालन बाधित

**रांची:** चक्रधरपुर रेल मंडल में चल रहे विकास कार्यों की वजह से ट्रेन संख्या 18175/18176 हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया मेमू एक्सप्रेस 24 मई को रद्द रहेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 18311 संबलपुर- बनारस एक्सप्रेस 24 मई को 02 घंटे 45 मिनट विलंब से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 18452 पुरीहटिया तपस्विनी एक्सप्रेस 23 मई को हटिया स्टेशन के स्थान पर संबलपुर स्टेशन तक ही आयेगी। ट्रेन संख्या 18451 हटिया-पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस 24 मई को हटिया स्टेशन के स्थान पर संबलपुर तक ही चलेगी। उधर, प्रयागराज डिवीजन में थर्ड लाइन काम को लेकर ब्लॉकेज लिया जायेगा। इस कारण धनबाद व गोमो होकर चलने वाली ट्रेनों पर असर पड़ेगा। रेलवे की ओर से ट्रेनों को नियंत्रित कर चलाने की घोषणा की गयी हैं। 29 मई को ट्रेनों पर इसका असर दिखेगा। ट्रेन संख्या 12819 संपर्क क्रांति एक्सप्रेस व 12311 नेताजी एक्सप्रेस। 29 मई को 50- 50 मिनट नियंत्रित कर चलायी जाएगी। वही 12987 सियालदहअजमेर सुपरफास्ट को 20 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

### जेसीआई रांची नियो का बॉक्स क्रिकेट लीग 21 मई को

**रांची:** जेसीआई रांची नियो द्वारा बॉक्स क्रिकेट लीग 2023 सीजन 2 का कार्यक्रम रविवार 21 मई को कांके रोड स्थित 7 लीजेंड्स में होगा। इस मैच के पूर्व चार टीमों का चयन किया गया है। राम सेना, श्याम रॉयल्स, ब्लॉका वरियर एवं डेजल स्ट्राइकर्स टीमें क्रिकेट लीग मैच में हिस्सा लेगी। मैच के पूर्व खिलाड़ियों की बोली लगाई गई जिसमें श्याम रॉयल्स ने मयंक कोठारी की सबसे ज्यादा बोली लगाकर उनको अपने पक्ष में किया। कार्यक्रम की शुरूआत जेसी चंद्रकांत सिंघानिया ने सभी सदस्यों एवं खिलाड़ियों का स्वागत कर किया। इस बोली कार्यक्रम का संचालन जैसी शुभम मोदी ने किया। इस लीग मैच के कार्यक्रम संयोजक निखिल सरावगी एवं पिंकेश खंडेलवाल के मौजूदगी में संपन्न हुआ। बोली लगाने के बाद संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल एवं संदीप जालान के द्वारा ट्रॉफी का भी अनावरण किया गया।कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शैंकी रायका, अनुज अग्रवाल, गोपेश गोयनका, निलेश छावनीका, अनूप बंका, संदीप कनोई,रमन बगड़िया, शंकर मुरारका, सर्वेश जैन, प्रकाश रुंगटा, संकेत लाठ, विवेक जैन, करण चितलांगिया, विकास काबरा, अभिषेक जैन, एवं अन्य सदस्यों ने अपनी सहभागिता निभाई। जानकारी मीडिया प्रभारी कुशल सर्राफ ने दी।

### अंजुमन के नवर्निवाचित पदधारियों ने ली शपथ



**रांची:** अंजुमन इस्लामिया कमेटी कोकदोरो इस्लामपुर की ओर से नवनिर्वाचित पदाधिकरियों को शपथ दिलाई गई। ज्ञात हो विगत 14 मई को हुए चुनाव में मोहम्मद मजीद अंसारी सदर, हजरत अंसारी नायब सदर, तबारक हुसैन सेक्रेट्री, मोहम्मद परवेज आलम नायब सेक्रेट्री, अफजल हुसैन खजांची, फिरदौश आलम ऑडिटर चुने गए थे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अंजुमन निर्वाचन कमेटी के मुख्य संयोजक अफरोज आलम ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के मुख्य अतिथि ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नशापान और दहेज पर रोक लगाने में अंजुमन कमेटी महत्वपूर्ण भुमिका निभा सकती है। उन्होंने पदाधिकरियों से वैचारिक मतभेत भुलाकर सोच विचार कर समाज हित में निर्णय लेने का आह्वान किया। वहीं समारोह को संबोधित करते शिक्षाविद् डॉ अलीमुल्लाह अंसारी ने कहा की इस्लाम में तालीम की बहुत अहमियत है। अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद (स.) ने कहा कि इल्म हासिल करना हर मुसलमान पर फर्ज है। किसी भी समाज की प्रगति और विकास के लिए शिक्षित होना बहुत जरुरी है। इसके अलावा ओरमांझी के पूर्व उपप्रमुख मुंतजीर अहमद रजा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, सेन्ट्रल अंजुमन इस्लामिया कांके के सदर हाजी अब्दुल रहमान, रांची अंजुमन मजलीसे आमला के सदस्य नूर आलम, पूर्व जिप सदस्य मोजिबुल अंसारी, आल झारखण्ड एकता मंच के सदर अशफाक खान, आदिवासी विकास परिषद कांके प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र लिंडा, समाजसेवी शकिल अंसारी सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे। लगातार चौथी बार सदर पद निर्वाचित होने पर मजीद अंसारी बहुत भावुक मन से लोगों को आभार किया और कहा समाज में फैल रही बुराईयों को रोकना हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों एवं परंपराओं को बरकरार रखते हुए समय के साथ आगे बढ़ना होगा। समय परिवर्तनशील है और समाज की प्रगति व तरक्की के लिए संगठीत होगर काम करना होगा, तभी समाज का भला हो सकता है।

### भव्य भंडारा का आयोजन किया गया

रांची: श्याम भक्त परिवार ने श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित कि। आज के भंडारे में केसरिया जलेबी आमरस पालक की कचौड़ी वेजीटेबल पुलाव आलू चना की मिक्स सब्जी का प्रसाद मंदिर में मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की देखरेख में निर्मित किया गया। गोधूलि बेला पूर्व मंदिर के पट खुलते ही यजमानश्री श्याम भक्त परिवार ने मंदिर में विराजमान खाटू नरेश शालिग्राम लड्डू गोपाल शिव परिवार बजरंगबली व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर बाबा के दरबार में मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपमंत्री अनिल नारनोली की अगुवाई में भक्तजनों ने भोग भजन का गायन कर खाटू नरेश की मनुहार की। भोग लगे प्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित कर महाप्रसाद बनाकर यजमानश्री परिवारों ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर उनका चंदन वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। हरमू रोड में भक्तजनों द्वारा खाटू नरेश की जय जयकार की जा रही थी। मंदिर भक्तों से भरा हुआ था तो दूसरी और हरमू रोड में भंडारे का प्रसाद प्राप्त करने के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी थी । श्री गणेश वंदना के साथ यजमानश्री परिवार ने अपने परिजनों के साथ भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया । लगभग 3200 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया। टॉफी का भी सभी को वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया प्रदीप राजगढ़िया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू रोनक पोद्दार पूर्व सांसद अजय मारू पंकज गाड़ोदिया अनिल नारनोली रमेश धरणीधरका अनुज मोदी आशीष डालमियाअरविन्द सोमानी आनंद मालपानी मनोज खेतावत झूलन मुंडा उपेंद्र पांडे मनीष वर्मा कुमार दिनेश अग्रवाल रोशन खेमका अंकित सिंह विशाल पोद्दार सहित 70 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारे में सहयोग किया।

ट्रेंड सहायक अध्यापक फिर आंदोलन की राह पर

## दो जून को शिक्षा सचिव कार्यालय का करेंगे घेराव

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ राज्य कार्यकारिणी पारा टीचर की बैठक प्रदेश अध्यक्ष सिद्दीक शेख की अध्यक्षता एवं राज्य महासचिव विकास कुमार चौधरी एवं प्रधान सचिव सुमन कुमार के संचालन मे दादा-दादी पार्क मोरहाबादी मैदान रांची में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से 11 दिसंबर 2021 एवं 14 दिसंबर 2021 कोा दिवंगत शिक्षा मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों के साथ झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के साथ वार्ता मे तय समझौते के उपरांत एवं सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावाली 2021 विभिन्न बिन्दुओं को लागू करने को लेकर अधिकारीयों के द्वारा सोची समझी साजिश के तहत रोक कर रखे जानें से आक्रोश जताया। बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गयी। दो जून को सचिव शिक्षा एवं साक्षरता विभाग राज्य सचिवालय का घेराव का भी निर्णय लिया गया। बैठक मे संघ के राज्य संरक्षक सुशील कुमार झा, मुकेश कुमार शाह, मुख्तार अहमद, अड्ड़िराम मुर्मू , एजाजुल हक,हरिकृष्ण सिंह, संजय पाठक, सीमा मुन्डारी, शब्बीर अंसारी , नसीमुद्दीन अंसारी ,साकेत शेखर, युधिर मंडल, नंदलाल नायक,शमसुल अंसारी , अजीत कुमार ,निलामबर रजवार, प्रदीप वर्मा, अमरेश विश्वकर्मा,अजीत सिंह, फिरोज अहमद, दुर्गा पाल ,निलामबर रजवार, रमेश सिंह।...

बीएयू में 43 वीं खरीफ अनुसंधान परिषद् की बैठक शुरू

## कृषि क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देने की आवश्यकता : डॉ एचएस गुप्ता

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड प्रदेश की सत्तर प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। पुरे देश में झारखंड राज्य का सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) दर काफी अनुठा है। वर्तमान में राज्य की जीडीपी 6.4 प्रतिशत है, जिसे 15 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। राज्य के समग्र विकास दर को बढ़ावा देने में संतुलित घरेलु उत्पाद विकास दर पर ध्यान और समय निर्धारित कर विशेष प्रयास करने होंगे। राज्य में कृषि क्षेत्र को विशेष बढ़ावा देकर ही राज्य की कुल जीडीपी में बढ़ोतरी की जा सकती है।

इस दिशा में राज्य में नीली(मत्स्य) क्षेत्र में विकास की तरह बागवानी, पशुपालन, वानिकी एवं अन्य लाभकारी कृषि पर जोर देना होगा। उक्त विचार बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 43 वीं खरीफ अनुसंधान परिषद् की बैठक के उद्घाटन सत्र में असम एग्रीकल्चरल कमीशन के



अध्यक्ष डॉ एचएस गुप्ता ने रखें। डॉ गुप्ता ने कहा कि राज्य के किसान हित में कृषि वैज्ञानिकों को ज्यादा से ज्यादा बेहतर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिक एक-दुसरे से शोध एवं प्रसार कार्यो को साझा करें, एकांकी शोध कार्य से बचें। मौके पर पशुपालन विज्ञान विशेषज्ञ डॉ वीके सक्सेना, निदेशक अनुसंधान, बिहार पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (बीसा), पटना ने कहा कि राज्य के लाभकारी कृषि में पशुपालन क्षेत्र का विशेष महत्त्व है। पशुपालन क्षेत्र के विकास में अनेकों कार्य एवं पहल हुई है।

इसके बावजूद पशुपालन विज्ञान में पशु प्रबंधन में मौसम परिवर्त्तन एवं क्वालिटी आहार सबसे बड़ी चुनौती साबित हो रही है। शोध कार्यो में इस ओर ध्यान दिये जाने की जरुरत है। परिषद् के अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि राज्य के विकास में कृषि विवि की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों का विशेष महत्त्व है। इसे बढ़ावा देने में बीएयू को राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। राज्य में दस वर्षो से फसल किस्मों का विकास रुका हुआ था। पिछले दो वर्षो में बीएयू वैज्ञानिकों को प्रदेश के उपयुक्त दर्जनों उन्नत किस्मों को विकसित करने में सफलता मिली है।

परिषद् की इस बैठक में भी दस उन्नत किस्मों का प्रस्ताव तैयार है। राज्य में बीएयू द्वारा विकसित फसल किस्मों को पहचान दिलाने में कृषि सचिव अबुबकर सिद्दीक पी की अग्रणी भूमिका रही है। उन्होंने आगामी खरीफ मौसम के शोध गतिविधियों में कृषि वैज्ञानिकों को राज्य एवं किसान हित में विशेष योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन रेडियो हरियाली समन्वयक शशि सिंह तथा धन्यवाद डॉ सीएस महतो ने दी। मौके पर हार्प, पलांडू के डॉ एके सिंह, आईआईएबी, गरखटंगा के तीन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा सोलह कृषि विज्ञान केन्द्रों वैज्ञानिक भी मौजूद थे।

## विभागीय लापरवाही से परेशान ग्रामीणों ने खुद की घेराबंदी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**कोकदोरो मौलवी बगीचा कब्रिस्तान के बाउंड्रीवाल का बुनियाद शनिवार को रखा गया। बुनियाद कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामिया कमिटी कोकदोरो के सदर अब्दुल मजीद अंसारी, सेक्रेटरी तबारक हुसैन, खजांची अफजल हुसैन, कब्रिस्तान कमिटी के सदर सुल्तान आदिल, सेक्रेटरी मेराज अहमद, खजांची आफताब आलम, मुखिया उज्वल पहान, अंजुमन निर्वाचन कमिटी कोकदोरो के मुख्य संयोजक अफरोज आलम ने संयुक्त रूप से



बुनियाद रखी। कब्रिस्तान कमिटी के सदर सुल्तान आदिल ने बताया कि लगभग एक एकड़ कब्रिस्तान की भूमि पर गाँव के लोगों द्वारा चंदा करके बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इस कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु तीन वर्षों से कल्याण विभाग का चक्कर लगाकर थक चुके हैं। कल्याण विभाग के आश्वाशन से ग्रामीणों का भरोसा उठ गया है, तंग आकर ग्रामीण अपने बूते आपसी सहयोग से कब्रिस्तान घेराबंदी का कार्य शुरू किया गया। बताते चलें की विगत 3 वर्षो से विभाग से सिर्फ इन्हें सिर्फ आश्वासन मिलता रहा। जब ग्रामीणों को लगा की उन्हें सिर्फ वोट बैंक समझा जा रहा है तो उन्होंने कड़ा रुख अख्तियार कर निर्णय लिया की अब किसी भी जनप्रतिनिधि या सरकार के पास नही जाएंगे। न उनसे किसी मदद की उम्मीद रखेंगे। कल्याण विभाग के अधिकारियों की उदासीन रवैये के कारण अब तक योजना का लाभ नहीं मिल सका है। मौके पर हाजी अब्दुल हसीब, फिरोज आलम, तबरेज अंसारी, मौलाना मासूम, हाजी रियासत अली, रुहूल अमीन, अशरफ अंसारी, हिदायतुल्लाह अंसारी सहित दर्जनों लोग शमिल थे।

## वॉलीबॉल की टीम का गठन

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** श्चिम बंगाल के चंदन नगर में दिनांक 28 मई से 1 जून तक आयोजित की जाने वाली सब - जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु झारखंड वॉलीबॉल की टीम का गठन किया जाना है। यह चयन ट्रायल धनबाद के हीरापुर स्थित चिल्ड्रन पार्क में आयोजित की जाएगी। चयन ट्रायल में 01 जनवरी 2007, एवं उसके बाद जन्म लिए खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उनके जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति, जो नगर निगम अथवा जन्मप्रमाण निर्गत करने वाले सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत की गई हो एवं आधार कार्ड की मूल प्रति लेकर उक्त चयन ट्रायल में उपस्थित होंगे। इस चयन ट्रायल में भाग लेने वाले बालक वर्ग के खिलाड़ियों को दिनांक 21 मई को प्रात: 8:00 बजे तक तथा बालिका वर्ग के खिलाड़ियों को 22 मई को प्रात: 8:00 बजे धनबाद के हीरापुर स्थित चिल्ड्रन पार्क में झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष उत्तम राज,9431358909, सह - सचिव श्री संजय ठाकुर 9431176453 तथा आयोजन सचिव सूरज प्रकाश लाल मो० नंबर (09470331724) के पास रिपोर्ट कराना सुनिश्चित करें।

मौसम > झारखंड के कई इलाकों में बारिश की संभावना, जारी रहेगा गर्मी का सितम

# तापमान में और बढ़ोतरी का पूर्वानुमान इस बार 21 जून तक आयेगा मानसून

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के कई इलाकों में गर्मी की रफ्तार जारी है। राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी से आमलोग बेहाल है। इस बीच कुछ राहत वाली खबर मौसम विभाग ने दी है। विभाग ने अगले 24 घंटे में बारिश की संभावना जाहिर की है। पूर्वानुमान में कहा गया कि अगले 24 घंटे में राज्य के कई हिस्से में बारिश हो सकती है। इससे गर्मी से बहुत ज्यादा राहत नहीं मिलेगी। बारिश और बादल की वजह से भी बढ़ते तापमान पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। झारखंड के कई हिस्सों में तापमान में वृद्धि हो रही है। अधिकतम तापमान में राज्य के कई हिस्सों में पांच डिग्री से ज्याद की बढ़त दर्ज की गयी है।



पलामू और कोल्हान में अधिकतम का पारा 43 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा है। राज्य के ज्यादातर जगहों पर गर्म हवा औ लू चल रही है। अब 9 बजे से लेकर 4 बजे तक घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। मौसम विभाग ने भी इस मौसम में सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है। रांची का अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री और न्यूनतम 27.0 डिग्री रहा। वहीं, जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 42.8 और मेदिनीनगर का 42.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान संताल परगना में बारिश होने की वजह से गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। रांची में गुरुवार को फिर से पारा चढ़ा। पूरे दिन तीखी धूप खिली और गर्म हवा ने लोगों को परेशान किया। लेकिन शाम होते कई इलाकों में हल्के बादल देखने को मिले लेकिन इससे बड़ी राहत नहीं मिली। झारखंड में प्री मानसून गतिविधियों में बड़ा बदलाव आया है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि इस साल झारखंड में मानसून भी देरी से प्रवेश करेगा। आमतौर पर प्रदेश में मानसून 12-14 जून के बीच दस्तक देता है। लेकिन इस बार 6 दिन की देरी से 21 जून को प्रवेश करने का अनुमान है।

### जैक बोर्ड के 10वीं और 12वीं बोर्ड का रिजल्ट आज या फिर 21 को

**रांची:** जैक बोर्ड के 10वीं और 12वीं बोर्ड का रिजल्ट कल 20 या 21 मई को जारी किया जा सकता है। एकेडमिक काउंसिल ने इसके स्पष्ट संकेत दिए हैं। बताया जा रहा है कि जैक बोर्ड की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम एक दिन जारी किया जाएगा। स्टूडेंट बेवसाईट पर रिजल्ट देख सकेंगे। संभावित तिथि 20 और 21 मई है। जानकारी हो कि इस वर्ष रिकॉर्ड समय में परीक्षा की कॉपियां जांची गई है। गौरतलब है कि संभावित तिथि को बोर्ड सबसे पहले 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी करेगा और इसके बाद 12वीं साइंस स्ट्रीम का रिजल्ट जारी किया जाएगा। पिछले कई वर्षों से परीक्षा परिणाम ऑनलाइन जारी किया जा रहा है। इस वर्ष भी ऐसा ही किया जाएगा। परीक्षार्थी बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर डायरेक्ट लिंक के द्वारा अपना परिणाम देख सकते हैं। छात्र अपना-अपना स्कोरकार्ड भी तुरंत डाउनलोड कर सकेंगे।

**शहर >> अपडेट**

**उषा सिंह ने किया भाजपा नगर अध्यक्ष का स्वागत**

**बेरमो :** डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के प्रधान कार्यालय फुसरो में दिनेश यादव भाजपा फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष मनोनीत होने पर डॉ उषा सिंह ने उन्हें अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष भारत यादव उपस्थित थे उन्होंने भी मनोनीत नगर अध्यक्ष के दिनेश यादव जी को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

**सहियाओं का 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण**

**मरकच्चो :** कोडरमा जिला के सभी सहियाओं का मानसिक स्वास्थ्य मॉडुल पर 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण का मॉनिटरिंग डीपीसी पंकज कुमार के द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ावा देने हेतु एसटीटी नीरज कु. सिंह प्रशिक्षण स्थल पर स्वयं उपस्थित रहकर करते है। प्रशिक्षक के रूप में मरकच्चो प्रखंड से गंगाधर दास, बालमुकुंद राम, सतगावां से दिनेश चौधरी, पवन कुमार, जयनगर से जय प्रकाश यादव, सुलेखा देवी प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस मौके पर सहिया साथी सरिता देवी, पार्वती देवी, सुनीता देवी एवं सहिया गुड़िया, चांदनी, मुन्नी देवी आदि लोग उपस्थित है।

**मोटरसाइकिल सवार हेलमेट जरूर पहनें: थाना प्रभारी**

**मरकच्चो :** थाना प्रभारी मरकच्चो लव कुमार ने थाना क्षेत्र के क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया है कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अति आवश्यक रूप से करें। उन्होंने कहा कि आए दिन सड़क दुर्घटना में वृद्धि हो रही है जो चिंताजनक है। उन्होंने उन अभिभावकों से भी अनुरोध किया है कि अपने नाबालिक बच्चों को मोटर साईकिल चलाने के लिए देते हैं उसपर रोक लगाएं।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

**बिपिन बिहारी गोप को साक्ष्य के अभाव में रिहा किया**

**तेनुघाट :** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम विशाल गौरव ने चेक बाउंस के आरोपी लातेहार थाना अंतर्गत बलुमाथ निवासी बिपिन बिहारी गोप को साक्ष्य के अभाव में रिहा किया। मालूम हो कि गोमिया थाना अंतर्गत निवासी मनोज कुमार ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम के न्यायालय में एक आरोप पत्र दायर कर बताया कि उसकी दोस्ती बिपिन बिहारी गोप के साथ थी। मई 2017 में बिपिन बिहारी को को 14 लाख रुपए की जरूरत थी। वह उसे दोस्ताना कर्ज के रूप में 14 लाख रुपया दिया था। मगर जब रुपया नहीं दिया तो उसके जगह पर चेक दिया था। मगर बैंक में रुपए नहीं रहने के कारण चेक बाउंस हो गया था। उसके बाद मनोज कुमार ने उसकी जानकारी एक अधिवक्ता नोटिस के माध्यम से विपिन बिहारी गोप को दिया था। मगर उसके बाद भी जब रुपए नहीं मिला। तब न्यायालय में मुकदमा दायर किया था। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं के बहस सुनने के बाद एसीजेएम श्री विशाल गौरव ने साक्ष्य के अभाव में बिपिन बिहारी गोप को रिहा किया। आरोपी के अधिवक्ता वेंकट हरि विश्वनाथन ने यह जानकारी दी।

**विविएमकेयू में 28 दिनों की जगह अब होगी 20 दिनों की गर्मी छुट्टी**

**बेरमो :** विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में अब केवल 20 दिनो की ही गर्मी की छुट्टियां होगी। विश्वविद्यालय ने अपने अवकाश कैलेंडर मे संशोधन किया है। इसके अनुसार एक जून से गर्मी छुट्टी होगी। पहले यह छुट्टी 22 मई से 19 जून तक 28 दिनों के लिए होने वाली थी। मगर विवि में छुट्टियों में यह कटौती महामहिम राज्य पाल की दखल के बाद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को संशोधित कैलेंडर जारी कर दिया गया है।

**अपराध** पुलिसिया कारवाई में एक कोयला चोर सहित तीन बाइक जप्त

# आखिरकार पुलिस को करनी ही पड़ी कोयला चोरों के विरुद्ध कार्रवाई

▶▶ जप्त बाइक और पकड़े गए कोयला चोर को पुलिस अपने साथ थाने ले गई

▶▶ पुलिस कार्रवाई से जहां एक ओर कोयला चोरों में डर का माहौल है

▶▶ हाइवा चालक शांति और सकून महसूस कर रहे है

**राष्ट्रीय खबर**





**बेरमो जारंगडीह :** पिछले लंबे समय से बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना कांटा घर समीप कोयला चोरो का आतंक प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद आखिरकार स्थानीय पुलिस प्रशासन को आज अहले सुबह कार्यवाही करनी ही पड़ी। जिस कार्यवाही में तीन मोटरसाइकिल के साथ साथ एक कोयला चोर को भी धर दबोचा गया। जप्त बाइक और पकड़े गए कोयला चोर को पुलिस अपने साथ थाने ले गई। बताता चलू कि जारंगडीह मे कोयला चोरो का हौसला बुलंद है कि कांटा करवाने आने वाले लोड हाइवा से कोयला चोर कोयला जबरन उतार लेते है और विरोध करने वाले चालक व उपचालक के साथ यह कोयला चोर मार पीट तक कर डालते हैं। कांटा घर पर सीसीएल की कम सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के कारण ये लोग मुक दर्शक बने देखता रह जाता है। बहरहाल बोकारो थर्मल पुलिस की कार्रवाई से जहां एक ओर कोयला चोरो मे डर का माहौल है वही हाइवा चालक शांति और सकुन महसूस कर रहे है।इस छापेमारी अभियान में बोकारो थर्मल के शस्त्र बल के अलावे जारंगडीह के सीसीएल व होम गार्ड के जवान शामिल थे।

## बच्चे देश का भविष्य, उन्हें स्वास्थ्य रखना जरूरी : अमित




**राष्ट्रीय खबर**

**रजरप्पा:** गांगी जमुनी स्थित एलटी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को पैराडाइज क्लिनिक एंड मेडिकल हॉल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन मुख्य रूप से मौजूद विद्यालय के निदेशक अमित कुमार तिवारी द्वारा विधिवत रूप से किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि आज बच्चों का निशुल्क इलाज कराया गया है। साथ हि उन्हें दवाइयां भी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने आगे कहा बच्चे देश का भविष्य, उन्हें स्वास्थ्य रखना जरूरी है। इस दौरान दर्जनों बच्चों का इलाज कर निशुल्क दवाइयां दी गई। बच्चों का इलाज स्टार किड्स डिजिटल चिल्ड्रन हॉस्पिटल रामगढ़ के शिशु विशेषज्ञ डॉ गौतम कुमार द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि इलाज के दौरान ज्यादातर बच्चों का वजन कम पाया गया। उन्हें पौष्टिक युक्त खाना खाने की सलाह दी गई। साथ ही बच्चों को जंक फूड का सेवन नही करने की हिदायत दी गई। कुछ बच्चों में दांतो की समस्या भी दिखी। उन्हें दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह दी गई। साथ ही कई बच्चों का टीकाकरण भी पूर्ण नही हुआ है। उन्हें टीकाकरण करवाने की सलाह दी गई। मौके पर विद्यालय के प्राचार्या नीतू मित्तल, असद खान, तमजीद अली, अफजल हुसैन, शांति कुमारी, सनाउल्लाह, अशोक कुमार,मिथुन कुमार, विवेक कुमार,काजल कुमारी, सुलेखा कुमारी, नेहा कुमारी, वर्षा कुमारी सहित कई मौजूद थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत न्यू मार्केट बाजार में चलाया सफाई अभियान




**राष्ट्रीय खबर**

**पतरातू:** स्वच्छता पखवाड़ा की भावना में स्वच्छता अभियान के चौथे दिन, पीवीयूएन के कर्मचारियों और कार्यकताओं ने क्षेत्र के मुखियागण और अन्य प्रतिनिधियों के साथ मिलकर पास के न्यू मार्केट बाजार को साफ करने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। बाजार क्षेत्र के स्थानीय विक्रेताओं से आग्रह किया गया कि वे आसपास कूड़ा न डालें और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से कचरे का निपटारा करें। इसके अलावा कर्मचारी कल्याण संघ, स्वर्णरेखा महिला समिति एवं बाल भवन के पदाधिकारी भी आवासीय क्षेत्र की साफ-सफाई के लिए काफी उत्साह के साथ आगे आए। बताया गया कि इस कार्य को आगे परियोजना के आस-पास के क्षेत्रों में जारी रखा जाएगा।हलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने छिन्मस्तिका मंदिर में की पूजा अर्चना



**राष्ट्रीय खबर**

**रजरप्पा :** बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी शनिवार को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मन्दिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। मंदिर पहुचने पर उन्होंने पुजारी द्वारा विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे माथा टेक्कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद नारियल फोड़कर पुजारियों से रक्षासूत्र बंधवाया। इस दौरान उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि की कामना भी की। उनके साथ प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी मौजूद थे।पुजा अर्चना के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा की संगठन को मजबूत करके, साथ ही पार्टी का विस्तार भी करना है। हमारी पार्टी विस्थापितों, समाज के पिछले पादान पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए संघर्षरत है और रहेगी। हमारी पार्टी कुर्मी समाज को भी आदिवासी समाज के समान दर्जा दिलाने के पक्षधर है। क्योंकि, इस जाति का एक बड़ा तबका झारखंड में है। इसके लिए संगठन को मजबूत को लेकर प्रदेश में जगह-जगह कार्यकर्ता सम्मेलन भी किया जा रहा है। इसके बाद वे हजारीबाग में आयोजित होने वाले जदयू कार्यकताओं के सम्मेलन में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

उग्र ग्रामीणों ने परिजनों के साथ पंप परिसर का घेराव किया

## सफाई कर्मी रामेश्वर की मौत पर मुआवजे की मांग



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो:** ललपनिय गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत होसिर पुर्वी पंचायत के तेतरियाटांड स्थित में संचालित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप में कार्यरत 55वर्षीय सफाई कर्मी रामेश्वर यादव उर्फ ठुकरू यादव की मौत हो गई।घटना शुक्रवार सुबह11 बजे के आसपास की है। मृतक सफाई कर्मी जिरोपोइंट के निवासी हैं। मौत की खबर से पत्नी सहित परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल हैं। सफाईकर्मी की असामयिक मौत की मामले पर उग्र ग्रामीणो ने शव को लेकर परिजनों साथ पंप परिसर का घेराव करते हुए मुआवजा सहित एक आश्रित को पंप परिसर में नोकरी की मांग को लेकर घँटों डंटे रहे। परिजनों के अनुसार रामेश्वर यादव उर्फ ठुकरू पेट्रोल पंप में पिछले 15 दिनों से पंप में साफ सफाई का कार्य करता था। रोजाना की तरह शुक्रवार की सुबह भी साफ सफाई के लिए पेट्रोल पम्प निकला था। और साफ सफाई दौरान पम्प परिसर में उनकी अचानक मौत हो गई। इस घटना के खबर मिलने पर गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन अपने दल बल के साथ पम्प पहुंच घटना की जानकारी ली।

**आस्था** गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म पकरिया टोला में प्राचीन शिव मंदिर

## कलश यात्रा के साथ श्री श्री 1008 श्री रूद्र पांच दिवसीय महायज्ञ शुरू

▶▶ धार्मिक महायज्ञों से क्षेत्र का माहौल तथा लोगों में मन की शांति प्रदान होती है

▶▶ इस क्षेत्र समेत राज्य में अंतिम व्यक्ति तक खुशहाली ही खुशहाली रहे

**राष्ट्रीय खबर**



**बेरमो:** गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म पकरिया टोला में प्राचीन शिव मंदिर में कलशयात्रा के साथ श्री श्री 1008 श्री रूद्र पांच दिवसीय महायज्ञ शनिवार से शुरू हो गया। महायज्ञ की शुरूआत में भक्त भव्ययता व गाजे-बाजे के साथ स्थानीय नदी में सैकड़ों कन्याओं एवं महिलाओं ने पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण व जलपूजन पश्चात कलश यात्रा प्रारम्भ हुआ। महिला श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर भक्तिमय जोरदार नारो केसाथ पूरे गांव पैदल भर्मण करते हुए आयोजित महायज्ञ मंडप परिसर तक पहुंची।इस दौरान जल पूजन के बाद पकरिया टोला सहित आस-पास के गांव-टोलो के सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं तथा बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा ईलाका भक्तिमय नारो से गूंज उठा। कलश यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोमिया विधायक लंबोदर महतो,झारखंड पूर्वमंत्री माधवलाल सिंह बोकारो की जिप अध्यक्ष सुनीता देवी,जीपसदस्य आकाश लाल सिंह,पूर्व जीप सदस्य प्रकाश लाल सिंह, पंसस बिष्णु लाल सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। यहां मौके पर सभी उपस्थित अतिथियों ने भगवान शिवजी के आगे माथा टेक क्षेत्र की सुख-शांति,समृद्धि व उन्नति की कामना की। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक लंबोदर महतो व बोकारो जिप अध्यक्ष सुनीता देवी ने अपने सम्बोधन में कहा क्षेत्र में इस तरह की धार्मिक महायज्ञ कार्यक्रमों से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। वही मुख्य अतिथि झारखंड पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह, जीप सदस्य आकाश लाल सिंह एवं पूर्व जीप सदस्य प्रकाशलाल सिंह ने भी अपने सम्बोधन में कहा किधार्मिक महायज्ञों से क्षेत्र का माहौल तथा लोगो मे मन की शांति प्रदान होती है। ऐसे धार्मिक कार्यक्रमो में लोगो को बढ़-चढ़ कर भाग लेनी चाहिए। कहा कि हमारा संकल्प है की जनता के इस क्षेत्र समेंत राज्य में अंतिम व्यक्ति तक खुशहाली ही खुशहाली रहे। इसके पूर्व महायज्ञ कमिटी के सदस्यों ने उपस्थित अतिथियों को जोरदार स्वागत किया।

## सुरक्षा के प्रति उदासीन रवैया को लेकर बैठक संपन्न



**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** सीसीएल सीकेएस संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने पिट ऑफिस के विश्राम गृह में कोल इंडिया स्तर पर खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा लगातार सुरक्षा के प्रति उदासीन रवैया के विरोध में शनिवार को बैठक किया। इसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष किशोर रजवार व संचालन शाखा सचिव कौशलेंद्र कुमार ने किया। इसमें 22 मई को अधिक से अधिक संख्या में महाप्रबंधक कार्यालय चरही के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन के माध्यम से श्रम मंत्रालय को ज्ञापन सौंपे जाने की जानकारी देते हुए प्रदर्शन को सफल बनाने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रिय अध्यक्ष जय प्रकाश राणा, उपाध्यक्ष दासो महतो, उपाध्यक्ष बाबुचन्द् मांझी, दिनेश प्रसाद, सुशील कुमार, केदाल भरेच, बुधवारा देवी, लखनलाल, विजय साव, बसंत राम, बुद्धू मंडल, धीरज कुमार, राकेश महतो, अनिल पाणिग्रहि,सुरेश राम, पियासो देवी, उर्मिला कुमारी सहित काफी संख्या में सदस्य गण उपस्थित हुए।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



**बेरमो :**अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन बेरमो- फुसरो शाखा के द्वारा अग्रसेन भवन फुसरो मे शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के अध्यक्ष सुरूचि जिंदल और प्रांतीय प्रकल्प नेत्र देह, रक्त और अंगदान प्रमुख गरिमा अग्रवाल की उपस्थित आयोजित शिविर में दर्जनों की संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। श्रीमती गरिमा अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी महिला समिति समाजहित में कई कार्यक्रम आयोजित करती है। रक्तदान शिविर भी उन्ही सामाजिक कार्यक्रमों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर के माध्यम से लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक भी किया गया। कहा कि इस समिति से जुड़ी महिलाओं ने समाज हित में कई कार्य किए। इस कारण बेरमो की मारवाड़ी महिला समिति का राष्ट्रीय स्तर पर नाम है। समिति की सचिव हिमांशी अग्रवाल ने कहा कि समिति की ओर से रक्तदान शिविर लगाने से लेकर योगा शिविर, गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग करने से लेकर विभिन्न व्रत-त्योहार में भक्तों की सेवा करने का काम भी किया जाता रहा है। समिति की कोषाध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने बताया कि इस समिति की ओर से निश्शुल्क होमियोपैथिक इलाज में सहयोग से लेकर जनसेवा के अन्य कई कार्य किए गए हैं। के एम मेमोरियल अस्पताल चास के द्वारा रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम प्रकाश अग्रवाल, आनंद गोयल, प्रेम राज गोयल, सरवन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, लक्ष्मी खेमका, सीमा गोयल, पिंकी अग्रवाल, उमा राठी, मनीषा पेडिवाल आदि ने योगदान दिया।

## स्वर्गीय केदार सिंह के स्मृति में सुभाषनगर में हुआ प्याऊ का उद्घाटन



**बेरमो :** फुसरो नप के सुभाष नगर स्थित सुभाष चौक के समीप स्वर्गीय केदार सिंह, स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह, स्वर्गीय कृष्णा सिंह एवं स्वर्गीय घुरेन्द्र सिंह सहित पूर्वजों के स्मृति में प्याऊ का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर राहगीरों को गुड़-चना खिलाने के साथ ठंडा पेयजल भी पिलाया गया। उद्घाटन करते हुए श्रमिक नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने कहा का आज वैसे लोगों की जरूरत है जो भीड़भाड़ वाले जरूरी स्थानों पर ठंडे पानी की व्यवस्था कर सकें। कहा कि प्याऊ का शुभारंभ होने से आसपास के दुकानदारों, रिक्शा चालकों, ऑटो चालको, सब्जी विक्रेता एवं राहगीरों को जल संकट से निजात मिलेगी।प्याऊ की व्यवस्था के संचालक शुभम सिंह ने कहा कि मेरी इच्छा है, कि क्षेत्र के सभी चौक-चौराहों पर ऐसी व्यवस्था कराई जाए। ताकि राहगीरों को पीने योग्य शीतल और शुद्ध जल की कमी नहीं हो। इस अवसर पर राणा सिंह, शेखर सिंह, पंकज सिंह, गोलू सिंह, पवन सिंह, लड्डू संह, सोनू सिंह, दिलीप सिंह, कंतू सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्रखण्ड स्तरीय प्रजापति समाज की हुई बैठक



**बेरमो /गोमिया :** बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखण्ड समिति झारखण्ड प्रजापति कु० महासंघ कार्यकारणी की बैठक होसिर, भोलाडीह स्थित प्रजापति कला भवन में अध्यक्ष शेखर प्रजापति की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रजापति समाज उत्थान एवं समाज के लोगो को दशा और दिशा में परिवर्तन लाने के लिए सर्वसहमति विचार विमर्श किया गया बैठक में मुख्य रूप से श्री देवनारायण प्रजापति, अध्यक्ष श्री शेखर प्रजापति, उपाध्यक्ष तारमेश्वर प्रजापति, महावीर प्रजापति, बसंत प्रजापति, सचिव श्री बालमुकुंद प्रजापति, उपसचिव नरेश कुमार , कोषाध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद, संगठन मंत्री गणेश प्रजापति, मिडिया प्रभारी नरेश प्रजापति, खेल सांस्कृतिक कला प्रभारी अर्जुन प्रजापति, कार्यालय प्रभारी गिरधारी प्रजापति सुचना प्रभारी बीरबल प्रजापति महिला प्रभारी शमीर्ला कुमारी, प्रेमलता कुमारी संरक्षक श्री भरत प्रसाद सलाहकार बद्री प्रसाद, कुलदीप प्रजापति, रघुनाथ प्रसाद, बासुदेव प्रजापति कानूनी सलाहकार सह अधिवक्ता अरुण कुमार प्रजापति, उमेश प्रजापति, संतोष प्रजापति, पंचायत प्रभारी परमानन्द प्रजापति एवं परमेश्वर प्रजापति, छोटेलाल प्रजापति, अशोक प्रजापति, दिनेश प्रजापति, सुनील प्रजापति आदि उपस्थित थे ।



रजत कुमार गुप्ता

अब तेरा खौफ का आलम यह है कि बेचारे किरेण रिजिजू साहब निपट गये। पहले ही लोगों ने आगाह किया था कि अगर साहब को माई लॉर्ड के दरबार से डर लगा तो कुछ ना कुछ ऐसा ही होगा। बलि का बकरा बन गये बेचारे। अब अरविंद केजरीवाल तीसरी बार कब इस दर पर जाते हैं, यह देखने वाली बात होगी क्योंकि यह तो आइने की तरह साफ हो गया है कि आखिर दिल्ली का सारा खेल तो अमित शाह के इशारे पर हो रहा है। अब दिल्ली के उप राज्यपाल और अफसर फिर से सीना ठोंक कर खड़े हो गये हैं कि चुनी हुई सरकार की बात नहीं मानेंगे, देखते हैं कौन क्या कर लेगा।

# तेरे दर पे आया हूं.. .. ..

तेरे दर पे सभी को आना पड़ रहा है। हाल ही कुछ ऐसा हो गया है। अब तेरा खौफ का आलम यह है कि बेचारे किरेण रिजिजू साहब निपट गये।

पहले ही लोगों ने आगाह किया था कि अगर साहब को माई लॉर्ड के दरबार से डर लगा तो कुछ ना कुछ ऐसा ही होगा। बलि का बकरा बन गये बेचारे।

अब अरविंद केजरीवाल तीसरी बार कब इस दर पर जाते हैं, यह देखने वाली बात होगी क्योंकि यह तो आइने की तरह साफ हो गया है कि आखिर दिल्ली का सारा खेल तो अमित शाह के इशारे पर हो रहा है।

अब दिल्ली के उप राज्यपाल और अफसर फिर से सीना ठोंक कर खड़े हो गये हैं कि चुनी हुई सरकार की बात नहीं मानेंगे, देखते हैं कौन क्या कर लेगा।

यह भी भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था का छेद ही है, जिसमें असली नवसामंत वर्ग हर साल यूपीएससी की परीक्षा पास कर निकलते हैं। पावर पूरा है और जिम्मेदारी कुछ भी नहीं। मजे ही मजे हैं, बिल्कुल अंग्रेजों की तरह। कोई एक फंस गया तो बाकी उसे बचाने में जुट जाते हैं।

लेकिन अदालत की शीर्ष पर जो बैठा है, वह क्या और कैसे सोचता है, इसे लेकर मोदी जी परेशान जरूर हैं।

वरना किरेण रिजिजू को हटाने के बाद कॉलेजियम की सिफारिश को तुरंत स्वीकार करने का पूर्व रिकार्ड तो नहीं था।

अब देखना है कि राहुल गांधी के खिलाफ सजा का एलान करने वाले जज की प्रोन्नति पर क्या फैसला आता है। लेकिन एगो कंफ्यूजन है कि कुछ अपने ही भाई लोग अचानक से अडाणी को क्लीन चिट मिलने की बात कैसे करने लगे।

अदालत में जांच कमेटी ने रिपोर्ट सौंपी है। यह कोई क्लीन चिट तो नहीं है। इससे साफ है कि अब भी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से जिन लोगों के हितों को चोट पहुंची है, वे जनता के सामने खुद को पाक साफ बताने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।

अब देखना है कि इस दर पर राहुल गांधी की मानहानि का मामला कब पहुंचता है और अगर पहुंचता है तो उस पर क्या फैसला आता है।

इसी बात पर अपने जमाने की एक सुपरहिट फिल्म लैला मजनू का यह गीत याद आने लगा है।

वैसे तो इस प्रेम कथा पर कई फिल्में बनी थी लेकिन रंगीन फिल्म और उस दौर के सुपरहिट हीरो ऋषि कपूर की वजह से यह फिल्म बहुत अधिक व्यापार कर गयी थी।



इस गीत को लिखा था साहिर लुधियानवी ने और संगीत में ढाला था मदन मोहन ने। इसे मोहम्मद रफी ने अपना स्वर दिया था। गीत के बोल कुछ इस तरह हैं।

तेरे दर पे आया हूँ कुछ कर के जाऊँगा
झोली भर के जाऊँगा या मर के जाऊँगा
***मैं तेरे दर पे आया हूँ ...***
***तू सब कुछ जाने है हर गम पहचाने है***
***जो दिल की उलझन है सब तुझ पे रौशन है***
***घायल परवाना हूँ वहशी दीवाना हूँ***
***तेरी शोहरत सुन सुन के उम्मीदें लाया हूँ***
***तेरे दर पे, मैं तेरे दर पे आया हूँ ...***
***दिल गम से हैराँ है मेरी दुनिया वीराँ है***
***नजरों की प्यास बुझा मेरा बिछड़ा यार मिला***
***अब या गम छूटेगा वरना दम टूटेगा***
***अब जीना मुशकिल है फरियादें लाया हूँ***
***तेरे दर पे, मैं तेरे दर पे आया हूँ ...***

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भी इसी दर के सहारे आगे बढ़ रही हैं। वरना ईडी और सीबीआई ने उनके भतीजे की घेराबंदी पूरी कर ली है।

अदालत की छांव ना रहे तो भाई लोग अभिषेक का भजिया तल देंगे। गनीमत है कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बता दिया है कि ईडी के निदेशक को और आगे सेवाविस्तार नहीं दिया जाएगा।

लेकिन कर्नाटक के चुनाव परिणामों से साफ है कि सीबीआई के नये निदेशक प्रवीण सूद उस राज्य सरकार के निशाने पर होंगे।

महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष क्या फैसला लेते हैं, उस पर भी माई लॉर्ड की नजर रहेगी, यह तय है क्योंकि अदालत के फैसले पर भी उन्हें विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लेना है।

अब जब तक टाल सकते हैं, टाल लें लेकिन यही मामला तो झारखंड में भी फंसा है। सिर्फ मुद्दा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का है।

बिहार में जातिगत जनगणना पर अदालत ने रोक लगा दी है। इससे राजनीतिक लाभ किसे होगा, यह समझने वाली बात है।

वैसे भी नीतीश कुमार की विपक्षी एकता की गाड़ी चलकर कहां पहुंचती है यह देखने वाली बात होगी।

कर्नाटक के शपथ ग्रहण समारोह में कौन कौन नहीं बुलाया गया, यह जगजाहिर है। अब कौन कौन न्योता मिलने के बाद भी नहीं पहुंचा, यह देखने वाली बात होगी।

अब चलते चलते झारखंड की भी बात कर लें कि बिजली और पानी की कमी से हर कोई बेहाल है।

अब क्या इन जन समस्याओं को लेकर भी यहां के माई लॉर्ड के दरबार में जाना पड़ेगा। वहां से बुलावा आता है तो सारे हाकिम सीधे हो जाते हैं, वरना उनसे सही जानकारी मिलना भी कठिन है। हर बात पर बयान जारी करने वाले बयानवीर ऐसे मौकों पर चुप्पी क्यों साध लेते हैं, इस पर भी किसके दर पर जाना पड़ेगा कि सही जानकारी मैंगो मैन यानी आम जनता को मिल सके।

एनटीआर बर्थडे 20 मई पर विशेष

## 100 करोड़ खर्च कर शादी के बंधन में बंधे थे जूनियर एनटीआर

मुंबई: साउथ सिनेमा के स्टार एक्टर जूनियर एनटीआर आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उनकी फैन फॉलोइंग ना केवल दक्षिण में बल्कि हिंदी में भी खूब है। वो पैन इंडिया स्टार बन चुके हैं। अपनी बेहतरीन एक्टिंग के दम पर एक्टर राज करते हैं। वो काफी लैविश तरीके से अपनी लाइफ को जीते हैं। इस बात का अंदाजा उनकी शाही शादी से लगाया जा सकता है। उनकी शादी इंडस्ट्री की महंगी शादियों में से एक रही थी। बताया जाता है कि आरआरआर एक्टर ने अपनी शादी में 100 करोड़ रुपए खर्च कर दिए थे।

**चलिए वो भी बताते हैं कैसे**

दरअसल, जूनियर एनटीआर के बारे में आज हम उनके जन्मदिन (Jr NTR Birthday) के मौके पर बात कर रहे हैं। आज वो अपना 40वां बर्थडे मना रहे हैं। उनका जन्म 20 मई, 1983 को हैदराबाद में हुआ था। वो आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सुपरस्टार एनटी रामा राव के बेटे हैं। जूनियर एनटीआर की शादी इंडस्ट्री की चर्चित शादियों में से एक रही थी। उनकी वेडिंग के गवाह फैंस तक बने थे। बताया जाता है कि 100 करोड़ के बजट वाली इस शादी में 12 हजार फैंस और 3 हजार सेलिब्रिटी गेस्ट ने शिरकत की थी। ऐसे में कुल 15000 लोग इस सेरेमनी का हिस्सा बने थे। एक्टर ने अपनी शादी में अच्छी खासी रकम खर्ची थी। यहां तक कि मंडप सजाने के लिए 18 करोड़ रुपए खर्च किए थे। जूनियर एनटीआर की पत्नी लक्ष्मी ने वरमाला के लिए करोड़ों की साड़ी पहनी थी। बताया जाता है कि उन्होंने वरमाला के लिए जो साड़ी पहनी थी उसकी कीमत करीब 1 करोड़ रुपए थे। इतना ही नहीं बताया जाता है कि इसके बाद उन्होंने इस साड़ी को दान भी कर दिया था। इसके



अलावा साउथ एक्टर की शादी विवाद की वजह से भी चर्चा में रही थी। दरअसल, मामला कुछ ऐसा था कि लक्ष्मी शादी के दौरान केवल 17 साल की थीं। इसलिए काफी बवाल मचा था और इसी वजह से जूनियर एनटीआर को शादी एक साल के लिए टालना पड़ गया था। अंत में जब वो 18 साल की हो गईं तो कपल शादी के बंधन में बंध पाया था।

**दुल्हन ने पहनी थी 1 करोड़ की साड़ी**

जूनियर एनटीआर की पत्नी लक्ष्मी ने वरमाला के लिए करोड़ों की साड़ी पहनी थी। बताया जाता है कि उन्होंने वरमाला के लिए जो साड़ी पहनी थी उसकी कीमत करीब 1 करोड़ रुपए थे। इतना ही नहीं बताया जाता है कि इसके बाद उन्होंने इस साड़ी को दान भी कर दिया था।इसके अलावा साउथ एक्टर की शादी विवाद की वजह से भी चर्चा में रही थी। दरअसल, मामला कुछ ऐसा था कि लक्ष्मी शादी के दौरान केवल 17 साल की थीं। इसलिए काफी बवाल मचा था और इसी वजह से जूनियर एनटीआर को शादी एक साल के लिए टालना पड़ गया था। अंत में जब वो 18 साल की हो गईं तो कपल शादी के बंधन में बंध पाया था।

**शादी में पहुंचे थे 12 हजार फैंस और 3 हजार सेलिब्रिटी**

जूनियर एनटीआर की शादी इंडस्ट्री की चर्चित शादियों में से एक रही थी। उनकी वेडिंग के गवाह फैंस तक बने थे। बताया जाता है कि 100 करोड़ के बजट वाली इस शादी में 12 हजार फैंस और 3 हजार सेलिब्रिटी गेस्ट ने शिरकत की थी। ऐसे में कुल 15000 लोग इस सेरेमनी का हिस्सा बने थे। एक्टर ने अपनी शादी में अच्छी खासी रकम खर्ची थी। यहां तक कि मंडप सजाने के लिए 18 करोड़ रुपए खर्च किए थे।

# आदमी रिपेयर सेंटर

>>व्यंग्य >> अनूप शुक्ल

हमारा मोबाइल महीने भर से रिपेयरिंग के लिये 'मोबाइल अस्पताल' में भर्ती है। पानी चला जाने के चलते उसकी चार्जिंग होना बन्द हो गया था। अन्धा, गूँगा, बहरा हो गया है मोबाइल। रिपेयरिंग सेंटर वालों ने बताया कि चार्जिंग होने लगी, रोशनी भी आ गयी लेकिन आवाज अभी नदारद है। मदरबोर्ड बदलना पडेगा।

हमने कहा- बदल दो। बताया गया कि रिपेयरिंग के पहले आधे पैसे जमा करवाने होंगे। हमें लगा कि मोबाइल न हुआ आईसीयू में भर्ती आदमी हो गया। आपरेशन तभी होगा जब एडवांस पैसा जमा करोगे। अस्पताल का डर होता होगा कि आदमी ठीक होकर फूट लिया तो पैसे डूब जायेंगे। लेकिन मोबाइल के तो पैर नहीं है। रिपेयरिंग चार्ज से कई गुने ज्यादा का मोबाइल जमा है लेकिन आधा पैसा एडवांस में चाहिये।

खैर, गये। मोबाइल देखा। कमर में कागज बँधा था, पट्टी की तरह। आन किया तो सब डाटा, फोटो दिखे। लेकिन आवाज गोल। मोबाइल बेचारा न बोल पा रहा था न सुन पा रहा था। लेकिन ऐसा लग रहा था हमें यहाँ से ले चलो। हमने उसको प्यार से सहलाते हुये दिलासा दिया- ह्लले चलेंगे बेटा, बस जरा ठीक हो जाओ।ह्व ये तो हुई मोबाइल की बात। जो पार्ट खराब हुआ बदल दिया गया। फिर से टनाटन चलने लगेगा। बड़ी बात नहीं कल को आदमी की रिपेयरिंग भी इसी तरह होने लगे। आदमियों के भी रिपेयर सेंटर खुल जायें।

आदमी रिपेयर सेंटर में हर अंग को बदलने की सुविधा होगी। आदमी मोटा हो गया लेकिन टाँगें पतली हैं तो टाँगें बदल जाएँगी। साँस की तकलीफ है, फेफड़े नये डाल देंगे। नजर कमजोर है, नई आँख लगवा लो। चेहरे पर दाग हैं, स्किन बदलवा लो। कोई महिला अपने बच्चे को ले जायेगी और कहेगी- भाई साहब बेटे को चीजें जल्दी याद नहीं होती। इसकी मेमोरी चिप बदल दो।

पिता लोग अपनी बेटियों को जमा कराएंगे- इसके दिमाग से प्यार का भूत इरेज कर दो। खानदान की इज्जत का सवाल है। मुकदमों में फंसे लोग अपने खिलाफ गवाह की मेमोरी चिप में अपने हिसाब से यादें ठेल देंगे। बच जायेंगे।

कोई आदमी अपनी औरत के चेहरे की स्किन चमकदार करवाने के भर्ती करायेगा और बाद में फोन करके उसकी आवाज भी थोड़ा धीमे कर देना। चिल्लाती बहुत है। पैसे की चिन्ता न करो। मैं दे दूंगा।

कोई औरत अपने आदमी को लेकर आएगी -इनकी खांसी ठीक ही नहीं हो रही। फेफड़े बदल दो। अलग से कहेगी - भाई साहब इनकी मेमोरी फाइल से इनकी प्रेमिका का नाम डिलीट कर दो। जब देखो तब उसी को पढ़ते रहते हैं।

कोई नेता सैकडों लोगों को लिये आयेगा और कहेगा- इनके दिमाग में हमारी पार्टी की विचारधारा और हमारे नेता की जयकार फीड कर दो। चुनाव आने वाले हैं। फिर तो स्कीम भी चलेंगी। पुराना आदमी लाओ, नया ले जाओ। आफर सीमित। भुगतान किस्तों में। एक्सीडेंट में बहुत टूट फूट हो गयी तो नया शरीर मिल जायेगा अस्पताल में। आदमियों की कास्टिंग , फोरजिंग मौजूद होंगे अस्पतालों में। आदमी के हिसाब से शरीर की मशीनिंग हो जायेगी। मेमोरी और दीगर चीजें चिप में कापी करके फिट कर दी जायेंगी। पता चला रिपेयर होने के बाद आदमी के स्वभाव में कोई बदलाव आया तो परिवार वाले कहेंगे- जब से रिपेयर होकर आये हैं तबसे चिड़चिड़े हो गये हैं। पहले शांत रहते थे! या फिर यह कि-ह्ल रिपेयर होने के बाद सुधर गये हैं। सारे खुराफाती वायरस निकल गये!



कभी-कभी कुछ बवाल भी हो शायद। पता चला कि डाक्टर ने तमाम हिन्दू आदमियों के दिमाग में कुरान डाउनलोड कर दीं। मुसलमान लोगों के दिमाग में गीता के श्लोक जमा हो गए । पता चला कोई मार्क्सवादी आदमी रिपेयर होकर आया तो उसके दिमाग से दास कैपिटल गायब है और उसकी जगह एक के बदले चार फ्री तथा आफर सीमित जल्दी करें की तमाम स्कीमें भरी हैं। मुक्त अर्थव्यवस्था के हिमायती के दिमाग में लाइसेंसी जमाने की योजनाएं कब्जा किए हैं।

सरकारों को भी सुविधा होगी। नयी सरकार के आने पर राज्यपाल बदलने नहीं पड़ेंगे। केवल पुरानी पार्टी की चिप निकालकर अपनी पार्टी की चिप लगवा देंगे। अफसरों के तबादलों की जगह उनकी चिपों के तबादले होंगे। सब लोग नयी सरकार के मसौदे के हिसाब से काम करने लगेंगे। सरकारों को सहूलियत होगी कि वे अपने हिसाब से मीडिया और बुद्धिजीवियों के दिमाग में अपने हिसाब से चिपें फिट करवा लेगें। देश चाहे बरबाद हो रहा हो लेकिन वे देश को बताते रहेंगे- देश का विकास हो रहा है। सबके अच्छे दिन आ रहे हैं।

हम भी क्या-क्या फालतू सोचने लगे हैं आजकल। लगता है दिमाग खराब हो रहा है। रिपेयरिंग करवानी पड़ेगी।

# आतंकवाद के फन को कुचलना जरूरी



योगेश कुमार गोयल

जम्मू कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साये में जी रहा है, देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी वाहन में आतंकी निदोर्षों के लहू से होली खेलकर आनंदित होते रहे हैं। पिछले कई वर्षों से हम आतंकवाद का यह खामियाजा भुगत रहा है, जिसके कारण अभी तक हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके हैं, अनेक परिवार तबाह हो चुके हैं, बच्चे अनाथ हुए हैं, बहुत सी माएं-बहनें विधवा हो गई तो कहीं बुजुर्गों के बुढ़ापे की लाठी इसी आतंकवाद ने छीन ली। दरअसल आतंकवादी आम लोगों के मन में भय पैदा करना चाहते हैं और इसके लिए किसी भी तरह का खूनखराबा करने से उन्हें कोई गुरेज नहीं होता। ऐसी वहशी घटनाओं को अंजाम देने वालों को इससे कोई सरोकार नहीं होता कि उनके ऐसे कृत्यों से कितने हंसते-खेलते परिवार एक ही झटके में बर्बाद हो जाते हैं। आतंकवाद जैसी इसी भयानक समस्या से निपटने के लिए भारत द्वारा 21 मई का दिन 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' के रूप में मनाया जाने लगा। यह दिवस वास्तव में उन लोगों को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई और यह उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की आधिकारिक घोषणा 21 मई 1991 को भारत के सातवें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद की गई थी, जो लिट्टे के एक आतंकवादी अभियान के दौरान तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में मारे गए थे। राजीव गांधी श्रीपेरंबदूर में एक रैली को संबोधित करने गए थे, जहां लिट्टे से संबंधित एक महिला आतंकी अपने कपड़ों में विस्फोटक छिपाकर उनके पैर छूने के बहाने नीचे झुकी तो जबरदस्त बम धमाके में राजीव गांधी सहित करीब 25 लोगों की मौत हो गई थी। राजीव गांधी की हत्या के बाद तत्कालीन वी.पी. सिंह सरकार द्वारा 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस दिवस को मनाने का अहम उद्देश्य यही है कि देश में आतंकवाद, हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक असर के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाए। इस दिन सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों तथा अन्य संस्थानों में आतंकवाद विरोधी शपथ यही दिलाई जाती है कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते है तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम रखने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं।



राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस (21 मई) पर विशेष

हालांकि पिछले कुछ वर्षों से देश में आतंकवादियों की कमर तोड़ने के लिए जिस तरह के सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, उनके चलते देशभर में आतंकी घटनाओं में कमी दर्ज की जा रही है लेकिन विशेषकर जम्मू कश्मीर में अभी भी पाकिस्तान के पाले-पोसे भाड़े के टट्टू मासूम लोगों के खून से होली खेलने को लालायित रहते हैं किन्तु हमारे जांबाज सुरक्षा बल लगभग आए दिन, शोपियां हो या कुपवाड़ा या घाटी का अन्य कोई क्षेत्र, कहीं न कहीं मुठभेड़ों में दुर्दान्त आतंकियों को ढ़ेर कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में ही सुरक्षा बलों द्वारा सैंकड़ों कुख्यात आतंकियों को कुत्ते की मौत मारा जा चुका है। आतंकियों के खिलाफ चल रहे सुरक्षा बलों के अभियान के चलते इस वर्ष अब तक दर्जनों आतंकियों को मार गिराया गया है, जिनमें कुछ विदेशी आतंकी भी शामिल थे। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद से घाटी में सुरक्षा बलों के एनकाउंटर में सर्वाधिक आतंकवादी मारे गए हैं। हालांकि शोपियां, कुलगाम, पुलवामा जैसे क्षेत्रों में आतंकी समूहों द्वारा स्थानीय युवकों की भर्ती के मामले भी सामने आते रहे हैं लेकिन सबसे ज्यादा मुठभेड़ें भी यहीं हुई। जम्मू कश्मीर में युवाओं के आतंकी संगठनों में भर्ती का मुद्दा सुरक्षा बलों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना रहा है लेकिन राहत की बात यह है कि युवाओं को आतंकवाद के खिलाफ जागरूक करने के चलते आतंकी संगठनों में स्थानीय स्तर पर अब भर्तियां काफी कम हो रही हैं। सीआरपीएफ के सूत्रों के अनुसार वर्ष 2018 में जहां आतंकी संगठनों में 187 स्थानीय लोग भर्ती हुए, वहीं 2019 में 121, 2020 में 181 तथा 2021 में 142 स्थानीय लोग इनमें भर्ती हुए लेकिन 2022 में केवल 100 स्थानीय लोगों ने ही इन संगठनों का दामन थामा और उनमें से भी अधिकांश को सुरक्षा बलों द्वारा मार गिराया गया या गिरफ्तार कर लिया गया। सीआरपीएफ के अनुसार जम्मू कश्मीर में इस समय कम से कम 150 से ज्यादा आतंकी सक्रिय हैं लेकिन सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के कारण पिछले कुछ समय में एलओसी के पास एनकाउंटर में कई आतंकियों का सफाया किया गया तथा घुसपैठ की दर्जनभर कोशिशें भी नाकाम की गईं। वर्ष 2021 में सुरक्षाबलों ने 180 आतंकवादियों को मार गिराया था, जिनमें से 18 विदेशी अतंकी थे। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक दुश्मन की ओर से संघर्ष विराम के उल्लंघन, घुसपैठ की कोशिश या किसी अन्य दुस्साहसिक प्रयास का कड़ाई से जवाब दिया जा रहा है और 2021 में तो आतंकवादी संगठनों के लिए काम करने वाले 495 ओवर ग्राउंड वर्कर पकड़े गए थे। वैसे सैन्य अधिकारियों का स्पष्ट तौर पर कहना है कि आतंकवाद रोधी सख्त अभियान तब तक पूरी ताकत से चलेगा, जब तक कि घाटी में सक्रिय तमाम आतंकवादी आत्मसमर्पण नहीं कर देते या मार नहीं दिए जाते। अधिकारियों के मुताबिक शांति के फायदे लोगों तक पहुंचने से वे अब शांति बनाए रखने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। बहरहाल, देश के कोने-कोने में लोगों को इस दिशा में जागरूक करना ही समय की सबसे बड़ी मांग है।

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### पत्थर लदा अनियंत्रित हाइवा खडी स्कॉर्पियो के ऊपर पलटी

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया गुलाबजामुन होटल टाटीझरिया के सामने पत्थर लदा हाइवा खडी स्कॉर्पियो के ऊपर पलट गई। इसमें हाइवा चालक और हाइवा में सवार अन्य दो लोग घायल हुए हैं। घटना बीती रात शुक्रवार को करीब 9 बजे की है। इस घटना की जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हाइवा पत्थर खदान से हजारीबाग की ओर जा रहा था।

## सिटी अपडेट्स >>

### जिला के हर गली पीसीसी से होगा सड़क निर्माण- जिला अध्यक्ष : उमेश मेहता

**इचाक :** इचाक प्रखंड के बड़की कारीमाटी गांव के पासवान मोहल्ला में 15 वित आयोग अनुदान मद से बनने वाले पसीसी सड़क का शिलान्यास जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता और उपाध्यक्ष किशुन यादव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ और पूजा अर्चना कर किया। यह पीसीसी पथ 10 लाख के लागत से पासवान मोहल्ला में यदुनाथ महतो के घर से नबी मियां के घर तक बनना है। इस दौरान ग्रामीणों ने जिला परिषद अध्यक्ष को गांव की अन्य समस्याओं से अवगत भी कराया। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा की ग्रामीणों से किया वादा को पूरा कर रहा हूं। गांव के साथ पूरे क्षेत्र का विकास करना मेरी प्राथमिकता में शामिल है। जल्द इस गांव में और भी विकास योजनाओं को उतारने का प्रयास करूंगा। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा की जिला परिषद के द्वारा पूरे जिले में विकास कार्य संचालित है। सड़क, नाली, तालाब, भवन, स्वास्थ केंद्र समेत अन्य योजना प्रगति पर है। मौके पर पूर्व मुखिया डेग नारायण मेहता, मनोज सिंह, दशरथ सिंह, मंटू कुमार, रंजन कुमार मेहता, अजय मेहता, यदु मेहता, पप्पू कुमार, सूरज कुमार मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### परियोजना ने इन 5 दिनों में स्वच्छता शपथ, प्रशासनिक भवन सह आवासीय परिसर में साफ सफाई

**हजारीबाग :** हजारीबाग एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा ह्लस्वच्छता पखवाड़ा 2023ह्व के पांचवें दिन हजारीबाग स्थित बाल भवन में चित्रकला प्रतियोगिता एवं साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर बाल भवन के दर्जनों बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वच्छता से संबंधित कई तरह की तस्वीरें बनाई। चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने के अलावा बच्चों ने बाल भवन परिसर की साफ-सफाई में हाथ बटाया। गौरतलब है कि स्वच्छता पखवाड़ा 2023, 16 से 31 मई के बीच देश भर के एनटीपीसी परियोजनाओं एवं अन्य जगहों में चलाई जा रही है जिसके तहत बरवाडीह में भी पिछले 5 दिनों से कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। परियोजना ने इन 5 दिनों में स्वच्छता शपथ, प्रशासनिक भवन सह आवासीय परिसर में साफ सफाई, आरएनआर कॉलोनी में स्वच्छता अभियान, स्वच्छता संबंधित क्विज प्रतियोगिता और आज चित्रकला प्रतियोगिता जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। आपको बता दें कि परियोजना के द्वारा आने वाले 31 मई तक स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए कई तरह के कार्यक्रम प्रस्तावित है। आज हुए इस कार्यकम में जागृति महिला संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा जैन के अलावा जागृति महिला संघ एवं बाल भवन की कई सदस्य मौजूद रहीं।

**राहत** शहरी/ग्रामीण घरेलु (5 केवी) तक के उपभोक्ताओं को डीपीएस माफी का लाभ

# उपायुक्त ने ऊर्जा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- प्रखंडवार विभिन्न स्थानों पर लगाए जायेंगे कैंप
- यह रथ सभी प्रखंडों में जाकर इस योजना का लाभ लेने की अपील करेगी



**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग :** हजारीबाग राज्य सरकार की महत्वपूर्ण बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 के तहत एकमुश्त समाधान योजना को लेकर बिजली बिल, ब्याज माफी का लाभ आमजनों को दिलाने के लिए विद्युत प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा सभी प्रखंडों में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस योजना के व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर आज 20 मई को उपायुक्त आवासीय परिसर से उपायुक्त नैंसी सहाय ने ऊर्जा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ सभी प्रखंडों में जाकर इस योजना का लाभ लेने की अपील करेगी। कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग ने बताया कि डीपीएस की माफी का लाभ एक मुस्त जमा योजना (ओटीएस) के तहत शहरी/ग्रामीण घरेलु (5 केवी) तक के उपभोक्ताओं को डी०पी०एस० माफी का लाभ 30 जून 2023 तक दिया जाएगा, प्रखंडवार विभिन्न स्थानों पर लगाए जा रहे कैंपों के माध्यम से इस योजना का लाभ उठाए। उपायुक्त ने भी सभी विद्युत उपभोक्ताओं को अपील करते हुए कहा कि हजारीबाग जिला अन्तर्गत माह दिसम्बर 2022 तक का डीपीएस की माफी का लाभ एकमुश्त जमा योजना (ओटीएस) के माध्यम से चलाया जा रहा है। इस योजना में शहरी/ग्रामीण घरेलु (5 केवी) तक के उपभोक्ताओं को डीपीएस माफी का लाभ 30 जुन 2023 तक दिया जाना है, जिसके लिए आगामी 31मई 2023 तक प्रखंडवार चिन्हित स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

अस्पताल की गतिविधियों को देखकर किया सराहना

## झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता पहुंचे आरोग्यम अस्पताल किया गया स्वागत

- कहां झारखंड के अन्य निजी अस्पतालों से बेहतर है आरोग्यम की गतिविधियां
- आरोग्यम के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने जताया आभार

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड़ स्थित आरोग्यम अस्पताल के परिसर में शनिवार को झारखंड के श्रम,रोजगार,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं उनके सुपुत्र विनोद भोक्ता अस्पताल परिसर पहुंचे।

अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा एवं अस्पताल परिवार के सदस्यों के द्वारा फूलों का गुलदस्ता एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं उनके सुपुत्र विनोद भोक्ता ने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर अस्पताल के हर गतिविधियों से रूबरू हुए। अस्पताल के हर एक डिपार्टमेंट का जायजा लिया। जिसके पश्चात आरोग्यम अस्पताल के सदस्यों ने उनके साथ तस्वीर ली। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा सामाजिक क्षेत्र में सेवा के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सेवा आपकी सराहनीय है। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड के अन्य निजी अस्पतालों से बेहतर है आरोग्यम की गतिविधियां।

स्वस्थ जीवन शैली और संतुलित आहार जरूरी: डॉ रणजीत सिंह

## साहिबगंज में क्लाउड कैंटीन की हुई शुरूआत



**राष्ट्रीय खबर**

**साहिबगंज:** शहर के सकरुगढ़ स्थिति जयप्रकाश नगर में क्लाउड कैंटीन की शुरूआत की गई। साहिबगंज कैंटीन के नाम से शुरू की गई इस व्यवस्था का उद्घाटन शनिवार को जयप्रकाश नगर में राजमहल मॉडल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रंजीत कुमार सिंह ने फीता करने के बाद दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कैंटीन के प्रोपराइटर संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि पढ़ाई के बाद उन्हें फाइव स्टार होटलों में कार्य के अनेक अवसर प्राप्त हुए, परंतु उनका उद्देश्य अपने शहर की अपनी माटी से जुड़कर कुछ अलग करने को था। बताया कि शहर में 5 किलोमीटर के अंदर कहीं भी ऑनलाइन ऑर्डर पर ताजी, फ्रेश और शुद्ध स्वादिष्ट भोजन 30 मिनट के अंदर घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंटीन में शाकाहारी, मांसाहारी अन्य मीनू के अनुरूप सभी प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध रहेगी, जो उनके स्वयं की देखरेख में तैयार की जाएगी। वहीं मुख्य अतिथि डॉ रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि साहिबगंज कैंटीन के द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन पूरी तरह रसायन मुक्त होगा।

## डॉ राधाकृष्णन स्कूल ऑफ लर्निंग बोंगा में कला, शिल्प एवं विज्ञान प्रदर्शनी का अद्भुत आयोजन



- इस प्रदर्शनी में सभी ने एक से बढ़कर अपनी कला कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग:** आज शनिवार को डॉ राधाकृष्णन स्कूल ऑफ लर्निंग के विद्यालय प्रागंण में प्रधानाचार्या श्रीमती रौशन खान एवं सभी शिक्षकों के नेतृत्व में कला शिल्प एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ इन्द्रजीत कुमार , विभागाध्यक्ष के रसायन विभाग एवं विशिष्ट अतिथि श्री किशोर कुमार गुप्ता उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी में कक्षा छः के छात्रगण आयुष एवं उसके सहभागी ने मिलकर नेत्रहीन व्यक्तियों हेतु स्मार्ट चश्मा बनाकर प्रदर्शनी में प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा दस की रिया एवं उसके सहभागियों ने रक्त संचालन एवं वर्षा जल संचयन पर प्रदर्शनी बनाकर द्वितीय स्थान हासिल किया` प्रदर्शनी में तृतीय स्थान कक्षा आठवीं की रिया एवं राखी ने हासिल की, इन्होनें स्मार्ट सिटी एवं विंड पॉवर प्लांट बनाकर नाम रौशन किया। इस प्रदर्शनी में सभी ने एक से बढ़कर अपनी कला कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। विद्यालय की जूनियर इन्चार्ज , श्रीमती मुकुल रॉय , अंकिता , राखी,प्रिया, अर्चना, आशा , गीतांजली, दीपा, संदीप, अभय, बिरेन्द्र , अमृता,अनजानी, नुरैषा, मालती , विजय संतोष का विशेष योगदान रहा।

## आज संत स्टीफन स्कूल हजारीबाग में आई.टी लैब का उद्घाटन

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग:** आई.जी सह कमांडेंट बीएसएफ मेरुइंद्रजीत राणाएवं संत स्टीफन स्कूल की प्राचार्या श्रीमती कल्पना बारा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इस आई.टी लैब में एक साथ 50 विद्यार्थी बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं यह लैब वर्तमान के साथ भविष्य में होने वाले अनुसंधान को ध्यान में रखकर बनाया गया है जिससे विद्यार्थियों को संपूर्ण तकनीकी ज्ञान दिया जा सके आने वाले वर्षों में संत स्टीफन स्कूल के बच्चों में संपूर्ण तकनीकी ज्ञान का विकास होगा इसके अलावा आज संत स्टीफन स्कूल में बच्चों के बीच मिस एवं मिस्टर शेफ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 8 टीमों ने भाग लिया, शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में विजेता क्लास नाइंथ की अलंकृता आर्य स्नेहा राना दिव्या कुमारी निशा कुमारी रहे एवं उपविजेता वर्ग सेवन के लविव एवं आशीष कुमार रहे निर्णायक मंडल में इंडियन स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट, बोधगया बिहार के प्राचार्य एवं शिक्षक रहे इन्होंने प्रतिभागियों को पाक कला के बारे में काफी सारी जानकारियां दी गई इसके लिए विद्यालय परिवार इन सब का सदैव आभारी रहेगा कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कृतिका कुमारी ने किया इस आयोजन को सफल बनाने में शिक्षा सलाहकार श्री धीरेंद्र शर्मा का विशेष योगदान रहा सभा का समापन श्री धीरेंद्र शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर संपन्न किया गया इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे।

**महायज्ञ** यज्ञ अशुद्धियों को दूर करता है और वातावरण का शुद्धिकरण करता है : मनोज यादव

# कलश यात्रा के साथ पवई व जोकट में महायज्ञ का शुभारंभ

- कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ा
- यज्ञ स्थल के आसपास के इलाके में भक्ति का माहौल पनपता है



**राष्ट्रीय खबर**

**चौपारण :** चौपारण पाण्डेयबारा पंचायत के पवई में माँ भगवती श्री दुर्गा सप्तशी पाठ व करमा पंचायत के जोकट मे शिव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ के लिए कलश यात्रा निकला। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ा। कलश यात्रा में विधायक अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, उप प्रमुख प्रीति गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, पाण्डेयबारा मुखिया रेखा सहित अन्य। देवी मन्दिर पवई से निकला कलश यात्रा जीटी रोड पाण्डेयबारा होते हुए चपरी नदी पहुँचा। वही जोकट शिव मंदिर से निकला कलश यात्र बहेरा, कोयली होते हुए फुलांग नदी पहुँचा जहां यज्ञ आचार्य ने जलभरनी का कार्य सम्पन्न कराया। इससे पूर्व पवई व जोकट में यज्ञ आयोजको ने अतिथियो को भगवा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा यज्ञ अशुद्धियों को दूर करता है और वातावरण का शुद्धिकरण करता है। कहा यज्ञ स्थल के आसपास के इलाके में भक्ति का माहौल पनपता है। पूर्व विधायक ने कामना किया कि ग्रमीणों पर भगवान कृपा बनी रहे और यज्ञ सफल होता है।

जोकट यज्ञ में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव, समाजसेवी रामचन्द्र सिंह, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह मदन लाल ठाकुर, बिरेन्द्र ठाकुर, समस्त ठाकुर परिवार सम्मिलित हुए पवई मे कलश यात्रा में सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुख्य पुजारी नुनू साव, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, जीप सदस्य रवि अकेला यादव, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चंद्रवंशी, भाजपा मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, अशोक सिंह, उप मुखिया संजय गुप्ता, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, हरिश्चंद्र सिंह, देवल यादव बहादुर सिंह, पुर्व मुखिया तुलसी साव, रेवाली पासवान, भागीरथ साव, वासुदेव साव, जगजीत कुमार उर्फ गौरी व्यास यादव, जगदीश यादव, मनोज यादव, अमलेश यादव समेत हजारों धर्म प्रेमी जल यात्रा में उपस्थित हुए।

## न्यूज फटाफट

### स्कूली ऑटो पलटने से कई बच्चे हुए घायल दो की स्थिति गंभीर



**इचाक :** इचाक प्रखंड कार्यालय के आसपास स्कूली ऑटो पलटने से कई बच्चे हुए घायल दो की स्थिति गंभीर बताया जा रहा है कि ऑटो मानव विकास बेसिक अकैडमी के विद्यार्थियों को थाना क्षेत्र के सीझुआ ग्राम से राणा मोहल्ला के बच्चे थे। ऑटो में लगभग 15 बच्चे बैठे हुए थे लोगों ने बताया कि ऑटो आनियंत्रित होकर 1 टायर गड्ढे में चला गया जिससे यह घटना घटी। घटना 20 मई की लगभग 6:30 बजे सुबह की बताया जा रहा है घायल बच्चे उज्जवल राणा पिता अरविंद राणा, गोलू राणा, पिता- रमेश राणा समेत कई बच्चे हैं। स्थानीय लोगो तथा स्कूल प्रबंधक द्वारा तुरंत संज्ञान में लेते हुए बच्चो को सदर अस्पताल भेजा गया। बच्चे खतरे से फिलहाल बाहर हैं लेकिन बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया।

### आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत एसएसबी मेरू कैम्प एवं हजारीबाग के स्कूलों मे ऑन-लाइन ई प्रतियोगिता का आयोजन



**हजारीबाग :** बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार, आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंर्तगत प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरु कैंप हजारीबाग मे श्री इंद्रजीत सिंह राणा महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, के तत्वावधान में दिनांक 20 मई 2023 को प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय में पदास्थापित कार्मिकों, प्रशिक्षुओं, युवाओं तथा स्कूली छात्रों के बीच गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित भारतीय इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम एवं स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित विषय पर एकता थीम के अंर्तगत ऑन लाइन ई क्विज प्रतियोगिता आयोजित करायी गई। आजादी का अमृत महोत्सव की आधिकारिक शुरूआत 12 मार्च 2021 को की गयी। यह महोत्सव भारत के आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर भारत सरकार द्वारा पूरे देश में मनाया जा रहा है जो कि 15 अगस्त 2023 को समाप्त होगा। आजादी का अमृत महोत्सव भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान को प्रगति की ओर ले जाने वाली सभी चीजों का एक मूर्त रूप है। यह महोत्सव भारत की जनता को समर्पित है जो आत्मनिर्भर भारत की भावना से प्रेरित है। देश भर में देशभक्ति के संदेशो को आम नागरिकों के बीच प्रसारित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के द्वारा भारत को अंग्रेजो की पराधीनता से मुक्त कराने के लिए उनके बलिदान के प्रति जागरूक करना है। इस क्विज प्रतियोगिता को लेकर अमृतनगर उच्च विद्यालय के छात्र एवं युवाओं के बीच काफी उत्साह दिखाई दिया एवं सभी प्रतिभागियो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, साथ ही संस्थान के सभी कार्मिकों ने इस प्रतियोगिता मे ऑन लाइन हिस्सा लिया। इस विशेष अवसर पर श्री इंद्रजीत सिंह राणा, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रशिक्षण केन्द्र एव विद्यालय के कार्मिकों, छात्रो एवं युवाओं को बधाई दी एवं अपने प्रेषित संदेश में कहा कि भारत सरकार द्वारा आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष पूरे होने और यहां के नागरिकों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने के लिए भारत सरकार की ओर से की जाने वाली महत्वपूर्ण पहल है। आजादी का अमृत महोत्सव का मतलब आजादी की उर्जा का अमृत है। यह महोत्सव वैश्विक शांति का एवं विकास का महोत्सव है।

### जदयू सम्मेलन में बड़कागांव के कार्यकर्ता हुए शामिल



**बड़कागांव :** बड़कागांव जदयू प्रखंड कमेटी के कार्यकर्ता जदयू के जिला महासचिव सुरेश कुमार वर्मा एवं प्रखंड अध्यक्ष डॉ रघुनंदन प्रसाद के नेतृत्व में जदयू के जिला सम्मेलन में शामिल हुए। मौके पर जिला महासचिव सुरेश कुमार वर्मा ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में स्वच्छ व इमानदारी सरकार दी। यही कारण है कि पूरे भारत में इन्हें सुशासन बाबू के नाम से जाना जाता हैं। आने वाला समय में भारत के प्रधानमंत्री होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खीरू महतो ईमानदारी का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में जदयू मजबूत हुआ है। मौके पर शिव शंकर ठाकुर, संजय महतो, मुरारी महतो, दिलचंद महतो, हरिदयाल महतो, सुनील कुमार, प्रभु कुमार, सोनू कुमार, कैलाश प्रजापति, मोहम्मद दानिश आदि मौजूद थे।

### रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से धात्री फाउंडेशन द्वारा लगाया गया रक्तदान शिविर

**हजारीबाग :** शहर के मटवारी स्थित डॉ अमन उर्वर के क्लीनिक परिसर में धात्री फाउंडेशन के द्वारा शनिवार को एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी प्रदीप प्रसाद, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के पूर्व सचिव नीरज कुमार, सचिव एडवाईजरी कॉउसील, धात्री फाउंडेशन डॉ० अमन उर्वर एवं सचिव विनय कुमार मिश्रा एवं एडवाईजरी सदस्य अजय मिश्रा सहित कई अतिथियों के द्वारा उद्घाटन किया गया। जिसके पश्चात तमाम अतिथियों के द्वारा रक्त दाताओं का हौसला अफजाई किया गया। रक्तदान में कुल 13 रक्त दाताओं के द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदान करनेवाले रक्तदाता मे महेश ठाकुर, उमाशंकर सिंह, प्रेम कुमार पाण्डेय, सन्नी कुमार, राहुल कुमार, विवेक कुमार, ज्ञान रंजन, शेखर सुमन, राजीव रंजन एवं अनुज कुमार सहित कुल 13 सदस्यों द्वारा रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। मौके पर समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए रक्त की काफी कमी हो रही है। ऐसी स्थिति में फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर के लिए फाउंडेशन के तमाम सदस्य बधाई के पात्र हैं। हर स्वास्थ्य व्यक्तियों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। सचिव तनवीर सिंह ने कहा कि आप का दिया हुआ रक्त, किसी की रगों में दौड़े, इसे अमूल्य कोई चीज नहीं होती। इसलिए हर व्यक्ति को हर 3 महीने पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। मौके पर :-धात्री फाउंडेशन के अध्यक्ष चक्रपानी मिश्रा, उप सचिव डॉ० समीर कुजुर, नीरज कुमार सहित धात्री फाउण्डेशन के अनेक सदस्य उपस्थित थे वही रक्त संग्रहण में रक्त अधिकोष के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीरज कुमार प्रयोगशाला प्रावैधिक मो० शमशाद हुसैन, शिला कुमारी, श्रीमती पुनम कुजुर जिला रेड क्रॉस के सनत सिन्हा, पवन कुमार, संतोष कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रदेश >> अपडेट

### बकरी की मौत पर लाभुक ने मांगा मुआवजा

पलामू : जिले के हरिहरगंज प्रखंड अन्तर्गत सेमरबार पंचायत के कौवाखोह निवासी दिव्यांग सुभाष राम को जीविकोपार्जन के लिए मिले एक बकरी की मौत पर लाभुक ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। बता दें कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत जिला पशुपालन कार्यालय से प्राप्त 90 प्रतिशत सब्सिडी पर सप्लायर के द्वारा लाभुक के न चाहने पर भी बीमारी से ग्रस्त 4 बकरियां और 1 बकरा दे दिया गया था। जिसमें एक बकरी की तत्काल मौत हो गई थी। जबकि 3 बकरियां और 1 बकरा अभी भी गंभीर रूप से पीड़ित हैं। बता दें कि लाभुक अत्यंत ही निर्धन दिव्यांग व्यक्ति है जो गरीबी की वजह से बदहाली की जीवन जीने को विवश है। इसे लेकर ग्रामीण रामजन्म मेहता सहित कई अन्य लोगों ने भी इस योजना के लाभुक को अविलंब सरकारी मुआवजा देने की मांग की है।

कार्यशैली > डीजीपी साहब की पांच महीनों की कार्यशैली जो चर्चा का मुख्य केंद्र

# नीतीश कुमार के चयन पर उठ रहे हैं सवाल

- आरएस भट्टी को खुद सीएम ने चुना था
- होटल और धर्मशालाओं की चेकिंग नहीं
- वरीय अफसरों से दूरी से काम काज प्रभावित

दीपक नौरंगी



पटना: बिहार राज्य के मुखिया नीतीश कुमार ने आईपीएस आर एस भट्टी पर बड़ा भरोसा किया लेकिन डीजीपी आर एस भट्टी की कार्यशैली पुलिस हेड क्वार्टर में चर्चा का मुख्य केंद्र बनी रहती है पदभार संभालने के बाद एडीजी स्तर के पदाधिकारियों को मिलने के लिए डीजीपी से अनुमति लेनी पड़ती है। एडीजी स्तर के पदाधिकारी को डीजीपी के कार्यालय के बाहर घंटों इंतजार करना पड़ा। भले ही यह चर्चा है कि डीजीपी भट्टी के पूर्व परिचित एक एडीजी जो डीजीपी के कार्यालय में बिना अनुमति के आते और जाते हैं उनको लेकर लगातार गपशप की चचाएं होती दिखती है। डीजीपी ने पदभार संभालने के बाद आईपीएस अधिकारियों की बैठक में एक एडीजी को कहा आपके पास दो विभाग है बताइए कौन सा विभाग रखना चाहते हैं लेकिन वह एडीजी अभी तक अपने दोनों पदों पर है।

बिहार के सबसे सीनियर आईपीएस अधिकारी ने नए डीजीपी भट्टी के पदभार ग्रहण करने के बाद उनसे मिलने की कई बार कोशिश की लेकिन डीजीपी की अनुमति नहीं मिलने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो पाई जो आईएएस और आईपीएस में चर्चा का मुख्य केंद्र बनी रही। यूपीएससी ने तीन आईपीएस का नाम भेजा तो मुख्यमंत्री ने भट्टी पर ही क्यों जताया भरोसा। चचाओं पर भरोसा करें तो पूर्व डीजीपी एसके सिंघल और भट्टी के बीच बेहतर तालमेल का नतीजा है कि मुख्यमंत्री ने भट्टी पर ही नए डीजीपी के तौर पर अपनी मुहर लगाई। लोग कहते हैं कि मुख्यमंत्री के निजी प्रधान सचिव दीपक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। महकमे में डीजीपी में आलोक राज का नाम खूब सुर्खियां बना रहा लेकिन होना कुछ और था। सीनियर आईपीएस अधिकारी 1989 बैच के आलोक राज को बिहार के डीजीपी नहीं बनाए जाने पर पुलिस महकमे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सुर्खियों में बने रहे।

यह भी जानना जरूरी है क्योंकि जब से डीजीपी आर एस भट्टी ने अपना पदभार संभाला है तबसे बिहार में जितने भी होटल और धर्मशालाएं हैं वह अब नियमित तौर पर जांच नहीं की जा रही है। पूरे बिहार में पुलिस के द्वारा रोको टोको अभियान चलाया जाता था वह अभियान अब नहीं चलाया जाता है। डीजीपी आर एस भट्टी सीधे तौर पर वह बिहार की आम जनता और पीड़ित जनता से नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने एक एडीजी स्तर के पदाधिकारी को इस काम में लगा दिया है।

सबसे अहम सवाल क्या डीजीपी साहब बिहार के सभी सीनियर एसपी और एसपी के साथ ऑनलाइन बैठक क्यों नहीं कर रहे हैं। इसका सीधा तौर पर विधि व्यवस्था पर कितना बेहतर प्रभाव पड़ेगा या फिर खराब पड़ेगा, इस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विचार करना चाहिए। जब आर एस भट्टी को दिसंबर महीने में मिली तो चर्चा थी कि नए डीजीपी अपने मन के मुताबिक पदाधिकारियों की टीम अपने मन के मुताबिक बनाना चाहते थे लेकिन बिहार के मुखिया नीतीश कुमार ने अभी तक भट्टी के पदभार संभालने के बाद एडीजी स्तर के पदाधिकारियों का तबादला नहीं किया है। भले ही जून के अंतिम या दिसंबर महीने में यह तबादले की चर्चा पुलिस वरीय पदाधिकारियों में होती दिखती है।

## न्यूज फटाफट

### जिला स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू



पलामू : पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में जी एल ए कॉलेज मेदनीनगर के मैदान में दो दिवसीय बालक बालिका सीनियर जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ,पलामू जिला वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद , पलामू जिला कबड्डी संघ के सचिव कमलानंद दुबे , एवं प्रदीप कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर 5000 मीटर और 200 मीटर दौड़ प्रारंभ कराया। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आजाद शत्रु प्रसाद सिन्हा ने मुख्य अतिथि एवं खिलाड़ियों को स्वागत किया। सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के प्रथम दिन पलामू जिला के लगभग सभी प्रखंडों से 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तकनीकी पदाधिकारी रेशमा पांडे के नेतृत्व में मोनू कुमार , सोनी कुमारी, आशुतोष कुमार, अक्सा नाग, गोविंद गिरी ,अंकित कुमार, सुनील कुमार , अपर्णा कुमारी, साक्षी कुमारी, मुनी कुमारी ,तनु कुमारी इत्यादि ने किया। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी पाकुड़ जिला में आयोजित झारखंड राज्य सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे भाग लेकर पलामू का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

### मुखिया के देवर ने किया दुष्कर्म

मेदिनीनगर : सदर थाना क्षेत्र के कौड़िया पंचायत की मुखिया कुमारी अंजना सिंह के देवर सत्येंद्र सिंह द्वारा दो बच्चों की मां को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। सबसे बड़ी बात यह है कि 3 दिन तक इस मामले को पंचायत दबाते रही और धमकी और पैसों का प्रलोभन देकर रफा-दफा करने के लिए दबाव बनाया। पीड़ित परिवार को घर से निकलने नहीं दिया जा रहा था ।इसी बीच मौका मिलने पर महिला और उसका पति सदर थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को जल्द न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा ।बताया जाता है कि 16 मई की रात मुखिया अंजना के देवर सत्येंद्र सिंह ने पंचायत क्षेत्र के 30 वर्षीय युवक को उसके घर से तिलक समारोह में अपने साथ बाइक पर बैठा कर ले गया और उसे वहां छोड़कर पुनः उसके घर लौट गया। जहां उसकी पत्नी और दो बच्चे घर में सोए हुए थे। रात करीब 10 .30 बजे सत्येंद्र सिंह ने महिला के घर का दरवाजा यह कह कर खुलवाया कि उसका पति शराब के नशे में धुत हो गए हैं और सड़क पर गिरे हुए हैं। महिला हड़बड़ा कर दरवाजा खोली और जैसे ही बाहर निकली सत्येंद्र सिंह ने उसे अपने कब्जे में कर लिया और साड़ी से उसका मुंह दबा कर घर से कुछ दूर आगे सुनसान टाड़ी पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। करीब 1 घंटे बाद तिलक समारोह से जब महिला का पति घर पहुंचा तो दरवाजा खुला देखकर पत्नी की अगल-बगल खोजबीन की तो टाड़ी पर आपत्तिजनक स्थिति में वह पाई गई। अगले दिन शाम में गांव के सामुदायिक भवन में पंचायत हुई और पीड़िता को न्याय देने के बजाय पंचायत के लोगों ने उसे मायके जाने की सलाह दी, जबकि कुछ लोगों ने पैसे लेकर मामले को रफा-दफा करने के लिए दबाव बनाया। विवाद के कारण पंचायत में कोई निर्णय नहीं हो पाया। अगले दिन यानी 18 मई की सुबह पुनः ।पीड़िता के घर पर पंचायत हुई। महिला के पति ने बताया कि इस पंचायत में क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह, उप प्रमुख शीतल सिंह, राजू सिंह, छोटू विश्वकर्मा के अलावा मुखिया कुमारी अंजना सिंह, उनके पति रविंदर सिंह सहित दर्जनों लोग जुटे और पीड़ित महिला को किसी भी स्थिति में थाना नहीं जाने का निर्देश दिया। महिला के पति ने कहा कि थाना जाने की बात कहने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। गांव के लोग उसकी पत्नी के सड़क पर चलने पर इज्जत उछालते नजर आए। 2 दिनों तक किसी तरह डर के साए में रहे। तीसरे दिन हिम्मत जुटाकर थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

## हुसैनाबाद की घटना के दोषियों को मिले कड़ी सजा: कमलेश

राष्ट्रीय खबर



पलामू: हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना की विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कड़े शब्दो में निंदा की है। उन्होंने कहा है कि मामले के दोषी युवकों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ हुसैनाबाद को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। घटना को लेकर वह काफी दुखी हैं, लगातार नजर बनाए हुए हैं। पीड़िता के स्वास्थ्य पर भी नजर बनाए हुए है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। उसका ऑपरेशन भी सफल हो गया है। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ हैं। उन्हे न्याय दिलाने के साथ साथ हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने इस मामले को लेकर एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान को पल पल नजर बनाए रखने की हिदायत की है।

## कराटे के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित कर रहा संत मरियम स्कूल

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर: किसी ने सच कहा है कि जो सुविधाए विकसित शहरो के बच्चों को प्रदान की जाती है अगर वो सारी सुविधा पलामू जैसे सुदूरवर्ती पिछड़े इलाके के बच्चे को मिले तो यहां के बच्चें एक बेहतर शानदार इतिहास लिख देगें ।उपरोक्त पंक्ति के भावार्थ को सच कर दिखाया है पलामू जिला अन्तर्गत मुख्यालय स्थित संत मरियम स्कूल के छात्र सिद्धेश कुमार ने ।अभी हाल ही में नेपाल काठमांडू में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उसने सिल्वर मेडल प्राप्त कर पलामू का लोहा मनवाया । जब बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर करें तो स्कूल का दायित्व है कि स्कूल उसे पुरस्कृत कर आगे और बेहतर करने के लिए प्रेरित करे ।इसी कड़ी में शनिवार को संत मरियम विद्यालय शाखा -कजरी के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नेपाल काठमांडू से इंटरनेशनल लेवल पर ब्लैक बेल्ट प्राप्त एवं अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल प्राप्त कराटेकार सिद्धेश कुमार को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के द्वारा पुष्पमाला और



5000 हजार का चेक देकर हौसला बढ़ाते हुए सम्मानित किया गया ।सम्मान पाकर छात्र के चेहरे पर विद्यमान मुस्कान ने यह प्रण किया की आने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में वह और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए कटिबद्ध है।उक्त मौके पर लम्बे समय से सिद्धेश को प्रशिक्षण देने वाले शिहान संतोष कुमार उपस्थित थे ।संतोष कुमार एक प्रसिद्ध प्रशिक्षक है जिनके नेतृत्व में संत मरियम सहित पलामू के विभिन्न स्कूल के बच्चें कराटे में अनेकों उपलब्धि हासिल कर रहे है ।

## पीएम मोदी किसी को छोड़ने वाले नहीं: आदित्य साहू



राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर: पलामू प्रधानमंत्री मोदी किसी को छोड़ने वाले नहीं हैं, जरूरत पड़ी तो चीन के घर में घुस कर मारेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ ऐसा हो चुका है। यह बातें राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने पलामू में कही है। आदित्य साहू पलामू में भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान की समीक्षा करने पहुंचे थे। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आदित्य साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 130 करोड़ लोगों का नेतृत्व करते हैं, कोई देश की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकता है। चीन के खिलाफ सरकार मजबूत है, जरूरत पड़ी तो घर में घुस कर में मारेंगे।एक सवाल के जवाब में आदित्य साहू ने कहा कि कर्नाटक में कितना भी काम कर लीजिए प्रत्येक पांच वर्ष में वहां सरकार बदल जाती है, कर्नाटक हारे जरूर हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में हुए निकाय चुनाव में पार्टी को बड़ी सफलता मिली है। वहीं आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड सरकार केंद्र की सभी योजनाओं को फेल करना चाहती है। लोगों को अनाज नहीं दिया जा रहा है, केंद्र से मिलने वाले अनाज की कालाबाजारी की जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पलामू सांसद विष्णुदयाल राम, भाजपा के राज्य प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह समेत कई भाजपा नेता मौजूद थे।

## फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगरः पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत दीक्षित मोहल्ला में शुक्रवार की रात मनजीत दीक्षित की पत्नी सुरभि देवी उम्र 23 वर्ष अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।जबकि सुरभि के परिजनों का आरोप है कि सुरभि को मारपीट कर उसे फांसी पर लटकाया गया है। और इसे आत्महत्या का रूप दिया गया है।इस संबंध में लड़की के भाई आशुतोष पांडे ने बताया कि बहन सुरभि देवी उम्र 23 वर्ष का विवाह वर्ष 2019 मे रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम दीक्षित मोहल्ला निवासी सीताराम दीक्षित के पुत्र मनजीत दीक्षित के साथ सुखी संपन्न विवाह हुआ था। विवाह होने के एक 2 वर्ष के बाद मनजीत दीक्षित और उसके माता-पिता मृतिका सुरभि दीक्षित के साथ दहेज और पैसे की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। इसी बीच 19 मई 2023 की शाम हमारे बहन के पति मनजीत दीक्षित,ससुर सीता राम दीक्षित, शास लडोना देवी, ननद रेखा कुमारी सहित अन्य लोग सुरभि देवी के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिए और आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी के फंदे से घर में लटका दिया।

## डबल बिजली कनेक्शन तथा गलत बिल से परेशान हैं किसान: कर्नल संजय



राष्ट्रीय खबर

पलामू : विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों के जनता इन दिनों बिजली विभाग के मनमानी से परेशान हैं। डबल बिजली कनेक्शन, गलत बिजली बिल,बंद पड़े मीटर के कारण आम जनता गरीब किसान सभी त्रस्त है। उक्त बातें भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया। उन्होंने कहा कि किसान ब्रिगेड ने ज्ञापन सौंपकर इस समस्या के निराकरण हेतु आग्रह किया था। लेकिन बिजली विभाग ने इस पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान दर्जनों गांव में इस प्रकार की समस्या हमारे सामने रखी जा रही हैं। हुसैनाबाद प्रखंड के डंडीला पंचायत अंतर्गत ग्राम ईटबांध के लगभग सभी घरों में बिजली विभाग के द्वारा डबल कनेक्शन कर दिया गया है और बिल वसूली करने के लिए नोटिस भेजा जा रहा है। बंद पड़े मीटर को ठीक कराने के लिए ग्रामीणों ने बिजली विभाग को आवेदन दिया था लेकिन उस पर कार्रवाई नहीं की गई। आज किसान ब्रिगेड के माध्यम से ग्राम ईटबांध के लगभग 20 से 25 लोगों का आवेदन बिजली विभाग कार्यालय में विद्युत कार्यपालक अभियंता को देकर डबल बिजली कनेक्शन को सिंगल करने तथा खराब पड़े मीटर को चालू कराने का आग्रह किया गया हैं।

भ्रष्टाचार > मनातू प्रखंड में पीएम आवास में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया

# सरकारी नौकरी करने वाले को मिला पीएम आवास

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर: पलामू जिले के मनातू प्रखंड में पीएम आवास में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। सरकारी नौकरी करने वालों को गरीब बताकर उन्हें पीएम आवास का लाभ दिया गया है। जबकि गरीब व्यक्ति को पीएम आवास योजना के लाभ से आज भी वंचित रखा गया है। मनातू के पीएम आवास ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रजनीकांत सक्सेना का काला सच सामने आ गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर पीएम आवास के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रजनीकांत सक्सेना के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंजाब नेशनल बैंक के सरकारी कर्मचारी नौडीहा निवासी नीलनाथ कुमार यादव का पीएम आवास का लाभ दिया गया है। जिसका आवास आईडी रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 1277188305 हैं। नीलनाथ कुमार यादव का पीएम आवास का सारा पैसा के निकासी भी कर लिया गया है। आवास का मनरेगा मजदूरी का भी फर्जी भुगतान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि स्वयंसेवक रविंद्र कुमार यादव और वीरेंद्र कुमार सिंह के देखरेख में आवास का कार्य पूर्ण बताकर पैसे की निकासी की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि बैंक कर्मी नीलनाथ कुमार यादव के दादा रामवृत यादव के नाम कुछ साल पहले 75 का आवास आया था। नीलनाथ कुमार यादव उसी आवास का अल्बेस्टर उतार कर पीएम आवास बनाकर पैसा निकासी कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि मनातू प्रखंड में मनमानी तरीके से पदाधिकारी के लोगों ने सरकारी कर्मी को प्रधानमंत्री आवास देने का काम बड़े पैमाने पर किया है। पलामू उपायुक्त के सख्त निर्देश के बाद भी पीएम आवास में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पीएम आवास के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोटी रकम लेकर नौकरी करने वाले लोगों का पीएम आवास का लाभ पहुंचाने का काम किया है। यदि पूरे प्रखंड में पीएम आवास योजना का जांच की जाए तो ऐसे सैकड़ों मामले सामने आएगी। नौडीहा पंचायत में आज भी सैकड़ों गरीब व्यक्ति पीएम आवास योजना के लाभ से वंचित है। वहीं नौकरी करने वाले सरकारी कर्मचारी और संपन्न व्यक्ति पीएम आवास का लाभ लेकर गरीबों के हक लूटने का काम किया है। नीलनाथ कुमार यादव का पहला किस्त 24.08.2021 को 40 हजार , दूसरा किस्त 24.03.2022 को 85 हजार और तीसरा किस्त 10.02.2023 को 5 हजार भुगतान किया गया है। इसके अलावा मनरेगा के तहत 21 हजार 4 सौ 86 रुपए भी भुगतान हुआ है। मनरेगा योजना के तहत बैंक कर्मी नीलनाथ कुमार यादव और उनके पत्नी ललिता देवी के खाते में मजदूरी का भुगतान हुआ है। ग्रामीणों ने ब्लॉक कोऑर्डिनेटर , स्वयंसेवक , पंचायत सचिव , रोजगार सेवक , मुखिया व संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। अब देखना होगा कि इस मामले में क्या कार्रवाई होती है। हालांकि बैंक कर्मी नीलनाथ कुमार यादव का कहना है कि आपसी झगड़े में कुछ व्यक्ति पुराना मामला सामने ला रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीएम आवास का लाभ मिला है। आवास का निर्माण भी पूर्ण कर लिया गया है।

कुछ लोग आपसी विवाद में पीएम आवास योजना कब पैसे को रिकवरी करवाना चाहते हैं। वही प्रखंड समन्वयक से पूछा गया तो उन्होंने भड़क गए है। इस संबंध में प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो ने कहा कि सरकारी कर्मी को पीएम आवास का लाभ देना गलत है। किसी भी कीमत में सरकारी कर्मी को पीएम आवास का लाभ नहीं देना है। सख्त निर्देश के बाद भी मनातू के नौडीहा पंचायत में सरकारी कर्मी को किस आधार पर पीएम आवास का लाभ दिया गया है पूरे मामले की जांच की जाएगी। जांच में जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पैसे की रिकवरी के साथ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया भी चलेगी।

## नोटबंदी का फैसला गलत था: रूचिर



राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर: मोदी सरकार के द्वारा अपने प्रथम कार्यकाल में ही नोट बंदी लागू किया जिसमें 500 और 1000 के पुराने नोट बंद करके नया नोट 2000 का चालू किया लेकिन मोदी सरकार का नोटबंदी देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया हजारों फैक्ट्रियां कंपनियां बंद हो गई यहां तक की लाइन में लगकर सैकड़ों गरीब मजदूर मेहनतकश लोगों की मृत्यु हो गई और देश के काले धन के व्यवसाय और बड़े कारपोरेट ओ को नोटबंदी के माध्यम से काले धन को सफेद करने का एक बड़ा मौका मोदी जी ने दिया और उसके बाद लगातार यह झूठा प्रचार किया कि नोटबंदी से देश को बहुत राहत मिला काला धन वापस आ गया। आज आरबीआई के द्वारा देश के प्रधानमंत्री ने 2000 के बड़े नोट को बंद करवा दिया लेकिन इस 2000 के बड़े नोटों को छापने में 1461 करोड़ का खर्च आया यह पैसा कहां से आया यह पैसा गरीबों के टैक्स का पैसा था। जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपरिपक्वता अपने कॉर्पोरेट मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए जल्दी बाजी में लिया गया निर्णय था जिसमें देश के आम जनता का भारी नुकसान हुआ इसके लिए सार्वजनिक तौर पर देश के प्रधानमंत्री मोदी जी को आम जनता से माफी मांगना चाहिए कि हमसे बहुत बड़ी भूल हो गई थी।

## शहर >> अपडेट

### गौवंशीय पशु लोड दो पिकप धराया

**कुडू :** एनएच 75 कुडू-चंदवा रोड में टीको के नजदिक कुडू पुलिस ने क्रूरता पूर्वक गौवंशीय पशु लोड दो पिकअप वाहनों को शुक्रवार को अहले सुबह पकड़ा। दोनो वाहनों में 16 गौवंशीय पशु क्रूरता पूर्वक लोड किया गया था। मवेशियों के संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नही करने पर दोनो वाहनों को जप्त कर पुलिस कुडू थानां ले आयी।

## सिटी अपडेट्स >>

### प्रिंस क्लब के 50 वर्ष पूरे होने पर होगा कार्यक्रम

**झुमरीतिलैया :** शहर के प्रतिष्ठित क्लब प्रिंस क्लब के अभूतपूर्व 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में क्लब के गोल्डन जुबली प्रिंस क्लब सेलिब्रेशन आयोजित करने हेतु एक बैठक क्लब के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र जयसवाल के आवास पर हुई। बैठक में तय हुआ कि आगामी जून माह में तिथि निर्धारित कर प्रिंस क्लब का भव्य गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन आयोजित किया जाएगा जिसमें क्लब के लगभग सभी वरिष्ठ एवं वर्तमान सदस्यों को आमंत्रित किया गया जाएगा। पांच सम्मानित संस्थापक सदस्यों को सम्मानित किया जाना तय हुआ। बैठक में मुख्य रूप से मनोज सहाय पिंकू, उत्तम कुमार दास पाल, अरुण सिंह, अरशद खान, विनोद कुमार चौरसिया, राजीव रंजन शुक्ला, नवनीत ओझा बंटी, भारत बक्शी, हुसैन अली, सुरेंद्र यादव सहित अन्य उपस्थित हुए। प्रिंस क्लब गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन को भव्यरूप से आयोजित करने हेतु 23 मई को राजेंद्र जायसवाल के निवास स्थान पर बैठक आयोजित किया जाना तय हुआ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### विभिन्न गतिविधियों के साथ किड्जी में चल रहा समर कैंप

**झुमरीतिलैया :** शहर के बिशुनपुर रोड स्थित किड्जी विद्यालय में समर कैंप के चौथे दिन छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालय की निदेशक ब्यूटी सिंह ने कहा कि समरकैंप एक पर्यवेक्षित कार्यक्रम है। जो आमतौर पर किशोरों और बच्चों के लिए व्यवस्थित किया जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विशाल सिंह ने कहा कि यह समर कैंप में दस दिनों तक अलग अलग कार्यक्रम के माध्यम से बच्चो को नई-नई चीजें सिखाई जाएंगी। इस अवसर पर किड्जी विद्यालय के बबीता सिंह, प्रिय मोदी, निकिता सिंह, पम्मी सिन्हा, नरगिस नाज, अंकित कपसीमे, अखिलेश, सूरज, प्रिया बरनवाल, सृष्टि, नीतू सिन्हा, अमृता कुमारी, रिंपा सिंह, प्रिया शर्मा, नीतू कुमारी, श्वेता कुमारी, जूली, मासूम कुमारी, अर्चना कुमारी, सानिया कुमारी इत्यादि शिक्षक तथा शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### नगर पंचायत कोडरमा में निर्मित दुकानों का आबंटन

**कोडरमा :** उप विकास आयुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में नगर पंचायत, कोडरमा अन्तर्गत निर्मित दुकानों का आवंटन हेतु नगर पंचायत कोडरमा में प्राप्त कुल 14 आवेदन के लाभुकों में से उपस्थित कुल 11 लाभुकों के बीच लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आवंटन किया गया। बताया गया कि दुकान आवंटन में यदि किसी को आपत्ति हो तो दिनांक 22 मई तक नगर पंचायत कार्यालय, कोडरमा में उपस्थित होकर आवेदन दे सकते हैं।

---

**राहत** अब हृदय रोग के मरीजों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा: उपायुक्त

# सदर अस्पताल में कार्डियोलॉजी ओपीडी की हुई शुरूआत

- अब सदर अस्पताल में ही इलाज हो सकेगा
- डॉ महेश कुशवाहा के द्वारा दिल के मरीजों की जांच और इलाज किया जायेगा
- उपायुक्त आदित्य रंजन ने सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** उपायुक्त आदित्य रंजन व उप विकास आयुक्त ऋतुराज शनिवार को सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सदर सदर अस्पताल में आमजनों के लिए हृदय रोग से संबंधित उपचार एवं चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कार्डियोलॉजी ओपीडी की फीता काटकर शुरूआत की। उपायुक्त ने बताया कि सदर अस्पताल में कार्डियोलॉजी ओपीडी शुरूआत होने से अब हृदय रोग के मरीजों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, अब सदर अस्पताल में ही इलाज हो सकेगा। माह के प्रत्येक मंगलवार एवं गुरूवार को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार यादव के द्वारा एवं माह के तीसरे शनिवार को पारस हॉस्पिटल एचईसी राँची के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ महेश कुशवाहा के द्वारा दिल के मरीजों की जांच और इलाज किया जायेगा। उपायुक्त आदित्य रंजन व उप विकास आुक्त ने संयुक्त रुप से सदर अस्पताल में आरटीपीसीआर लैब व लॉडरी रुम का फीता काटकर उद्धाटन किये। आरटीपीसीआर लैब होने से अब आरटीपीसीआर जांच हेतु सैंपल को बाहर नहीं भेजना पड़ेगा। उपायुक्त आदित्य रंजन ने सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल की हर छोटी से छोटी त्रुटियों को दुरुस्त करना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनोज कुमार, डीपीएम महेश, आयुष्मान डीपीएम सुमीत व अन्य मौजूद थे।

## द आई स्कूल में बच्चों के लिए हुई कई प्रतियोगितायें



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** सहाना रोड कोडरमा स्थित द आई स्कूल में चल रहे समर कैंप मे शुक्रवार को बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। स्कूल में आयोजित थ्रोइंग द बॉल, पासिंग द बॉल के अलावा छोटे बच्चों के लिए अन्य कार्यक्रम हुए। वहीं क्विज और प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन हुआ। इसके पहले यहां पपेट शो में बच्चों ने भाग लिया। आयोजन में द आई स्कूल और दूसरे स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान अंशुल, सूर्यांश, रिषित राज और इशानवी को विनर का खिताब मिला। कार्यक्रम में निदेशक मधु कुमारी, एडमिन श्रुति राय और टीचर्स में सपना, ज्योति के अलावा बच्चों में आराध्या, ऋषित, ओम कुमार, आकांक्षा प्रिया, आकांक्षा, अथर्व, वीर, सानिश, मयंक, सनाया, अंशुल कुमार, हृदयांश कृष्णा, ईशान्वी, अदिति, सूर्यांश, देवांशु, इरहान हुसैन, सक्षम राज, परी आदि उपस्थित थे।

बच्चों ने राधाकृष्ण मंदिर का अवलोकन करते हुए पूजा अर्चना किया

## प्राथमिक विद्यालय असनाबाद के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण किया



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** प्राथमिक विद्यालय असनाबाद के कक्षा 4 और 5 के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के तहत धर्म की जानकारी हेतु चाराडीह स्थित राधाकृष्ण मंदिर और कोडरमा के पूर्व विधायक एवं मंत्री रह चुके स्वर्गीय रमेश प्रसाद यादव के स्मारक स्थल का दर्शन कराया गया। विद्यालय के बच्चों ने राधाकृष्ण मंदिर का अवलोकन करते हुए पूजा अर्चना किया तत्पश्चात स्वर्गीय रमेश प्रसाद यादव के स्मारक स्थल पर जाकर उनको नमन करते हुए उनके बारे में जाना। कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार सिन्हा के अगुवाई में आयोजित की गई थी। आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का विकास होता है।

उन्होंने धार्मिक आस्था के महत्व को भी बताया। इस शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे काफी उत्सुक और प्रसन्न दिखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के बच्चों में पूजा कुमारी, दुर्गा कुमारी, राखी कुमारी, अभिषेक कुमार, अनिमेष कृष्ण, अरुण कुमार, अनुमान कृष्ण, आयुष कुमार, उज्जवल कुमार, बादल कुमार, स्वीटी कुमारी, विकास कुमार के साथ विद्यालय की प्रभारी इंदु कुमारी, शिक्षिका सीता कुमारी, कुमारी मीता शामिल थीं।

जमीनी विवाद को लेकर सभी थानों में आवेदन आता है

## जयनगर में भ्रष्टाचार के खिलाफ 30 मई को होगा धरना प्रदर्शन: महादेव राम



- घर में घुसकर जानलेवा हमला करने मारपीट गाली-गलौज एवं जान से मार कर फेंक देने की धमकियां मिलती है

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** भाकपा अंचल कमेटी जयनगर प्रखंड व अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 30 मई को धर्न्स प्रदर्शन करेगा। इसको लेकर शनिवार को हुई बैठक में कहा गया कि कोडरमा जिले में भूमाफिया एवं सभी अंचल अधिकारियों को जिला प्रशासन के द्वारा मनोबल बढाए जाने के चलते गुंडागर्दी बढ़ रही है। आए दिन जमीनी विवाद को लेकर सभी थानों में आवेदन आता है कि घर में घुसकर जानलेवा हमला करने मारपीट गाली-गलौज एवं जान से मार कर फेंक देने की धमकियां मिलती है। जयनगर ने 30 मई को धरना प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर प्रखंड के विभिन्न गांव में जन जागरण जत्था निकाला गया। इसमें भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव, एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, मजदूर नेता विनोद पासवान, जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह, काली सिंह, रामेश्वर चौधरी, युगेश प्रसाद यादव, दशरथ पासवान आदि लोगों के नेतृत्व में चलाया गया। जत्था ग्राम तमाय, गांधीनगर, कुशाहन, चेहाल, पहाडपुर, विहार बदूलिया आदि गांव में पहुंचा और अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया।

## डीसी ने सुनी आमजनों की समस्याएं



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** उपायुक्त आदित्य रंजन ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता जमीन पर हिस्सा के आधार पर सरकारी मालगुजारी रसीद निर्गत करने, आंगनवाड़ी केंद्र के स्थानांतरण करने समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

**समरकैंप** कई आकर्षक प्रतियोगिताएं हुई और बाच्चों ने खूबा आनंद लिया

## राज इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप का समापन समारोह

- कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों जैसे खेल, संगीत, कला में रुचि जागृत करना है
- अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के लिए आयोजित किये गए



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिला मुख्यालय स्थित न्यू कॉलोनी मे शुक्रवार को राज इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा में समर कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह समर कैम्प दिनांक 17 मई से 19 मई तक के लिए आयोजित था। जिसमें कक्षा प्रथम से सप्तम तक के बच्चों ने भाग लिया साथ ही अन्य विद्यालय के बच्चे भी इस कैम्प में तीनों दिन उपस्थित हुए। इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों जैसे खेल, संगीत, कला में रुचि जागृत करना है। इसके लिए तीनों दिन अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के लिए आयोजित किये गए जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान गोली चम्मच रेस, गणित रेस, क्रिकेट, चित्रकला, नृत्य-संगीत, सामान्यज्ञान क्वीज जैसी कई आकर्षक प्रतियोगिताएँ हुई और बच्चों ने खूब आनंद लिया। कक्षा प्रथम के बच्चों के लिए स्वीमिंग पूल की व्यवस्था भी की गई जिसमें कक्षा प्रथम के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ आनंद लिया। सह कार्यक्रम विद्यालय के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया। समापन कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर सम्पा सिंह जी उपस्थित हुई और बच्चों को आशीर्वचन दिया। इस समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य निखर कुमार और विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

---

## न्यूज फटाफट

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रिक्शा चालक घायल

**कोडरमा :** जिले के डोमचांच थाना के समीप शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए कोडरमा स्थित एक निजी क्लिनिक लाया गया है। घायल व्यक्ति की पहचान दुगार्पुर निवासी गोविंद बाऊरी पिता नागेश्वर बाउरी के रूप में हुई है। फिलहाल घायल का इलाज निजी क्लीनिक में चल रहा है। रिक्शा चालक डोमचांच में किराए पर रह कर रिक्शा चला कर अपना जीवन यापन करता है।

### पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा



**सतगावां :** प्रखंड के शिवपुर, मरचोई, बासोडीह, समलडीह, कटैया, खुट्टा, मीरगंज, कोठियार, अम्बाबाद, नावाडीह, टेहरो, ईटाय, माधोपुर, राजाबर पंचायतों के विभिन्न गांवों के विभिन्न वट वृक्षों के नीचे सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को वट सावित्री की पूजा की। वट सावित्री पूजा के अवसर पर महिलाएं सोलह श्रृंगार करके सिंदूर, रोली, फूल, अक्षत, चना, फल और मिठाई से सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा किया करती है। वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा जी, तने में विष्णु और डालियों एवं पत्तों में शिव का वास है। इसके नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा कहने और सुनने से मनोकामना पूरी होती है।

### इस्लामपुर हटिया एक्सप्रेस रांची राजधानी में जुड़ेगा अतिरिक्त कोच

**झुमरीतिलैया :** शादी विवाह एवं गर्मी छुटटी को लेकर ट्रेनों में भीड़ अत्यधिक है। ऐसे में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। जो यात्री चार माह पूर्व आरक्षण करा लिये तो उन्हें कोई असुविधा नहीं हो रही है लेकिन जिन्हें सफर करना है उनके लिए कई ट्रेनों में नो रूम वेटिंग मिल रही है। ऐसे में उनके लिए तत्काल ही सहारा बना है। वो भी एक से दो मिनट में फुल हो जा रही है। यात्री तत्काल के लिए सुबह 6 बजे से टिकट काउनटर पर पहुॅचते हैं। इधर भीड़ से निपटने के लिए धनबाद कोडरमा गया जक्शन के रास्ते अभी तक कोई स्पेशल ट्रेन का परिचालन नहीं हुआ है लेकिन नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की घोषणा की गई है। मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में भी अब कंफर्म सीट मिलना मुश्किल है। इधर कोडरमा के रास्ते होकर चलने वाले हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस सियालदह नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के साथ रांची से नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़ने का ऐलान कर दिया है। धनबाद, गोमो, पारसनाथ कोडरमा बोकारो रास्ते चलने वाली ट्रेनों में एसी के अतिरिक्त कोच जोड़े जा रहे है। इन ट्रेनों में जुड़ेंगे अतिरिक्त कोच 20839 रांची- नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में 20 मई को एक थर्ड एसी का अतिरिक्त कोच। 18624 हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस में 18, 21 व 22 को एक अतिरिक्त स्लीपर कोच।18624 हटिया- इस्लामपुर एक्सप्रेस में 20 को एक अतिरिक्त स्लीपर व एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच। 12825 रांची-आनंदविहार झारखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में 22 को एक अतिरिक्त स्लीपर कोच।

### कोठियार जंगल में शराब भट्ठी को पुलिस ने किया ध्वस्त



**सतगावां :** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पंचायत कोठियार के दूरस्थ मुर्गियाचक गांव के आसपास जंगलों में शुक्रवार को सतगावां पुलिस ने जैप जवानों के सहयोग से छापामारी अभियान चलाया ।इस छापेमारी में सुदूरवर्ती मुर्गियाचक व आसपास के जंगली इलाकों में छापेमारी कर 300 किलोग्राम जावा महुआ के साथ 2 भट्टियों व दर्जनों ड्रम को ध्वस्त किया गया। साथ ही शराब बनाने वाले उपकरण को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए अवैध रूप शराब नहीं बनाने की अपील किया। थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने बताया कि सुदूरवर्ती पंचायत कोठियार के जंगल में अवैध शराब की भट्ठी संचालित को लेकर मुखिया सहित ग्रामीणों का विरोध की खबर अखबारों में प्रकाशित हुई थी जिसे स्थानीय पुलिस ने जैप के जवानों के सहयोग से छापामारी कर कार्रवाई कर नष्ट किया गया। छापामारी अभियान में स्थानीय थाना से थाना प्रभारी आनंद कुमार साह, स्थानीय पुलिस व जैप के जवान मौजूद थे।

### पिकनिक मनाने गए छात्र की नदी में डूबने से मौत, गुस्साए लोगों का स्कूल में हंगामा



**कुडू :** कुडू प्रखण्ड के उडुमुडू गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विधालय के छात्र की नदी में डूबने से मौत हो गयी। हादसा शुक्रवार 19 मई की सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार स्कूल के शिक्षक बच्चों को उमरी कोयल नदी पिकनिक मनाने लेकर गए थे। इसी बीच उडुमुडू निवासी वीरेंदर साहू का पुत्र और कक्षा दूसरी का छात्र आठ वर्षीय कृष कुमार की नदी में डूबकर मौत हो गयी। वहीं एक छात्र मोतालिब अंसारी का हाथ टूट गया। बच्चे की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और स्कूल पहुंचकर हंगामा करने लगे। लोगों का आरोप है कि बिना किसी खास वजह, बिना किसी आदेश और बिना अभिभावकों को सूचना दिए ही स्कूल के शिक्षक छोटे छोटे बच्चो को कड़कड़ाती धूप में पिकनिक मनाने नदी लेकर चले गए। और पूरी तरह गैर जिमेदारना तरीके से बच्चो को अकेला छोड़ दिया। जिससे इतना बड़ा हादसा हो गया। आक्रोशित ग्रामीण सभी शिक्षकों को तत्काल निलंबित करने और सभी पर 302 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। सूचना पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयमंगल लोहार और कुडू थाना पुलिस उडुमुडू पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का काफी देर प्रयास किया। अंत मे बीईओ जयमंगल लोहरा द्वारा सभी शिक्षकों पर विभागीय कारवाई और पुलिस द्वारा सभी पर प्राथमिकी दर्ज करने के आश्वासन के बाद ग्रामीण माने। फिलहाल पुलिस विद्यालय के प्रधानाध्यापक जलेश्वर उरांव, सहायक शिक्षक धनबीर साहू, सरिता टोप्पो को लेकर थाना पहुंची है। आगे की कारवाई में जुटी है। इधर बच्चे के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया है।

## न्यूज फटाफट

### पारुल ने ब्रॉन्ज ट्रैक नाइट स्टीपलचेज स्पर्धा जीती



**न्यूयॉर्क :** भारतीय धाविका पारुल चौधरी ने शुक्रवार रात यहां विश्व एथलेटिक्स ब्रॉन्ज ट्रैक नाइट में महिलाओं की तीन हजार मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा जीत ली। पारुल ने प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा लेते हुए नौ मिनट 41.88 सेकंड में दौड़ पूरी की। वह हालांकि जुलाई 2022 में लॉस एंजिल्स में बनाया गया 8:57.19 मिनट का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड नहीं तोड़ सकीं। उल्लेखनीय है कि ओलंपिक में स्टीपलचेज की 3000 मीटर की श्रेणी नहीं है। पारुल ने 5000 मीटर में कैलिफोर्निया में साल की अपनी पहली प्रतियोगिता में भाग लिया था। वहां उन्होंने 15 मिनट 10.35 सेकंड में दौड़ पूरी की थी। इस बीच, महिलाओं की 1500 मीटर में पारुल की हमवतन लिली दास चार मिनट 15.23 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

### यूक्रेन की कलिनीना ने रूस की कुदेरमेतोवा को हराया



**रोम:** युद्धग्रस्त यूक्रेन की एन्हेलिना कलिनीना ने रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा को मात देकर इटालियन ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। कलिनीना ने शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल में कुदेरमेतोवा को 7-5, 5-7, 6-2 से मात दी। पिछले साल यूक्रेन पर रूस के आक्रमण में कलिनीना का घर नष्ट हो गया था। उनके परिजनों को नोवा ककोफका शहर छोड़कर यूक्रेन की राजधानी कीफ़ में बसना पड़ा था। कलिनीना ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत के बाद कहा, '' यूक्रेन जिस दौर से गुजर रहा है, उसके कारण हर मैच जीतना वास्तव में महत्वपूर्ण है। मैं आशा करती हूं कि मैं अपने देश के लिए छोटी सी रोशनी, या कुछ सकारात्मक भावनाएं दूं। मैं वास्तव में उम्मीद करता हूं कि यूक्रेन को यह जीत थोड़ी पसंद आएगी। '' कलिनीना ने अपने करियर में पहली बार किसी डबल्यूटीए 1000 इवेंट के फाइनल में जगह बनाई है। करीब तीन घंटे चले मैच के बाद उन्होंने कुदरमेतोवा से हाथ नहीं मिलाया। कुदरमेतोवा ने मैच के बाद कहा,'' हम यहां हैं, और हम यहां जो करते हैं उससे प्यार करते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस देश से हैं।

**आईपीएल** कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले

# दिल्ली के खिलाफ चेन्नई ने की पहले बल्लेबाजी



एजेंसियां

**नई दिल्ली :** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में यहां शनिवार को टास जीत कर मेजबान दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

चेन्नई ने अपने इस अहम मुकाबले में अंतिम एकादश में कोई परिवर्तन नहीं किया है जबकि प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी दिल्ली ने ललित यादव को वापस बुलाया है। धोनी का कहना है कि वे उसी एकादश के साथ जा रहे हैं जो केकेआर के खिलाफ खेली थी। उनका मानना है कि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा पिच धीमी हो सकती है और यही कारण है कि उन्होने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। उधर दिल्ली के कप्तान डेविड वार्नर ने कहा कि उनकी टीम भले ही मुकाबले से बाहर है मगर इस मैच को पूरी संजीदगी से खेलेगी और सीएसके की पार्टी खराब करेगी।

दिल्ली कैपिटल्सः डेविड वार्नर (कप्तान), यश ढुल, फिल सॉल्ट (विकेटकीपर), रेली रोसौव, अमन खान, अक्षर पटेल, ललित यादव, कुलदीप यादव, चेतन सकारिया, खलील अहमद, एनरिक नार्जे। विकल्पः मुकेश कुमार, पृथ्वी शॉ, प्रवीण दुबे, रिपल पटेल, अभिषेक पोरेल

चेन्नई सुपर किंग्सः रुतुराज गायकवाड़, डेवोन कॉनवे, अंजिक्य रहाणे, शिवम दूबे, मोइन अली, अंबाती रायडू, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, महेश ठीकशाना विकल्पः मथीशा पथिराना, मिशेल सेंटनर, सुब्रांशु सेनापति, शैक रशीद, आकाश सिंह।

## दिल्ली के खिलाफ चेन्नई ने बनाये तीन विकेट पर 223 रन

एजेंसियां

**नई दिल्ली :** रुतुराज गायकवाड (79) और डेवान कॉनवे (87) के बीच 141 रन की साझीदारी की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तीन विकेट पर 223 रन बनाये। अरूण जेटली स्टेडियम पर चेन्नई की सलामी जोड़ी एक सोची समझी रणनीति के तहत मैदान पर उतरी। दोनो ही बल्लेबाजों ने संतुलित तरीके से बल्लेबाजी करते हुये अच्छी गेंदो का सम्मान किया जबकि ढीली गेंदों पर जम कर प्रहार किये। झुलसा देने वाली गर्मी के बीच दोनो बल्लेबाजों ने आठ रन प्रति ओवर के आसपास की गति के साथ स्कोरबोर्ड को चलाये रखा। दिल्ली के कप्तान डेविड वार्नर ने इस साझीदारी को तोड़ने के लिये गेंदबाजी में तमाम बदलाव किये और आखिरकार पारी के 15वें ओवर में गायकवाड चेतन सकारिया की एक गेंद को मारने के प्रयास में डीप स्कावयर लेग पर खड़े रेली रोसौव को कैच थमा बैठे। रुतुराज ने 50 गेंद खेल कर तीन चौके और सात छक्के लगाये। रुतुराज के बाद सिक्सर किंग शिवम दूबे ने क्रीज संभाली और आक्रामक बैटिंग का मुजाहिरा करते हुये तीन छक्के लगाये मगर नौ गेंद की संक्षिप्त पारी में वह खलील अहमद का शिकार बन कर पवेलियन लौट गये। इसके बाद करिश्मायी कप्तान धोनी का आगमन विकेटों के बीच हुआ जिनका इस्तकबाल स्टेडियम पर मौजूद हजारों दर्शकों ने खड़े होकर किया। उधर दिल्ली को एक सफलता डेविड कॉनवे के विकेट के तौर पर मिली जब एनरिच नोर्जे की धीमी गति से फेंकी गयी गेंद को हिट करने के प्रयास में वह लांग आन पर कैच थमा बैठे। कॉनवे ने 52 गेंद खेलकर नौ चौके और तीन छक्के जड़े। धोनी पांच रन पर नाबाद लौटे। प्लेआफ में जगह बनाने के लिहाज से चेन्नई के लिये यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है। चेन्नई अगर पहले से ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी दिल्ली के खिलाफ बडी जीत हासिल कर लेती है तो वह अंकतालिका में गुजरात के बाद दूसरे स्थान पर कब्जा कर सकती है।

## खेल जगत अपडेट्स »

### पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बूथ का निधन



**सिडनी :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान ब्रायन बूथ का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। मध्य क्रम के बल्लेबाज बूथ ने 1961 और 1966 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 29 टेस्ट खेलकर 42.21 की औसत से 1,773 रन बनाए। उन्होंने 1965-66 में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज शृंखला के दौरान दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कमान भी संभाली थी। बूथ से प्रशिक्षण हासिल करने वाले कर्टिस पैटरसन ने कहा, 'ब्रायन मेरे लिए वास्तव में अच्छे थे। जब से मैं सेंट जॉर्ज में नया आया था तब से। वह एक अद्भुत व्यक्ति थे और वास्तव में मुझे उनसे मदद मिली।' बूथ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट के अलावा हॉकी में भी हाथ आजमाया और 1956 के मेलबर्न ओलंपिक खेलों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख निक हॉकले ने कहा, 'ब्रायन को पूरे क्रिकेट समुदाय और उसके बाहर बहुत सम्मान और प्रशंसा मिली। ऑस्ट्रेलियाई पुरुषों की टेस्ट टीम की कप्तानी 50 से कम खिलाड़ियों ने की है और ब्रायन का नाम उस सूची में खेल के कई दिग्गजों के साथ शामिल है। उनका जीवन असाधारण रहा है और हमें उनकी कमी खलेगी।' बूथ ने घरेलू शेफील्ड शील्ड में न्यू साउथ वेल्स के लिए 93 प्रथम श्रेणी मैच खेलते हुए 43.5 की औसत से 5,574 रन बनाए। वह मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के आजीवन सदस्य भी थे।

### पहलवानों की जायज मांगें पूरी हों, निष्पक्ष जांच हो:सचिन पायलट

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने शुक्रवार को कहा कि प्रदर्शनकारी पहलवानों की ह्यजायज मांगह्न जल्द से जल्द पूरी करके देश के कानून के दायरे में निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक तथा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट सहित प्रदर्शनकारी पहलवानों के समर्थन में पायलट सुबह जंतर मंतर पहुंचे थे।

## प्लेऑफ समीकरण में सबसे बुरी फंसी मुंबई रोहित की टीम के पास इकलौता ये रास्ता



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** आईपीएल 2023 हर मैच के साथ रोमांचक होता जा रहा है। गुजरात टाइटंस के रूप में एक टीम प्लेऑफ का टिकट कटा चुकी है। लेकिन अभी भी तीन स्थान बाकी हैं। इन तीनों स्थानों के लिए 6 टीमों के बीच जंग है। कुछ टीमों के टॉप-4 में पहुंचने के चांस काफी ज्यादा हैं, वहीं कुछ का पेंच अभी भी फंसा हुआ है। इसमें सबसे ज्यादा मुश्किल में मुंबई इंडियंस की टीम है।मुंबई इंडियंस की टीम इस वक्त 13 मैचों में 14 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। मुंबई की टीम अपने अगले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करने वाली है। अगर मुंबई की टीम ये मैच जीत जाती है तो उसके 16 अंक हो जाएंगे। लेकिन मुंबई के लिए समस्या उनका नेट रन रेट है। इस वक्त कप्तान रोहित शर्मा की टीम का रन रेट -0.128 है। ऐसे में मुंबई को हैदराबाद के खिलाफ एक बड़ी जीत की जरूरत है। मुंबई को उनके पिछले मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

## साइ ने घुड़सवारी खिलाड़ियों का Asian Games के लिए चयन नहीं होने का संज्ञान लिया



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने देश की शीर्ष अदालत के दखल के बाद एशियाई खेलों की सूची में घुड़सवार फवाद मिर्जा, चिराग खंडाल और शशांक सिंह कटारिया का चयन नहीं होने पर शुक्रवार को संज्ञान लिया। साइ के उप महानिदेशक शिव शर्मा के साथ अन्य अधिकारियों ने शुक्रवार को मिर्जा, खंडाल और कटारिया के साथ ऑनलाइन बातचीत की और उनकी शिकायतों को सुना। साइ के एक बयान के अनुसार, खांडल ने उन्हें सूचित किया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इक्वेस्ट्रियन फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएफआई) को एशियाई खेलों की लंबी सूची में उनका नाम शामिल करने का निर्देश दिया था। तोक्यो ओलंपियन मिर्जा और कटारिया ने भी अपनी ओर से एशियाई खेलों की लंबी सूची में नाम शामिल करने का अनुरोध किया। इन खिलाड़ियों ने निष्पक्ष और पारदर्शी चयन प्रक्रिया की भी मांग की है। साइ के बयान के मुताबिक, साइ ने मामले पर संज्ञान लिया है और ईएफआई को जल्द से जल्द इस पर उचित निर्णय लेने के लिए सूचित किया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मार्च में आगामी हांगझोऊ एशियाई खेलों के लिए अनुचित चयन प्रक्रिया को लेकर ईएफआई की आलोचना की थी। अदालत ने ईएफआई को आदेश दिया था कि 2021-2022 या 2022-2023 में चयन परीक्षणों में भाग लेने वाले सभी एथलीटों को संभावित खिलाड़ी के रूप में देखे और उन्हें यूरोप में कोचिंग शिविरों में भाग लेने दे।

# ऐसी ड्रेस पहन इवेंट में पहुंचीं उर्फी जावेद, यूजर्स ने जमकर उड़ाई खिल्ली



एजेंसियां

**मुंबई:** बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी जावेद अपने यूनीक फैशन स्टाइल को लेकर हमेशा सुर्खियों में छाई रहती हैं। वह अपनी ड्रेस को लेकर अक्सर एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। कुछ लोगों को उनकी ड्रेसिंग स्टाइल बहुत पसंद आती है, तो कुछ लोगों को बिल्कुल भी नहीं। एक बार फिर अपने अजीबोगरीब ड्रेस को लेकर उर्फी जावेद चर्चा में आ गई हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसे देखने के बाद यूजर्स उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल, उर्फी जावेद ने शुक्रवार को एनिमल वेलफेयर इवेंट में शिरकत की। इंस्टेंट बॉलीवुड के इंस्टाग्राम अकाउंट पर उर्फी जावेद का एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें वह ब्लैक कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। उनकी ड्रेस में कई कट लगे हैं। कैमरे के सामने उर्फी ने अपनी बोल्डनेस का जलवा बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, लेकिन कुछ लोगों को उनकी ड्रेस पसंद नहीं आई और फिर उनका मजाक उड़ाना शुरू कर दिया।उर्फी जावेद के वायरल वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, ह्यऐसा लग रहा है कि उर्फी के पास आकर कोई बम फट गया हैह्न। दूसरे ने लिखा, ह्यइस बेचारी गरीब को कोई कपड़े दिला दो।ह्न एक और यूजर ने लिखा, ह्यगाड़ी वाला आया घर के कचरा निकाल।ह्न इस तरह उर्फी को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया जा रहा है।

## एनटीआर जूनियर की फिल्म 'देवरा' का फर्स्ट लुक रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** दक्षिण भारतीय स्टार एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म देवरा का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। एनटीआर जूनियर ने अपनी आने वाली फिल्म के लिये 'देवरा' टाइटल की घोषणा की है जिसे पहले एनटीआर30 टाइटल दिया गया था। यह एक्शन ड्रामा कोर्तला शिव द्वारा निर्देशित है।

लुक में एनटीआर जूनियर एक अल्फ़ा मैन की तरह दिख रहे है जो इस एक्शन मिशन पर है। 'देवरा' का निर्माण युवसुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म 05 अप्रैल 2024 को पैन इंडिया रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में जान्हवी कपूर और सैफ अली खान भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'देवरा' जान्हवी कपूर की तेलुगु इंडस्ट्री में पहली फिल्म है। फिल्म का निर्माण मिकिलिनेनी सुधाकर और कोसाराजू हरि कृष्णा ने किया है।

## 'गोलमाल 5' का बेसब्री से इंतजार , जल्द बनेगी गोलमाल 5 : श्रेयस तलपड़े



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े का कहना है कि उन्हें 'गोलमाल 5' को बेसब्री से इंतजार है उन्हें यकीन है गोलमाल 5 जल्द बनेगी। श्रेयस तलपड़े ने गोलमाल 5 के बारे में कहा कि उन्हें यकीन है कि ये फिल्म जल्द बनेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि फिल्म गोलमाल 5 की कहानी सिर्फ निर्देशक रोहिट शेट्टी को ही पता है। श्रेयस तलपड़े ने कहा कि जैसे फैंस को फिल्म गोलमाल 5 की रिलीज का इंतजार है, वैसे उन्हें भी इस फिल्म का ब्रेस्ब्री से इंतजार है। उन्होंने कहा, ह्यसच कहूं तो सिर्फ फैंस ही नहीं, हम भी 'गोलमाल 5' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कोरोना के आने से ठीक पहले, रोहित शेट्टी और अजय देवगन ने घोषणा की थी कि हम गोलमाल के अगली पार्ट पर काम करेंगे। हालांकि, दुर्भाग्य से कोविड आया और फिर चीजें बदल गईं। ईमानदारी से कहूं, तो हमें पता नहीं है कि इसकी कहानी क्या होगी। इसकी जानकारी सिर्फ रोहित को है। इसलिए एक बार जब वो हमें फोन करके बताएंगे, तो हम इसके बारे में और बात कर पाएंगे।

सोशल मीडिया पर वायरल हुई महानायक की यह तस्वीर

# अमिताभ बच्चन ने खुद को गिरफ्तार बताया

राष्ट्रीय खबर

**मुंबई:** हिंदी फिल्मों के महानायक का सेंस ऑफ ह्यूमर यानी मजाक करने की क्षमता पहले से ही चर्चा में रही है। इस बार उन्होंने इसी कड़ी में नई बात जोड़ दी। अमिताभ बच्चन ने शुक्रवार दोपहर को अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में वह एक पुलिस की गाड़ी के बगल में खड़े नजर आ रहे हैं। कैप्सन में उन्होंने लिखा कि गिरफ्तार हो गया। इसके बाद यह विभिन्न माध्यमों में तेजी से फैलती चली गयी। अमिताभ बच्चन गिरफ्तार! यह खबर शुक्रवार को नेट की दुनिया में फैल गई। बिग बी के प्रशंसक तुरंत परेशान हो गए। क्योंकि ये खबर खुद अभिनेता ने सोशल मीडिया पर बताई थी। इस फोटो में अमिताभ बच्चन मुंबई पुलिस की जीप के बगल में खड़े नजर आ रहे हैं। उनका सिर झुका हुआ है। अमिताभ ने कम शब्दों में लिखा, गिरफ्तार!



दरअसल अमिताभ को गिरफ्तार नहीं किया गया था। अभिनेता ने साबित कर दिया कि 80 साल की उम्र के बाद भी उनका सेंस ऑफ ह्यूमर कम नहीं हुआ है। हाल ही में, बिना हेलमेट के बाइक यात्रा की एक तस्वीर अपने प्रशंसकों के साथ साझा करने के बाद अमिताभ की आलोचना की गई थी। मामला मुंबई पुलिस की ट्रैफिक विंग के कानों तक भी पहुंचा। अभिनेता पर पुलिस ने जुमार्ना भी लगाया था। अमिताभ ने बाद में अपने ब्लॉग पर स्पष्ट किया कि यह पूरी बात सिर्फ एक मजाक थी। फिल्म के शूटिंग फ्लोर पर सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में फिल्म की शूटिंग की गई। इस बार अभिनेता ने उस ह्यमजाकह्न को एक कदम आगे बढ़ाया। फिलहाल, अमिताभ रिबु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित फिल्म 'सेक्शन एटी फोर' की शूटिंग कर रहे हैं। यह तस्वीर उनकी अनुपस्थिति में ली गई थी। अमिताभ द्वारा इस तस्वीर को पोस्ट करने के बाद, प्रशंसकों के एक वर्ग ने अभिनेता के सेंस ऑफ ह्यूमर की प्रशंसा की। कुछ के अनुसार, अमिताभ बच्चन को शामिल करना बहुत मुश्किल है। किसी ने फिर से फिल्म डॉन के लोकप्रिय डॉयलाग को दोहराते हुए लिखा, डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है।

**प्रदेश >> अपडेट**

### सड़क दुर्घटना में दंपति और उनके छह वर्षीय पुत्र की मृत्यु

**बड़वानी :** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में दुपहिया वाहन और कार की टक्कर में एक आदिवासी दंपत्ति और उनके 6 वर्षीय पुत्र की मृत्यु हो गयी है। सेंधवा ग्रामीण थाना प्रभारी अनोक सिंह ने बताया कि ग्राम मोगरी खेड़ा के समीप एक मोड़ पर कल देर रात्रि हुई इस दुर्घटना में सुदाम (26) उनकी पत्नी मनीषा (23) और 6 वर्षीय पुत्र भरत की मृत्यु हो गयी।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### श्यामनगर में आयुर्वेद ओपीडी का शुभारंभ

**जयपुर :** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर द्वारा जैन श्वेताम्बर संस्था सोडाला, श्यामनगर में शनिवार को आयुर्वेद ओपीडी का शुभारंभ किया गया। आयुर्वेद ओपीडी का उद्घाटन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो संजीव शर्मा ने किया। यह ओपीडी प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक चलेगी। ओपीडी में पाचन संबंधी, त्वचा सम्बन्धी, दमा, खाँसी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा स्त्री रोगों आदि सभी प्रकार के रोगों का नि:शुल्क निदान तथा आयुर्वेद चिकित्सा की जाएगी। श्री जैन श्वेताम्बर संस्था सोडाला के अध्यक्ष कमल कुमार सचेती ने उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को आयुर्वेदीय चिकित्सा लाभ लेने के लिए आग्रह किया ।

### जम्मू-कश्मीर में 15 स्थानों पर एनआईए के छापे

**श्रीनगर :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवाद से जुड़े दो मामलों में शनिवार को जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में 15 विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एनआईए के अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की मदद से केंद्र शासित प्रदेश के सात जिलों में तलाशी ली। कश्मीर में श्रीनगर, पुलवामा, अवंतीपोरा, अनंतनाग, शोपियां और कुपवाड़ा जिलों में तलाशी चल रही है।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### ट्रक की टक्कर से मोटर साइकिल सवार तीन लोगों की मौत

**भिंड :** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के मेहंगाव थाना क्षेत्र के बहुआ गांव के पास आज दोपहर एक मिनी ट्रक ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार तीनों लोगों की मौके पर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोटर साइकिल पर सवार होकर तीन युवक जा रहे थे। जब वे बहुआ गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने एक उम्मीद के साथ तीनों को अस्पताल भेजा। लेकिन डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मिनी ट्रक के ड्रायवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही मृतकों की पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया है।

### बेटी के अपहरण से आक्रोशित मजदूर ने की हत्या

**कुशीनगर :** उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिले के चौराखास क्षेत्र में ईंट-भट्ठा मजदूर ने बेटी के अपहरण का आरोप लगाते हुये एक की हत्या कर दी और एक अन्य को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि क्षेत्र के ग्राम सभा रहसू जनूबीपट्टी के पुरैना टोला स्थित एक ईंट-भट्ठे पर देवरिया जिले के बरहज थाना क्षेत्र के मजदूर काम करते हैं।

### पुंछ में एलओसी के पास घुसपैठिया ढेर

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास सेना के सतर्क जवानों ने शनिवार सुबह एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखने पर सैनिकों ने गोलीबारी की और एक घुसपैठिये को मार गिराया।

**शिकायत** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा

# मोदी सरकार का 'एजेंसी राज' हमारे काम को चुनौतीपूर्ण बनाता है : ममता

- मैं भाजपा के सामने घुटने नहीं टेकूंगी
- भाजपा को सत्ता से बेदखल करने तक लड़ाई जारी रहेगी



**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि केंद्र में सत्तावादी सरकार का 'एजेंसी राज' है जो उनके कार्य को चुनौतीपूर्ण बना रहा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख सुश्री बनर्जी ने ट्विटर पर कहा,''इस दिन, 2011 में, हमने 34 साल पुराने राक्षस शासन को बदलने और पश्चिम बंगाल में 'मा माटी मानुष' सरकार की शुरुआत करने की शपथ ली थी। हम आज प्रतिज्ञा को नवीनीकृत करते हैं और खुद को फिर से लोगों की समस्याओं को समर्पित करते हैं।''

मुख्यमंत्री ने कहा,''केंद्र में एक सत्तावादी सरकार का एजेंसी-राज हमारे कार्य को चुनौतीपूर्ण बनाता है, लेकिन देश भर में लाखों लोग हमारे साथ हैं। 20 मई अमर रहे।'' सुश्री बनर्जी ने शुक्रवार को बांकुड़ा जिले के लोगों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा, ''भाजपा अभिषेक से इतनी डर गई है कि वे टीएमसी को नीचा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। हम सिर्फ एक पार्टी नहीं हैं, हम लोगों के अधिकारों के लिए एक आंदोलन हैं। वे जो चाहें कोशिश कर सकते हैं लेकिन हम अपनी ईमानदारी से समझौता नहीं करेंगे। पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी पार्टी के शासन ने बंगाल में रक्तपात और आतंक के निशान छोड़े तथा लोगों को उनके मूल अधिकारों से वंचित कर दिया। अब भाजपा-कांग्रेस-माकपा का नापाक गठजोड़ हमारे राज्य के लोगों का शोषण करने और उन्हें धोखा देने की कोशिश कर रहा है।'' भाजपा पर 'तृणमूल नबो ज्वार' में बाधा डालने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए सुश्री बनर्जी ने कहा, ''भाजपा को सत्ता से बेदखल करने तक लड़ाई जारी रहेगी। मैं भाजपा के सामने घुटने नहीं टेकूंगी।

मैं किसी धमकी के आगे नहीं झुक सकती, ईडी और सीबीआई तृणमूल कांग्रेस से डरती हैं, लेकिन अभिषेक को रोककर 'तृणमूल नबो ज्वार' को नहीं रोका जा सकता। जरूरत पड़ी तो मैं 'जोनो संजोग यात्रा' में शामिल होकर जिलों का दौरा करूंगा और 'तृणमूल नाबो ज्वार' जारी रहेगा। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा को हर राज्य में हार का सामना करना पड़ेगा।'' इस बीच तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी शनिवार को राज्य सरकार की ओर से सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती घोटाले में पूछताछ के लिए यहां के निजामा पैलेस स्थित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के दफ्तर पहुंचे।सीबीआई ने इस मामले में पूछताछ के लिए श्री मुखर्जी को तबल किया था। इससे पहले श्री मुखर्जी ने शुक्रवार को उन्हें (श्री मुखर्जी) को गिरफ्तार करने की चुनौती दी थी।

## राजस्थान में लवकुश वाटिकाओं के लिए 66 करोड़ रुपए की स्वीकृति



**एजेंसियां**

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी जिलों में लवकुश वाटिकाएं विकसित करने के लिए 66 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इससे इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। गहलोत के निर्णय से इन वाटिकाओं में वन एवं वन्यजीवों से संबंधित मॉडल स्थापित होंगे, जिनसे बच्चों को पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण की शिक्षा मिल सकेगी। यहां इको ट्रेल पथों का निर्माण और प्रदर्शनी के लिए जगह बनेगी। इन वाटिकाओं का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को शिक्षित एवं जागरूक करना है। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने वर्ष 2023-24 के बजट में प्रत्येक जिले में एक-एक अतिरिक्त वाटिका विकसित करने की घोषणा की थी।

## बीएसएफ ने तीन पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए, ढाई किलो हेरोइन बरामद



**एजेंसियां**

**जालंधर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने तस्करों के नापाक मंसूबों को नाकाम करते हुए पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शुक्रवार की रात एक साथ तीन पाकिस्तानी ड्रोनों को मार गिराया। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की रात को लगभग नौ बजे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को अमृतसर के गाँव उधर धारीवाल के पास के क्षेत्र में एक संदिग्ध ड्रोन की भनभनाहट सुनाई दी। उन्होने बताया कि निर्धारित ड्रिल के अनुसार, सैनिकों ने गोलीबारी करके ड्रोन को रोकने के लिए तुरंत प्रतिक्रिया दी। क्षेत्र की शुरुआती तलाशी के दौरान, बीएसएफ के जवानों ने गांव -उधर धारीवाल के खेतों से आंशिक रूप से टूटी हुई हालत में एक काले रंग का ड्रोन (क्वाडकॉप्टर,डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके) बरामद किया। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में, शुक्रवार की रात को, लगभग 09.24 बजे, सीमा सुरक्षा बल के जवानों को अमृतसर के गांव रतन खुर्द के खेतों में एक संदिग्ध ड्रोन की भनभनाहट और खेतों में कुछ गिराने की आवाज सुनाई दी। सैनिकों ने गोलीबारी करके ड्रोन मार गिराया। क्षेत्र की बाद की तलाशी के दौरान बीएसएफ के जवानों ने रतन खुर्द गाँव के पास खेतों से एक ड्रोन बरामद किया, जिसमें ड्रोन से जुड़े संदिग्ध नारकोटिक्स के पैकेट थे और उनसे जुड़ी चार चमकदार पट्टियां भी जुड़ी हुई पाई गईं। बरामद संदिग्ध हेरोइन की खेप का कुल वजन लगभग 2.6 किलोग्राम है। इसी प्रकार रात को एक तीसरे ड्रोन ने भारतीय सीमा में प्रवेश किया जिसे सुरक्षा बल के जवानो ने मार गिराया।

## खट्टर ने सुशासन सहयोगियों के साथ की बैठक



**एजेंसियां**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2023 को अंत्योदय आरोग्य वर्ष के रूप में मना रही है और उनका प्रयास अंत्योदय परिवारों को निरोगी एवं स्वस्थ रखना है। खट्टर ने शुक्रवार देर रात सुशासन सहयोगियों (सीएमजीजीए) के साथ बैठक की।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर गांव में दो एकड़ भूमि पर पार्क- सह- व्यायामशालाएं बना रही है। अब तक 650 पार्क-सह-व्यायामशालाएं बनाई जा चुकी हैं। इसके अलावा, इस वर्ष के लिए 1000 और पार्क - सह-व्यायामशालाएं बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बाद में यहीं पर वेलनेस सेंटर भी स्थापित किए जाएंगे और इनमें डायटिशियन भी नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सुशासन सहयोगी इन पार्क-सह-व्यायामशालाओं को स्थापित करने, उनमें दी जाने वाली सुविधाएं, ग्रामीणों की उपस्थिति सहित अन्य गतिविधियों की निगरानी करें। इसके अलावा, सरकार गांवों में इंडोर जिम तथा ओपन जिम स्थापित करने पर भी विचार कर रही है। इसके साथ प्रदेश में नशामुक्ति केंद्र स्थापित किए जायेंगे। सीएमजीजीए ने खट्टर को बताया कि चौथे चरण में चल रहे अंत्योदय मेलों में अधिक अंत्योदय परिवारों को रोजगार देने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे परिवारों की सूची तैयार करें, जिनके सिबिल स्कोर खराब होने के कारण उन्हें बैंकों से ऋ ण मिलने में दिक्कत आ रही है। सीएमजीजीए ने बताया कि भूटान की तर्ज पर नागरिकों के लिए हैपीनेस इंडेक्स मापने के लिए कार्य योजना तैयार कर ली गई है।

## तीन लाख से ज्यादा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए कराया पंजीयन

**एजेंसियां**

**जयपुर :** राजस्थान के जयपुर जिले में महंगाई राहत शिविरों में सिर्फ 26 दिन में ही तीन लाख से ज्यादा परिवारों ने प्रतिमाह न्यूनतम एक हजार रुपये सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि गत 24 अप्रैल को शुरू हुए महंगाई राहत शिविरों में जयपुर जिले में शुक्रवार तक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में तीन लाख एक हजार 343 परिवारों ने अपना पंजीयन कराया। श्री राजपुरोहित ने बताया कि जिले में 38 लाख 82 हजार 344 गारंटी कार्ड जारी किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत 5 लाख 68 हजार 525, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 7 लाख 53 हजार 540, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 7 लाख 53 हजार 540, मुख्यमंत्री नि:शुल्क कृषि बिजली योजना में 60 हजार 577, मुख्यमंत्री नि:शुल्क घरेलू बिजली योजना में 6 लाख 59 हजार 835 लाभार्थियों को गारंटी कार्ड जारी हुए हैं। उन्होंने बताया कि महंगाई राहत कैंप में मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना में 3 लाख 92 हजार 367, इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 2 लाख 8 हजार 304, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 3 लाख 1 हजार 343, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में एक लाख 59 हजार 876, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 24 हजार 437 लाभार्थियों ने पंजीकरण करवाया है।

**आस्था** श्रद्धालुओं के लिए सिखों के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल

# हेमकुंड साहिब व लक्ष्मण मंदिर के कपाट खुले

- 500 के लगभग तीर्थयात्री अब तक हेमकुंड कुंड के लिए छोड़ें गए
- हेमकुंड साहिब व मार्ग में 7 से 8 फीट बर्फ जमी हुई है
- इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे



**एजेंसियां**

**देहरादून :** सिखों के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को शब्द कीर्तन और पहली अरदास के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गए, इसके साथ ही लक्ष्मण मंदिर के कपाट भी आज विधि -विधान व पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे । आज प्रात: धाधरिया से सीमित संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था श्री हेमकुण्ड साहिब के लिए रवाना किया गया । जो 10 बजे के लगभग हेमकुण्ड साहिब पहुँचा। हेमकुंड साहिब में आज प्रात: सुखमणि पाठ, शब्द कीर्तन और अरदास के साथ हेमकुंड साहिब के कपाट खोल दिए गए ' जबकि इसी परिसर में इसलिए स्थित लक्ष्मण मंदिर लोकपाल के कपाट भी आज प्रात: पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गए । इधर जिला प्रशासन व पुलिस ने विषम भौगोलिक परिस्थितियों व लगातार हो रही बर्फबारी को देखते हुए घाधरिया से सीमित संख्या में हेमकुंड साहिब के लिए तीर्थ यात्रियों को छोड़ा जा रहा है । आज 500 के लगभग तीर्थयात्री अब तक हेमकुंड कुंड के लिए छोड़ें गए । इस समय हेमकुंड साहिब व मार्ग में 7 से 8 फीट बर्फ जमी हुई है। जिसको देखते हुए प्रशासन ने मार्ग पर एसडीआरएफ की तैनाती की है ।

**न्यूज फटाफट**

### अफगान पुलिस ने तीन अपहरणकर्ताओं को मार गिराया

**काबुल :** अफगानिस्तान पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में तीन अपहरणकर्ताओं को मार गिराया हैऔर उनके कब्जे से एक व्यवसायी को मुक्त करा लिया है। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने शनिवार को यह जानकारी दी। जादरान ने बताया कि काबुल शहर के पुलिस जिला 15 में गुरुवार सुबह अपहरणकर्ताओं के एक गुट ने एक व्यापारी का अपहरण कर लिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और तीन अपहरणकर्ताओं को मारने के बाद उसी दिन व्यवसायी को मुक्त करा लिया। पिछले पांच दिनों के अंदर अपहरण की दो घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि काबुल में मंगलवार को सुरक्षा अधिकारियों ने एक और व्यक्ति को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाया था। इस युद्धग्रस्त और आर्थिक रूप से कमजोर राष्ट्र में, अपहरण करने वाले गिरोह अक्सर अमीर परिवारों के सदस्यों का अपहरण कर उनकी रिहाई के बदले में फिरौती मांगते हैं। उन्होंने कहा कि अफगान कार्यवाहक प्रशासन शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चीन में बैंकिंग विकास शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बांड जारी किया

**बीजिंग :** चीन के नीतिगत बैंकों में से एक चीन विकास बैंक ने शहरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 20 अरब युआन (करीब 2.84 अरब अमेरिकी डॉलर) का विशेष वित्तीय बांड जारी किया है। बैंक के अनुसार जुटाई गई धनराशि का उपयोग ज्यादातर महत्वपूर्ण शहरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे नागरिक सुविधाओं और सार्वजनिक सेवाओं के लिए किया जाएगा। यह बाजार आधारित वित्तपोषण के साथ-साथ शहरों में लोगों और प्रकृति के सामंजस्यपूर्ण सहवास को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक राजस्व के शहरी बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए निर्देशित है। बॉन्ड की अवधि 10 साल है और ब्याज दर 2.82 प्रतिशत है।

### जेलेंस्की के जी7 में भाग लेने की जापान ने की पुष्टि

**हिरोशिमा :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वंलोडिमिर जेलेंस्की व्यक्तिगत रूप से जापान के हिरोशिमा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। जापान के विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा,जेलेंस्की रविवार 21 मई को यूक्रेन में संघर्ष के लिए समर्पित जी7 कार्य सत्र में भाग लेंगे। इसके अलावा जेलेंस्की के शांति और स्थिरता के मुद्दों के लिए समर्पित जी7 नेताओं की एक विस्तारित बैठक में अतिथि के रूप में व्यक्तिगत रूप से भाग लेने की उम्मीद है । मंत्रालय ने कहा कि जेलेंस्की भी जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक आयोजित करने के लिए तैयार हैं। इससे पहले शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव ओलेक्सी डेनिलोव ने पुष्टि की थी कि जेलेंस्की व्यक्तिगत रूप से जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने जा रहे है। इस बीच जापानी विदेश मंत्रालय ने बताया था कि जेलेंस्की आभासी माध्यम से यूक्रेन के मुद्दे पर आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के रविवार सत्र में भाग लेंगे।

### आशियाना हाउसिंग मामले में शहबाज शरीफ 'निर्दोष' :एनएबी

**लाहौर :** पाकिस्तान की राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने शनिवार को आशियाना हाउसिंग मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को 'निर्दोष'घोषित किया और साथ ही कहा कि इस योजना के ठेके में भ्रष्टाचार का कोई सबूत नहीं मिला। जवाबदेही ब्यूरो द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय खजाने को कोई नुकसान नहीं हुआ और न ही श्री शहबाज को परियोजना से कोई वित्तीय लाभ मिला। भ्रष्टाचार रोधी निकाय की रिपोर्ट में पाया गया, यह बिना किसी संदेह के साबित हो गया है कि खजाने को कोई नुकसान नहीं हुआ है। 'जियो न्यूज' ने एनएबी की रिपोर्ट के हवाले से कहा, कि शहबाज शरीफ के खिलाफ शक्तियों के दुरुपयोग का कोई सबूत नहीं मिला। रिपोर्ट में बताया गया कि शहबाज ने कानून के मुताबिक आशियाना मामले को भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था के पास भेजा था। रिपोर्ट के मुताबिक, जवाबदेही अदालत को शहबाज शरीफ की याचिका पर कानून के अनुसार फैसला करना चाहिए। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री के खिलाफ एनएबी का यह दूसरा बड़ा मामला है जिसमें उन्हें निर्दोष पाया गया।

### हिरोशिमा में गांधी प्रतिमा का अनावरण

**हिरोशिमा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान में 77 वर्ष पहले परमाणु बम हमले का शिकार बने हिरोशिमा नगर में आज शांति एवं अहिंसा के दूत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया और जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की जिसमें द्विपक्षीय विशेष सामरिक और वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में नये कदम उठाने पर सहमति जतायी गयी। मोदी ने सुबह अपने पहले कार्यक्रम में प्रधान मंत्री के विशेष सलाहकार एवं संसद सदस्य नकातानी जेन, हिरोशिमा शहर के मेयर काजुमी मात्सुई, हिरोशिमा सिटी असेंबली के अध्यक्ष ततसुनोरी मोटानी, हिरोशिमा के सांसद और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों और जापान में महात्मा गांधी के अनुयायियों की मौजूदगी में मोतोयासु नदी से सटे, प्रतिष्ठित ए-बम डोम के करीब बापू की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया।

### न्यू कैलेडोनिया 7.4 तीव्रता के भूकंप के झटक

**मास्को :** न्यू कैलेडोनिया के तट पर भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए हैं। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी है। यूएनजीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.4 मापी गयी। शनिवार को तड़के 01:51 बजे महसूस किए गए भूकंप का केंद्र न्यू कैलेडोनिया की राजधानी नौमिया से लगभग 261 मील उत्तर-पश्चिम में लगभग 22 मील (36 किलोमीटर) की गहराई में था। अमेरिकी सूनामी चेतावनी प्रणाली ने भूकंप के बाद सूनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की है। भूकंप के कारण किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### अमेरिका में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, चार घायल

**सैन फ्रांसिस्को :** अमेरिका के ओरेगॉन राज्य में एक ट्रक के यात्री वैन को टक्कर मार देने से से सात लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये हैं। ओरेगॉन की राज्य पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि कैलिफोर्निया का 52 वर्षीय ट्रक चालक लिंकन क्लेटन स्मिथ गुरुवार अपराह्न ट्रक लेकर जा रहा था, तभी अल्बानी से लगभग 16 किलोमीटर उत्तर में आई-5 मार्ग पर उसने 11 लोगों को लेकर जा रही एक यात्री वैन को टक्कर मार दी। हादसे में वैन में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। सातवें पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसे भी बचाया नहीं जा सका। वैन में सवार अन्य चार लोग घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। ट्रक चालक स्मिथ को हादसे में कोई चोट नहीं लगी। उसे को गिरफ्तार कर मैरियन काउंटी जेल में डाल दिया गया है। उस पर नशे में गाड़ी चलाने और हत्या के सात मामलों के अलावा लापरवाह ड्राइविंग और थर्ड-डिग्री हमले के आरोप भी दर्ज किये गये हैं।

## आज का इतिहास

- 1840 : न्यूजीलैंड को ब्रिटेन का उपनिवेश घोषित किया गया।
- 1851 : दक्षिण अमेरिका के कोलंबिया में गुलामी प्रथा समाप्त हुई।
- 1881 : अमेरिकी रेड क्रॉस संस्था की स्थापना।
- 1904 : पेरिस में फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) की स्थापना।
- 1918 : अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने महिलाओं को मतदान की अनुमति दी।
- 1930 : ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री मैल्कम फ्रेजर का जन्म हुआ।
- 1931 : प्रसिद्ध व्यंग्य रचनाकार शरद जोशी का जन्म हुआ।
- 1960 : 'रुस्तम-ए-जमां' नाम से प्रसिद्ध गामा पहलवान का निधन हुआ।
- 1971 : प्रसिद्ध निर्देशक, स्क्रिप्ट लेखक आदित्य चोपड़ा का जन्म हुआ।
- 1991 : तमिलनाडु के श्रीपेरम्बदूर में आत्मघामी बम हमले में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या।
- 1994 : सुष्मिता सेन ने मनीला में संपन्न 43वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में जीत हासिल की।

## पशुपति यादव की बेल पर 26 को फैसला

रांचीः ईडी के विशेष कोर्ट में शनिवार को पशुपति यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। पीएमएलए कोर्ट के स्पेशल जज प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में पशुपति यादव की याचिका पर सुनवाई हुई। पशुपति यादव की तरफ से हाईकोर्ट के वकील जय शंकर त्रिपाठी, राकेश रंजन त्रिपाठ एवं राजेश तिवारी ने दलील दी। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने बहस की।

**खुलासा** बातचीत का ऑडियो आया सामने

# भाजपा नेता बलराम सिंह से दिनेश गोप ने मांगी दस एके 47 राइफल

- 19 मई को दिनेश गोप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है
- हमको युद्ध का सामग्री चाहिए



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** भाजपा के रांची महानगर जिला महामंत्री बलराम सिंह को धमकी मिली है। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप ने उन्हें फोन कर 10 एके 47 राइफल की मांग की है। राइफल नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। बलराम सिंह ने गोंदा थाना में 19 मई को दिनेश गोप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। फोन करने वाले ने खुद को पीएलएफआई सुप्रीमो बताते हुए कहा कि गांव में आपको लेकर बहुत नाराजगी है। इसपर बलराम सिंह ने कहा कि हम पिछले दस साल से गांव में रह रहे हैं। वहां आजतक कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि वह 10 साल पहले जमीन का काम करते थे। वह कोई सेठ नहीं है। इसपर दूसरी ओर से कहा गया कि संगठन को मदद करना है। सिर्फ 10 एके 47 राइफल देना होगा। यह लड़ाई की सामग्री है। इस मामले में पुलिस ने अब ऑडियो सामने आया है।भाजपा महानगर महामंत्री बलराम सिंह वर्तमान में अपने फॉर्म हाउस कमता में रहते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों में उनके घर के आसपास कुछ अंजान लोग भी देखे गये थे। इसको लेकर उन्होंने सात मई को गोंदा थाना में एक सनहा भी दर्ज कराया था।

बलराम सिंह को मोबाइल नंबर 6287686186 से 18 मई को फोन आया था। उस वक्त वह महानगर कार्यालय में थे। फोन पर धमकी मिलते ही उन्होंने फोन की रिकार्डिंग शुरू कर दी। उन्हें 1 बजकर 52 मिनट पर फोन आया था। फोन करने वाले ने काफी देर तक बात की।बलराम सिंह ने पूछा कि आप बोल कौन रहे हैं तो उधर से खुद को पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप बताया गया। बलराम सिंह ने ईटीवी भारत को बताया कि गोंदा थाना में लिखित शिकायत करने के बाद रांची के एसएसपी ने फौरन संज्ञान लिया। उन्होंने एक गार्ड भी मुहैया करा दिया है। फिलहाल सतर्क करने के लिए कहा गया है। इधर पुलिस उस नंबर को ट्रेस कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।बलराम सिंह ने कहा कि आप किसी लोकल को कहें जो हमसे संपर्क करें। जवाब में तथाकथित दिनेश गोप की ओर से कहा गया कि रांची में हर जगह हमारे आदमी हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि एके 47 राइफल जुगाड़ करेंगे।

इसपर कहा गया कि आप खुद देखिए। हमको युद्ध का सामग्री चाहिए। आपसे जमीन-मकान नहीं मांग रहे हैं। बलराम सिंह ने एफआईआर में जिक्र किया है कि फोन रिकार्डिंग के वक्त महानगर कार्यालय में जिला महामंत्री भाजपा वरुण साहू, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा रामलगन राम, कार्यसमिति सदस्य रणधीर सिंह और गोंदा मंडल के मंत्री नयन परमार भी मौजूद थे।

जून से शुरू होगा नामकुम पावर ग्रिड से फुल लोड बिजली ट्रांसमिशन

# राजधानी में कम हो सकती है बिजली संकट

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** राजधानी में बिजली संकट से निपटने के लिये नामकुम पावर ग्रिड में 500 एमवीए का पावर ट्रांसफॉर्मर लगाया जा रहा है। एक दो दिन में काम पूरा होने पर इसे शुरू किया जायेगा। जिससे राजधानी को फुल लोड बिजली मिलेगी। हालांकि ट्रांसफॉर्मर शुरू होने में जून तक का समय लेगा।आलम यह है कि बढ़ती गर्मी के साथ जारी बिजली कटौती से लोग परेशान है। राजधानी समेत आस पास के ग्रामीण इलाकों में बिजली की लोड शेडिंग से लोगों की परेशानी बढ़ी हुई। जहां गर्मी में लोगों को पानी के लिये तरसना पड़ रहा है। वहीं, बिजली की कमी से रोजमर्रा के कामों में भी असर देखा जा रहा है।



बिजली लोड शेडिंग का आलम ये है कि कुछ इलाकों में एक एक घंटे के अंतराल में बिजली दी जा रही है। वहीं, कुछ इलाकों में एक बार में ही चार पांच घंटे बिजली काटी जा रही है। बिजली की इस आंख मिचौनी से रात में लोगों को अधिक परेशानी होती है। कुछ इलाकों में सुबह या शाम के वक्त कटौती की जा रही है।गर्मी शुरू होने के पहले से ही राज्य में बिजली कटौती को लेकर उर्जा सचिव ने निर्देश जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि अनावश्यक बिजली की कटौती किसी भी क्षेत्र में न की जायें। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बराबर बिजली आपूर्ति की जायें। जिससे लोगों को परेशानी न हो। लेकिन हाल के दिनों में बढ़ती गर्मी के साथ ही बिजली की मांग में भी वृद्धि हो गयी। जिससे बिजली आपूर्ति में समस्या हो गयी है।राजधानी से सटे ग्रामीण इलाकों में उपभोक्ताओं को अधिक परेशानी हो रही है। इन इलाकों में नौ से दस घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। जहां एक बार में तीन से चार घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। जिससे लोगों को काफी मुश्किल हो रही है। बिजली कटौती से परेशान इलाकों की बात करें तो तुपूदाना, हटिया, धुर्वा, अरगोड़ा, रातु रोड, हरमू, किशोरगंज, पिस्का मोड़, पंडरा, कांके, बरियातु, मोरहाबादी, कोकर, कांटा टोली, लोआडीह समेत अन्य इलाकों में बिजली कटौती से लोग परेशान है।

# कारोबारी अमित अग्रवाल का भी बयान दर्ज करेगी ईडी




**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** सेना जमीन घोटाला में ईडी की कार्रवाई लगातार जारी है। इस मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त समेत कई जमीन कारोबारी न्यायिक हिरासत में भेजे जा चुके हैं। इस बीच जो जानकारी मिल रही है उसके मुताबिक ईडी ने सेना जमीन घोटाला मामले में कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल से भी पूछताछ करने वाली है। इस बाबत अमित अग्रवाल को समन किया जाएगा।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ईडी को पुख्ता साक्ष्य मिले हैं कि करमटोली के पास सेना की 4.55 एकड़ जमीन की डील में भी अमित अग्रवाल की भूमिका थी।

इस डील में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश ने ही जगतबंधु टी इस्टेट नाम की कंपनी के लिए जमीन हथियाने की साजिश रची थी। यह कंपनी कारोबारी अमित अग्रवाल की ही है। सूत्रों के मुताबिक अब तक हुई पड़ताल के आधार पर पूरी साजिश से जुड़े कई साक्ष्य ईडी के हाथ लगे हैं।इस मामले में दिलीप घोष से ही पूछताछ की तैयारी चल रही है। ईडी ने 10 मई को दिलीप घोष को हाजिर होने के लिए समन दिया था, लेकिन बीमारी का हवाला देकर वह एजेंसी के दफ्तर में नहीं पहुंचे थे। आपको बता दें कि दिलीप घोष जगतबंधु टी इस्टेट कंपनी के निदेशक हैं। वह अमित अग्रवाल के बेहद करीबी भी हैं। पिछले साल 4 नवंबर 2022 को ईडी की टीम ने दिलीप घोष के ठिकानों पर भी छापेमारी की थी। उसी दिन अमित अग्रवाल के कोलकाता स्थित आवासों पर भी ईडी ने दबिश दी थी। उस वक्त एक दूसरे केस में अमित अग्रवाल जेल में बंद थे।ईडी सूत्रों के मुताबिक सेना जमीन घोटाले का मास्टरमाइंड प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल हैं। दोनों ने मिलकर फर्जी डीड तैयार करवाया था।

सेना की जमीन की सरकारी वैल्यू 20 करोड़ थी। लेकिन बिक्री महज 7 करोड़ में हुई थी। ईडी इस बात का खुलासा भी कर चुकी है कि इस डील के तथाकथित जमीन मालिक बने प्रदीप बागची के खाते में महज कुछ लाख रु ही जमा कराए गये थे। जाहिर है कि अमित अग्रवाल से पूछताछ के बाद कई और सफेदपोश के जांच की जद में आने की संभावना जतायी जा रही है।

## कोर्ट ने लालू यादव का पासपोर्ट रिलीज करने का दिया आदेश



**रांची** :बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद के अध्यक्ष लालू यादव ने सीबीआई कोर्ट से पासपोर्ट रिलीज करने की अनुमति मांगी थी। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इसके लिए उन्होंने अपने अधिवक्ता अनंत कुमार विज के माध्यम से याचिका दाखिल की थी। सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसके बाद कोर्ट ने लालू यादव का पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दे दिया।बता दें कि लालू यादव चारा घोटाला के अलग-अलग मामलों में दोषी करार दिये गये हैं। उन्हें हाईकोर्ट से बेल मिली है। फिलहाल वह जमानत पर हैं। जमानत की शर्त के मुताबिक, उनका पासपोर्ट कोर्ट में जमा रखना है। लेकिन कोर्ट की अनुमति से ही वह अपना पासपोर्ट ले सकते हैं और इस्तेमाल कर सकते हैं।

कल्लू यादव की हत्या के लिए मिले थे तीन लाख रुपये

# जमीन कारोबारी अनिल यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपी ने किया सरेंडर




- सुनील यादव ने नाटकीय ढंग से कोर्ट में सरेंडर किया
- जमीन विवाद की वजह से सुनील यादव ने कल्लू यादव की हत्या की साजिश रची थी

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** जमीन कारोबारी अनिल कुमार उर्फ कल्लू यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुनील यादव ने आज शनिवार को कोर्ट सरेंडर कर दिया है। सुनील यादव ने नाटकीय ढंग से कोर्ट में सरेंडर किया। गौरतलब है कि बीते तीन मार्च को टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आरा गेट के पास स्थित एक हार्डवेयर दुकान में कल्लू यादव बैठा हुआ था। उसी दौरान शूटर अभिषेक उसके पास गया और कल्लू यादव पर गोली चला दी। घायल कल्लू यादव को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी।पुलिस के मुताबिक, जमीन विवाद में कल्लू यादव की हत्या करवायी गयी थी। उसकी हत्या के लिए सुपारी के तौर पर एक मोटी रकम का भुगतान किया गया था। कल्लू यादव की हत्या बिहार स्थित फुलवारी शरीफ के रहने वाले अपराधी अभिषेक कुमार पासवान उर्फ छोटू ने की थी। छोटू को इसके लिए तीन लाख रुपये मिले थे। टेक्निकल सेल की मदद से शूटर अभिषेक को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया था। जमीन विवाद की वजह से सुनील यादव ने कल्लू यादव की हत्या की साजिश रची थी।

## एसएसपी ने 11 पुलिस अधिकारियों का किया तबादला

रांचीः रांची एसएसपी किशोर कौशल ने 11 पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसके संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार को सुखदेव नगर का थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं लोअर बाजार थाना प्रभारी संजय कुमार को अरगोड़ा थाना प्रभारी बनाया गया है। वेंकटेश कुमार को चुटिया थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस केंद्र में पदस्थापित आलोक कुमार को यातायात लालपुर थाना प्रभारी बनाया गया है। अरविंद कुमार सिंह को जगन्नाथपुर थाना प्रभारी बनाया गया है। दयानंद कुमार को लोअर बाजार थाना प्रभारी बनाया गया है। जगन्नाथपुर थाना में प्रतिनियुक्त इम्तियाज अहसन को यातायात थाना प्रभारी कोतवाली बनाया गया है।

# जल जीवन मिशन में गड़बड़ियों पर की गई कार्रवाई की मांग, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लातेहार के बालूमाथ प्रखंड में जल जीवन मिशन के द्वारा की जा रही गड़बड़ियों की शिकायत उपायुक्त लातेहार से की है। अनीता देवी ने विभिन्न गड़बड़ियों की जानकारी देते हुए कहां है कि पहले भी इस संबंध में वहां के पेयजल स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को सूचित किया गया है बावजूद इसके अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई संवेदक अपनी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने उपायुक्त से पहल करते हुए पूरे मामले में कड़ी कार्यवाही करने का अनुरोध भी किया है।निम्न गुणवत्ता का लगाया जा रहा है पानी का पाइप एवं टंकी जीआई की जगह लोहे के एंगल में अल्मुनियम पेंट करके लगाया जा रहा है जल मीनार। बोरवेल की गहराई कम होने के कारण टंकी में नहीं चढ़ पा रहा है पानी 200 फीट की जगह 100 से डेढ़ सौ फीट की की जा रही है गहराई ।उपाध्यक्ष जिला परिषद लातेहार अनीता देवी के क्षेत्र भ्रमण के क्रम में ढेर सारी गड़बड़ियों से संबंधित शिकायतें लोगों के द्वारा बताई गई है । उपाध्यक्ष ने तुरंत संज्ञान लेते हुए पेयजल विभाग के इंजीनियर को बुलाकर और कई पंचायतों में योजनाओं की जांच की जिसमें कई योजनाओं में भारी गड़बड़ी की शिकायत मिली है।बालू खैराही कामेश्वर उरांव के घर के आगे दो घर मे नल नहीं दिया है। ढलाई में सीमेंट का मात्रा इतना कम है कि सीमेंट वाला फाउंडेशन अभी ही टूट रहा है। बालू तुमबागड़ा में पानीटंकी टोंगरी से नीचे लगाया है, जिसके कारण टोंगरी वाला घर तक पानी नहीं पहुंच रहा है । गांव वाले के मना करने के बावजूद भी टंकी बहुत नीचे कर दिया है।तुम्बागड़ा मनोज गंझू के घर के पास टंकी आज तक फुल नहीं हुआ है और कुछ घर में पानी अभी तक नहीं पहुंचा है गांव वाले पानी के लिए परेशान है। कलकलिया कलदेव लोहरा के घर के पास बोरिंग नहीं किया है और जबरदस्ती गांव वाला का पुराना चापाकल जो गर्मी में सूख जाता है, में मोटर डालने का काम ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है।

# झारखंड हाईकोर्ट के पुराने भवन से नए भवन में शिफ्टिंग का काम तेज

- 12 जून से हाईकोर्ट के नए भवन में कोर्ट चलेगी
- भवन से सभी सामानों को नए हाईकोर्ट भवन पहुंचा दिया जाएगा
- हाईकोर्ट के नए भवन का उद्घाटन होना है



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** डोरंडा स्थित झारखंड हाईकोर्ट के पुराने भवन से धुर्वा स्थित हाईकोर्ट के नए भवन में शिफ्टिंग के काम में तेजी आई है। पुराने हाईकोर्ट भवन में करीब 37 सेक्सन जिनमें इस्टैब्लिशमेंट, जुडिशल सेक्शन, लाइब्रेरी, रिकॉर्ड रूम आदि से सामानों, संसाधनों, फाइलों, कंप्यूटर आदि को वाहनों से हाईकोर्ट के नए भवन में ले जाया जा रहा है।

इन संसाधनों को धुर्वा के हाईकोर्ट के नए भवन में सिर्फ ले ही नहीं जाया जा रहा है बल्कि उन्हें सीरियली रखा जा रहा है और सुसज्जित भी किया जा रहा है। ग्रीष्मावकाश के बाद 12 जून से हाईकोर्ट के नए भवन में कोर्ट चलेगी। हाईकोर्ट के ग्रीष्मावकाश में पुराने हाईकोर्ट भवन से सभी सामानों को नए हाईकोर्ट भवन पहुंचा दिया जाएगा।धुर्वा के तिरिल मौजा में 72 एकड़ में बने हाईकोर्ट के नए भवन का उद्घाटन 24 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। सूत्रों के अनुसार शाम 5:00 बजे हाईकोर्ट के नए भवन का उद्घाटन होना है। भारत सरकार के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सहित पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एवं अन्य हाईकोर्ट चीफ जस्टिस को भी इस समारोह में आमंत्रित किया गया है।

हाईकोर्ट के नए भवन में 25 वातानुकूलित कोर्ट रूम, एडवोकेट ब्लॉक, एजी ब्लॉक, टाइपिस्ट ब्लॉक, रजिस्ट्री शाखा, अस्पताल, कैंटीन आदि से सुसज्जित है। इसमें करीब 2000 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था है। राज्य सरकार ने वर्ष 2012 में धुर्वा के तिरिल मौजा में हाईकोर्ट के नए भवन के लिए 165 एकड़ जमीन हस्तांतरित की थी। यह देश का सबसे बड़ा हाईकोर्ट भवन है।

